






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 51

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 02 दिसंबर, 2023


## सदन में योगी वर्सेज अखिलेशः सपा प्रमुख बोले, ये विजनलेस सरकार, सीएम का जवाब, बड़ा हसीन है उनकी जबान का जादू...लगा के आग बहारों की बात करते हैं



# मैं चाहता हूं ये हमेशा विपक्ष में ही बैठें: सीएम योगी



**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन जहां एक ओर नेता प्रतिपक्ष और सपा प्रमुख ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। वहीं, सीएम योगी ने अखिलेश के कार्यकाल पर गंभीर आरोप लगाए। अखिलेश ने कहा कि ये विजनलेस सरकार है। जो कहा वो नहीं करा। ये भाजपा का असली नारा होना चाहिए। क्योंकि सरकार ने कहा था कि एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाएंगे। इस पर सीएम योगी ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि काफी तेजी से बदली है। पहले सिर्फ विकास के नाम पर जनता को ठगा जाता था। गुंडागर्दी होती थी, लोग बीमारी से मर रहे थे।

- **2017 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि काफी तेजी से बदली हैः सीएम योगी आदित्यनाथ**
- **पहले सिर्फ विकास के नाम पर जनता को ठगा जाता था, गुंडागर्दी होती थीः सीएम**

### 2017 से पहले यूपी में सिर्फ गुंडागर्दी और अव्यवस्था थीः सीएम

उन्होंने आगे कहा कि नेता विरोधी दल मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2017 के पहले का यूपी अराजकता, गुंडागर्दी, अव्यवस्था और युवाओं के पहचान के संकट वाला प्रदेश बन गया था। 2017 के बाद लोगों की धारणाएं बदलीं। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। यही परसेप्शन हि प्रदेश की पहचान है। वन ट्रिलियन के लिए हम कार्य कर रहे हैं,अगर प्रदेश की प्रगति होगी तो विपक्ष को भी लाभ मिलेगा। प्रदेश में बजट का आकार बढ़ा है। 2017 से 2022/23 तक हमारा बजट प्रतिवर्ष बढ़ा है। ये अनुपूरक बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है। प्रदेश में जब सरकार बजट लेकर आती है। अपने आय का भी ध्यान रखना होता है। प्रदेश का राजकोषीय प्रबंधन बेहतरीन ढंग से हो रहा है, आज प्रदेश रे वेन्यू सरपलस स्टेट है। आज राज्यकर डेढ़ लाख करोड़ तक पहुंच रहे हैं। स्टाम्प ने आज हम 34 हजार करोड़ तक पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष के आंकड़े वास्तविक नहीं थे। वो अच्छा होमवर्क नहीं कर पाए। उनके पास समय ही नहीं होता। प्रदेश में बैंकों के माध्यम से ऋण वितरित किए गए। आज 5 किमी के क्षेत्र मे बैंकिंग ब्रांच या बैंकिंग सखी के माध्यम कार्य हो रहे हैं। ये आंकड़े आर बी आई बुलेटिन से आपके सामने हैं। किसी मैगजीन से नहीं।

- **कानपुर, नोएडा, आगरा, लखनऊ सब जगह मेट्रो समाजवादियों की देन हैः अखिलेश**
- **जो कहा-वो नहीं करा, ये भाजपा का असली नारा होना चाहिएः अखिलेश यादव**

### इंसेफलाइटिस सपा सरकार के दौर का उदाहरण है

उन्होंने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में 2017 के पहले और बाद की स्थिति देखिए, आज उत्तरप्रदेश वन डिस्ट्रीक्ट वन मेडिकल कॉलेज की ओर जा रहा है, 17 के पहले न दवा थी, न डॉक्टर थे। सरकार ने जो रिफार्म किए उसके परिणाम सामने आएंगे। भारत सरकार के आयुष्मान योजना में उत्तरप्रदेश नंबर एक स्थान पर है। इंसेफलाइटिस सपा सरकार के दौर का उदाहरण है। वो भी गरीब दलित शोषित के बच्चे थे। 50 हजार गरीब बच्चो की मौत हुई। हमारे लिए वो बच्चे हमारी अमानत है। भविष्य है। हम इंसेफलाइटिस से लड़े आज हम इससे मुक्त हो गए हैं। इनको फुरसत ही नहीं थी, बच्चे तड़पते थे।

### हम 11 लाख गोवंश का संरक्षण कर रहे

उन्होंने कहा कि हम 11 लाख गोवंश का संरक्षण कर रहे हैं। इनके लिए बजट में तीन हजार करोड़ रुपए है। मैं समझता हूं, इनकी चिंता गोवंश की नहीं बुचड़खानों के लिए है। नेता विरोधी दल को बता दूं जानकारी दुरुस्त कर लें। 2017 के पहले इनको विरासत के सम्मान की नहीं थी। इनको चिंता कब्रिस्तान के लिए थी।

### नेता प्रतिपक्ष ने गरीब की पीड़ा देखी नहीं

उन्होंने कहा कि हमारे उत्तर प्रदेश के नौजवान को अब कही जाना नहीं पड़ेगा। पहले कहा जाता था जहां से अंधेरा मिले वहीं से जानो उत्तर प्रदेश है। सड़क में जहां से गड्ढे मिले वहीं से जानो उत्तर प्रदेश है। नेता प्रतिपक्ष ने ठीक से पढ़ा नहीं अगर पढ़ा होता तो ऐसी बात न कहते। हमने कार्य के अंतर्गत होने के कार्यों के लिए अलग से पैसा नहीं मांगा। नेता प्रतिपक्ष की पीड़ा वीआईपी कल्चर की समाप्ति को लेकर भी होगी। क्योंकि, गरीब की पीड़ा उन्होंने देखी ही नहीं। जब हम इनको गिनवाने लगेंगे, तो ये मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे।

### ये सरकार खुद दिखा रही कि ये स्मार्ट सिटी नहीं बना पाएगीः अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने कहा कि अनुपूरक बजट क्यों? पिछले बजट का लगभग 63प्रतिशत पैसा खर्च नहीं हुआ है। आखिरी ये अनुपूरक बजट क्यों चाहिए? नया बजट भी आएगा। ये विजनलेस सरकार है। जो कहा-वो नहीं करा। ये भाजपा का असली नारा होना चाहिए। क्योंकि सरकार ने कहा था कि एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाएंगे। ये सरकार कहती कुछ है और करती कुछ और है। स्मार्ट सिटी का सपना दिखाया था। अनुपूरक बजट में कहीं जगह है स्मार्ट सिटी का। अब ये सरकार खुद दिखा रही कि ये स्मार्ट सिटी नहीं बना पाएगी। ये रोड़ा अटकाने वाली सरकार है।

### लखनऊ में मेट्रो वहीं तक चल रही, जहां तक सपा ने बनवायाः अखिलेश यादव

कानपुर, नोएडा, आगरा, लखनऊ सब जगह मेट्रो समाजवादियों की देन है। तब की दिल्ली सरकार ने मेट्रो दिया, तब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। लखनऊ में आज भी मेट्रो जहां तक सपा के लोगों ने बनाई, वहीं तक जाती है... काम आगे नहीं बढ़ पाया। गोरखपुर में मेट्रो नहीं बन पा रहा है तो नाला बना दो। मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि हम लोग गोरखपुर की मेट्रो में कब बैठेंगे।

### वितमंत्री मुख्यमंत्री को गुमराह करते हैंः अखिलेश यादव

ये आंकड़े मांगते है। एक मैगजीन के आंकड़े बताता हूं... आप की अर्थव्यवस्था की जब तुलना अन्य प्रदेश से होती है तो आपका स्थान 18वां आता है। डबल इंजन की सरकार है तो देखना चाहिए। वित्तमंत्री मुख्यमंत्री को गुमराह करते हैं।

### आज अस्पतालों की इमरजेंसी पर दलाल खड़े हैंः अखिलेश यादव

अस्पतालों की इमरजेंसी पर आज दलाल खड़े हैं जो प्राइवेट में मरीजों को लेकर चले जाते हैं। सरकार का कोई भी नुमाइंदा किसी भी अस्पताल में चली जाए, दूसरे अस्पताल में मैं खुद जाना चाहता हूं। देखिए आज अस्पतालों की क्या हालत हैं। ये अस्पतालों को प्राइवेट करना चाहती है। प्राइवेट पार्टनरशिप में मेडिकल कॉलेज को देने की कोशिश की जा रही है। अगर किडनी ट्रांसप्लांट करानी है तो ऑनलाइन बताना पड़ता है। ये सरकार लखनऊ से दिल्ली और दिल्ली से मुंबई तक मेडिकल कॉलेजों का प्रचार करती है। जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार वाले राज्य की सूची से ही उत्तर प्रदेश बाहर हो गया। क्योंकि ये चाहते हैं कि लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाएं। स्वास्थ्य क्षेत्र में आपका बजट मात्र 174 करोड़ है।

### लखनऊ में कैंसर इंस्टीट्यूट को सरकार डायरेक्टर नहीं दे पाईः अखिलेश यादव

नेता सदन भी जानते होंगे या उनके पास जो जनता दरबार में या फिर मदद मांगने के लिए लोग आते होंगे, तो कैंसर के इलाज के लिए ही पैसे मांगे जाते हैं। लखनऊ से लोग कैंसर के इलाज के लिए दिल्ली तक जाते हैं। लखनऊ में एक बड़ा कैंसर इंस्टिट्यूट बनाया गया, लेकिन सरकार इंस्टीट्यूट को डायरेक्टर नहीं दे पाई। ब्रजेश पाठक पर तंज कसते हुए कहा- नॉर्थ इंडिया की मशीन का उद्घाटन करके आए। आप प्राईवेट हॉस्पिटल का उद्घाटन करके आए, उसका प्रचार करके क्यों आ रहे हैं।

## उत्तराखंड की सुरंग में फंसे हुए यूपी के आठ मजदूर पहुंचे लखनऊ, सीएम से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में फंसे उत्तर प्रदेश के श्रमिकों की सकुशल वापसी के बाद उनसे और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनका हाल भी जाना और मुश्किल घड़ी में श्रमिकों ने किस तरह इसका सामना किया इसके विषय में उनके अनुभवों को भी सुना। सीएम योगी ने कहा कि प्रसन्नता हो रही है कि टनल हादसे में फंसे उत्तर प्रदेश के सभी श्रमिक सकुशल वापस लौटे हैं और अब अब आप सभी अपने घरों को जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर मुश्किल समय में अपने लोगों के लिए खड़ी है और खड़ी रहेगी। इस दौरान सीएम योगी ने सभी श्रमिकों के साहस और धैर्य की सराहना भी की। उन्होंने सभी श्रमिकों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें मिठाई और उपहार भी प्रदान किए।

### श्रमिकों ने सीएम का जताया आभार

श्रावस्ती के जय प्रकाश ने कहा कि सीएम योगी से मिलकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने जिस तरह हौसला बढ़ाया है उससे बहुत मोटिवेशन मिला है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद पहले दिन टनल में बहुत मुश्किल हुई थी, लेकिन जब पता चला की बाहर सभी लोग उन्हें बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं तो उम्मेद बांध गई थी। लखीमपुर खीरी के मंजीत ने कहा कि सीएम योगी से मुलाकात बहुत अच्छी रही। उनसे मिलकर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। कभी नहीं सोचा था की एक दिन सीएम योगी से मिल सकूंगा। मिर्जापुर के अखिलेश कुमार ने कहा की योगी सरकार की ओर से उनकी सकुशल वापसी के जो प्रयास किए गए, उससे हम सभी बहुत खुश हैं। इससे पहले सीएम योगी से मुलाकात को लेकर सभी श्रमिक खासे उत्साहित नजर आ रहे थे।

### श्रमिकों ने सीएम को दी टनल में बिताए मुश्किल समय की जानकारी

मुलाकात के दौरान एक श्रमिक ने बताया कि जब हादसा हुआ तो हमें लगा कि ऑक्सीजन पाइप में कुछ डैमेज हुआ है। हम जब आगे गए तो देखा सामने से मलबा आ रहा है। फिर हमारा हिम्मत टूट गया। उन्होंने बताया कि जिस जगह हम फंसे थे, उस जगह टनल की लंबाई ढाई किमी तक थी और चौड़ाई 14 मीटर थी। टनल में इतनी ऑक्सीजन थी कि हम दो-तीन दिन तक वहां रह सकते थे, बाकी कंपनी और सरकार ने बहुद मदद की। अगर बाहर से खाने-पीने की सामग्री और ऑक्सीजन की सप्लाई बंद हो जाती तो हमारा जीवन भी बंद हो जाता। उन्होंने बताया कि कंपनी और सरकार ने ऐसी व्यवस्था की थी कि अंदर एक मिनट भी लाइट नहीं गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से जब एक अधिकारी ने अंदर उनसे बात की तो पता चला कि सिर्फ भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार ही नहीं, बल्कि हमारे प्रदेश की सरकार भी हमें बचाने के लिए मुस्तैद है तो हम सब यूपी वालों को बहुत तसल्ली मिली। बातचीत के दौरान श्रमिकों ने भी प्रदेश सरकार की ओर से किए गए प्रयासों के लिए सीएम का धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने सभी श्रमिकों से ये भी जाना कि वो कब से उत्तराखंड की इस टनल में काम कर रहे हैं। साथ ही सीएम ने श्रमिकों के परिजनों से भी बातचीत की और उनकी स्थिति के विषय में जाना।



### ज्ञानवापी मामले में अब पांच दिसंबर को होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस | प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर में वैज्ञानिक सर्वे को लेकर अंजुमने इंतजामिया मसाजिद और सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए पांच दिसंबर की तिथि तय की है।

## सभी प्रकार के भवनों को करनी होगी पार्किंग की व्यवस्था, शासनादेश जारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

शहरी क्षेत्र में पार्किंग की समस्या का समाधान करने के साथ ही ऑनलाइन नक्शा पास करने और भवन निर्माण से संबंधित अन्य मानकों को सरल कर दिया गया है। इसके लिए आवास विभाग तैयार भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 (यथा संशोधित) में संशोधन कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने बृहस्पतिवार को इससे संबंधित शासनादेश जारी कर दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 (यथा संशोधित) में संशोधन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इसी कड़ी में आवास विभाग ने इसका शासनादेश जारी किया है। नई व्यवस्था के मुताबिक शहरों में सभी प्रकार के भवनों में पार्किंग की व्यवस्था को अनिवार्य होगा। साथ ही ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की व्यवस्था करने वाले को एक मंजिला अतिरिक्त निर्माण की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही कम जमीन पर अब स्कूल व अस्पताल खोलने का नक्शा भी पास किया जाएगा । बहुमंजिला इमारतों और व्यवसायिक संस्थानों में आए दिन होने वाले शार्ट सर्किट की रोकथाम के लिए तारों की एमबी भी मानक के अनुसार लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

## अब 3 नहीं 4 दिसंबर को होगी मिजोरम में वोटों की गिनती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मिजोरम विधानसभा के आम चुनाव के लिए मतगणना की तारीख में बदलाव किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में जानकारी दी है। आयोग ने बताया कि मतगणना की तारीख को तीन दिसंबर, 2023 (रविवार) से संशोधित करके 4 दिसंबर, 2023 (सोमवार) कर दिया गया है। आयोग ने यह भी बताया कि यह कदम राज्य के कई क्षेत्रों से आए उन प्रस्तावों के बाद उठाया गया है, जिनमें मतगणना की तारीख को 3 दिसंबर, 2023 (रविवार) से किसी अन्य सप्ताह के दिन में बदलने का अनुरोध किया गया था। प्रस्तावों में कहा गया था तीन दिसंबर, 2023 को रविवार होने के कारण मिजोरम के लोगों के लिए खास महत्व है। बता दें कि इससे पहले जारी चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक, मिजोरम के साथ ही अन्य चुनावी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में तीन दिसंबर को वोटों की गिनती होनी थी। अब मिजोरम के संदर्भ में यह तारीख एक दिन आगे बढ़ गई है।

### मिजोरम के समीकरण?

पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा की 40 सीटें हैं। इस बार राज्य में कुल 174 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। यहां 7 नवंबर को सभी 40 सीटों पर मतदान कराया गया था। सत्ताधारी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट के मुखिया और मुख्यमंत्री जोरमथंगा राजधानी आइजोल की आइजोल पूर्व-1 सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां एमएनएफ के अलावा लालदुहोमा की पार्टी जोरम नेशनलिस्ट पार्टी भी मैदान में है। लालदुहोमा सेरछिप सीट से ताल ठोक रहे हैं।

## राम मंदिर लोकार्पण पर 9 दिन भक्ति में सराबोर रहेगा उत्तर प्रदेश

**जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा**

- **प्रदेश के सभी प्रतिष्ठित मंदिर और मठों में अखण्ड रामायण, रामचरितमानस और हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन होगा**
- **14 जनवरी, 2024 मकर संक्रांति से लेकर राम मंदिर का लोकार्पण, 22 जनवरी 2024 तक होंगे आयोजन**

**लखनऊ।** रामनगरी अयोध्या में राम मंदिर लोकार्पण के लिए जोरदार तैयारियां चल रही हैं। समारोह को यादगार बनाने के लिए प्रदेश भर में 9 दिन भव्य भक्तिमय समारोह होंगे।

14 जनवरी, 2024 मकर संक्रांति से लेकर राम मंदिर के लोकार्पण 22 जनवरी, 2024 तक लगातार प्रदेश के प्रतिष्ठित मंदिरों में रामायण, रामचरितामनस और हनुमान चालिसा का पाठ होगा। योगी सरकार इसके लिए पूरी तरह से जुटी हुई है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का लोकार्पण कार्यक्रम होगा। हर जिले में जिला पर्यटन और संस्कृति परिषद के माध्यम से स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसमें कई कार्यक्रम शामिल होने वाले हैं। प्रदेश के सभी प्रतिष्ठित मंदिर और मठों में अखण्ड रामायण, रामचरितमानस और हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन होगा। इसके लिए हर जनपद में स्थापित उत्तर प्रदेश पर्यटन और संस्कृति परिषद के माध्यम से स्थानीय कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। इस पर आने वाला व्यय का भुगतान पर्यटन और संस्कृति विभाग द्वारा किया जाएगा।


**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11**

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## सीबीएसई बोर्ड एग्जाम का ग्रेडिंग सिस्टम बदला, अब परसेंटेज नहीं, सिर्फ ग्रेड पॉइंट्स मिलेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन अब 10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट में परसेंटेज यानी एग्रीगेट मार्क्स जारी नहीं करेगा। इसके अलावा अगले साल से रिजल्ट के साथ डिवीजन (फर्स्ट, सेकंड या थर्ड डिवीजन) और डिस्टिंक्शन भी जारी नहीं की जाएगी। अब रिजल्ट में सिर्फ कम्युलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज यानी ग्रेड पॉइंट्स ही मिलेंगे। रिजल्ट से परसेंटेज हटाए जाने के फैसले पर सीबीएससी के एग्जामिनेशन कंट्रोलर संयम भारद्वाज ने कहा कि ऐसा करने से ट्रेडिशनल ग्रेडिंग सिस्टम खत्म होगा। अब हम सभी सब्जेक्ट्स के मार्क्स को जोड़कर परसेंटेज निकालकर रिजल्ट कैलकुलेट करने की बजाय हर सब्जेक्ट में स्टूडेंट ने कैसा परफॉर्म किया है इस पर फोकस करना चाहते हैं। इसका मतलब ये है कि ओवरऑल परसेंटेज की बजाय अब हर सब्जेक्ट के लिए अलग-अलग ग्रेड दिए जाएंगे और उनके एवरेज से सीजीपीए कैलकुलेट किया जाएगा। एक जैसे ग्रेडिंग सिस्टम होने से एडमिशन देने वाले इंस्टीट्यूट्स को आसानी होगी। किसी भी इंस्टीट्यूट को मेरिट लिस्ट तैयार करने के लिए परसेंटेज को किसी भी और यूनिट में बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### कोई इंस्टीट्यूट चाहे तो एडमिशन प्रोसेस के लिए खुद परसेंटेज कैलकुलेट कर सकता है

अगर किसी स्टूडेंट ने 5 से ज्यादा सब्जेक्ट्स लिए हों और इंस्टीट्यूट में एडमिशन प्रोसेस के लिए परसेंटेज होना जरूरी है तो स्टूडेंट के चुने गए सब्जेक्ट्स में से बेस्ट ऑफ फाइव सब्जेक्ट्स चुनकर उस ग्रेड पर एडमिशन देने की जिम्मेदारी इंस्टीट्यूट की होगी। संयम भारद्वाज ने यह भी कहा कि हमारे पास कई बार बोर्ड एग्जाम में रिजल्ट जारी करने के लिए परसेंटेज कैलकुलेट करने का क्राइटेरिया बताने और इसमें बदलाव करने की रिक्वेस्ट आ चुकी है। इसके बाद हमने ग्रेडिंग के तरीके में बदलाव करने का फैसला लिया है।

### एक्सपर्ट्स बोले, बच्चों की मेंटल हेल्थ के लिए पॉजिटिव कदम लिया गया

एकेडमिक एक्सपर्ट्स ने सीबीएसई के इस फैसले को सही बताया है। फरीदाबाद के मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर संयोगिता शर्मा ने इस फैसले की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा करने से बच्चों पर रिजल्ट और अच्छा परफॉर्म करने का प्रेशर कम होगा। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, नेप 2020 के तहत भी हम इसी लक्ष्य पर काम कर रहे हैं कि बच्चों के लिए पढ़ाई को पहले से ज्यादा मजेदार और सरल बनाया जा सके। एग्जाम और रिजल्ट का बच्चों की मेंटल हेल्थ पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे में ये एक पॉजिटिव चेंज है। इससे अब स्टूडेंट्स सिर्फ मार्क्स के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि ओवरऑल लर्निंग पर भी ध्यान दे पाएंगे।

### 2023 में सीबीएसई ने नहीं जारी की थी मेरिट लिस्ट, टॉपर्स के नाम

पिछले साल बच्चों पर रिजल्ट का प्रेशर कम करने के लिए सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के रिजल्ट डिक्लेयर करते हुए मेरिट लिस्ट जारी नहीं की थी। वहीं, बोर्ड की तरफ से 10वीं और 12वीं के टॉपर्स की घोषणा भी नहीं की गई थी।

### 2024 में 55 दिनों तक चलेंगे सीबीएसई बोर्ड एग्जाम

2024 में 15 फरवरी से 10वीं के एग्जाम और 17 फरवरी से 12वीं के बोर्ड एग्जाम शुरू होने हैं। 10वीं का आखिरी पेपर 21 मार्च को और 12वीं का लास्ट पेपर 10 अप्रैल को होगा। इस साल जुलाई 2023 में ही सीबीएसई ने नोटिफिकेशन जारी कर बता दिया था कि इस साल 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम करीब 55 दिनों तक चलेंगे। एग्जाम 15 फरवरी, 2024 को शुरू होंगे और 10 अप्रैल, 2024 तक चलेंगे।

## सड़क से लेकर सदन तक गूंजा शिक्षकों के हकों का मामला

**लखनऊ।** प्रदेश में माध्यमिक व बेसिक शिक्षकों से जुड़ा मामला शुक्रवार को सड़क से सदन तक गूंजा। एक तरफ जहां शिक्षकों ने विधानसभा घेराव का प्रयास व सड़क पर धरना-प्रदर्शन कर सभा की। वहीं एक दूसरे संघ ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर धरना दिया। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश भर में बीआरसी पर धरना दिया। जबकि शिक्षक नेताओं ने विधानसभा व विधान परिषद में उनसे जुड़े मुद्दे उठाए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) ने एडेड विद्यालयों के तदर्थ शिक्षकों की बहाली, उनका बकाया वेतन जारी करने, एनपीएस घोटाले की सीबीआई जांच व पुरानी पेंशन बहाली के लिए पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विधान सभा घेराव का प्रयास किया।

# थाने में पिटाई से बेटे की हुई मौत मां ने लगाया पुलिस पर गंभीर आरोप

**मोबाइल चोरी की बात कह दरोगा व सिपाही ने घर में घुस युवक के साथ की थी पिटाई**

जन एक्सप्रेस। बांदा



रेल पटरियों पर मिले शव को युवक द्वारा आत्महत्या कर लेने की बात बताने वाली पुलिस अब स्वयं संदेह के घेरे में आ गई है। मृतक युवक की मां व बहन ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में स्थानीय पुलिस पर मोबाइल चोरी के आरोप में बेटे को थाने ले जाकर मार डालने का गंभीर आरोप लगाया है। दरोगा व सिपाही पर घर में घुसकर युवक की बेरहमी से पिटाई करने का भी आरोप है। अलबत्ता एसपी से शिकायत होने के बाद से स्थानीय पुलिस में खलबली मची हुई है वहीं मामले को दबाने की हर कबायत जोरों पर है।
प्रहलाद सिंह का पुरवा राजनगर अतर्रा निवासी महिला कल्ली पत्नी हरिबाबू वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बच्चों के भरण-पोषण हेतु वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करती है। घर पर उसका बेटा लवकुश वर्मा रहता रहा है। पिछली 20 तारीख को अतर्रा थाने के दो पुलिस कर्मी उसके घर पहुंचे और अंदर घुसकर उसके बेटे लवकुश वर्मा को उन्होंने बुरी तरह से मारा-पीटा, जिससे उसके मुंह से खून निकलने लगा था। इसके उपरांत दोनों पुलिस कर्मी पुत्र को लेकर मारते-पीटते मोटरसाइकिल में बैठाकर थाने ले आए थे। इस बात का पूरा मोहल्ला गवाही दे रहा है। इसके बाद अगले दिन 21 तारीख को जीआरपी पुलिस उनके घर पर पहुंचती है और बेटे द्वारा ट्रेन में कटकर आत्महत्या कर लिए जाने की जानकारी पड़ोसियों को देती है। जिस पर मोहल्ले के रामस्वरूप व संध्या थाने जाकर लवकुश के बारे में जानकारी मांगती है तो स्थानीय पुलिस द्वारा उसे छोड़ दिए जाने का गोलमाल जवाब देकर उन दोनों को वहां से भगा दिया गया। महिला कल्ली व मृतका की बहन गुड़िया ने लवकुश को स्थानीय पुलिस द्वारा मार देने का आरोप लगाते हुए दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज किए जाने व सस्पेसन की कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। इस सम्बन्ध में अपर एसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता के द्वारा कार्यवाही से मना करने पर लवकुश को थाने से शाम को छोड दिया गया था जिसको थाने में लगे सीसी कैमरे में देखा गया है। आगे जांच की जायेगी जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही होगी।

### पुलिस ने कस्टडी में लेकर युवक को छोड़ते वक्त क्यों नहीं दी सुपुर्दगी



बांदा। मृतका लवकुश वर्मा की मां का कहना है कि जब पुलिस उसके बेटे को घर से पकड लाई थी तो छोड़ते वक्त उसे किसी के सुपुर्द क्यों नहीं किया गया।

### पुलिस को युवक के साथ मारपीट करने का किसने दिया अधिकार

बांदा। महिला द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में पुलिस पर घर में घुसकर बेटे को मारने पीटने का आरोप लगाया है। अगर आरोप सही हैं तो पुलिस को मारपीट करने का अधिकार कहां से मिल गया। जब पुलिस पकड कर लाई थी तो मौके पर मौजूद लोगों को विश्वास में क्यों नहीं लिया। पुलिस का मृतक के घर पर तांडव करना कितना जायज हो सकता है।

## विश्व एड्स दिवस पर किया गया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसमें गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को इस भयावह बीमारी के प्रति सचेत किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फरूख इनाम सिद्दीकी ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित प्राथमिक चिकित्सालय शहरी क्षेत्र में विश्व एड्स एचआईवी दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि एड्स एचआईवी के बारे में समाज में तमाम तरह की भ्रांतियां हैं। इस वजह से इससे पीड़ित लोगों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। इस बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। जिसमें इसकी रोकथाम, बचाव और परीक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है।
मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के आयोजन का उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए इस लाइलाज बीमारी के प्रति आगाह करना है। यह एक बेहद खतरनाक बीमारी है। जिससे बचाव ही इसका इलाज है। इस बीमारी में शरीर का इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है और बीमारियों से बचाव नहीं कर पाता है। एड्स एचआईवी वायरस से संक्रमित होने से होता है। इस मौके पर जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ दयाशंकर, ज्ञानचन्द्र शुक्ला समेत सम्बन्धित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## जिला कारागार में हेपेटाइटिस आउट रीच कैंप का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला कारागार में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत हेपेटाइटिस आउट रीच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 65 लक्षणयुक्त कैदियों की हेपेटाइटिस की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ डिप्टी जेलर रजनीश सिंह ने फीता काटकर किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि कैंप में 65 लक्षणयुक्त कैदियों की हेपेटाइटिस की जांच कराई गई। इसमें एक रोगी हेपेटाइटिस बी धनात्मक पाया गया। इसके आगे की जांच के लिए ब्लड सैंपल मेडिकल कॉलिज बांदा भेजी गई। इस मौके पर जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ अरुण पटेल, डॉ रामानुजम, जिला एपिडेमियोलॉजी डॉ बिलाल अहमद आदि मौजूद रहे।

## कोल्ड डायरिया का बढ़ा प्रकोप, युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। बांदा

दिसम्बर माह में ठंड का असर लोगों पर हावी होने लगा है। कोल्ड डायरिया की चपेट में आये एक युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। जबकि बुखार और कोल्ड डायरिया से पीड़ित 12 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों ने बदलते मौसम में शतर्क रहने की हिदायत दी है। नवम्बर माह तो किसी तरह गुजर गया लेकिन दिसम्बर का महीना ठंड के मामले में खतरनाक साबित हो रहा है। गिरवां थाना क्षेत्र के सरस्वाह गांव निवासी दीपू सिंह (28) पुत्र जयपाल को गुरूवार की दोपहर को कोल्ड डायरिया से पीड़ित होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान शुक्रवार की दोपहर दीपू की मौत हो गयी। युवक की मौत हो जाने से घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रोते-बिलखते परिजन बेटे का शव लेकर घर चले गये। इधर कोल्ड डायरिया और बुखार से पीड़ित होने पर 12 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें निधी (21) आवास विकास, केशकली (65) नगनेधी, अंशिका (1) काशीपुर मटौंध, जितेंद्र (18) हमीरपुर, राज (10) शुकुलकुंआ शामिल हैं। यह सब बुधार से पीड़ित है। कोल्ड डायरिया से पीड़ित अंजना (32) बबेरू, उपेश (38), कुसमा (60) निवासी मुरवा गिरवां, मयंक (12) महोखर, दीपू गुप्ता (24) नवगवां नरैनी, विनोद (45) बबेरू, सतीश (45) निवासी बंगालीपुरा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मानक विहीन बालू खनन पट्टे के विरोध में किसानों का पैदल जत्था लखनऊ रवाना

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

जनपद के फिरोजपुर कटरी में कृषि योग्य भूमि पर बालू खनन का प्रस्तावित पट्टा न करने व पूरी प्रक्रिया निरस्त करने की मांग को लेकर किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल पैदल यात्रा शुरु किया। पैदल यात्रा करके किसान मुख्यमंत्री से भेंट करके पट्टा प्रकिया के निरस्तीकरण, खनिज न्यास अनियमितता की मांग रखेगे। किसानो की पैदल यात्रा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, बुंदेलखंड राष्ट्रीय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय की अगुवाई मे लखनउ रवाना हुआ। जनपद के पतित पावनी माँ गंगा के तट पर स्थित फिरोजपुर कटरी में बालू खनन के नाम पर हुए पट्टे को निरस्त करने की मांग ग्रामीण किसानों द्वारा लगातार विगत 3 माह से हो रही है किन्तु खनन विभाग व जिला प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से क्षुब्ध किसानों ने पूर्व घोषणा के अनुसार किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल आज मुख्यमंत्री से मिलने के लिये पैदल लखनउ रवाना हुआ। इस खनन पट्टे से सरकार को एक वर्ष में मात्र 35 लाख रुपये का ही राजस्व मिलेगा। जबकि भूमिहीन किसानों द्वारा, इस जमीन से 35 लाख रुपये से अधिक की फसलें, पैदा कर लोगों का पेट भरने का काम होता है। जिन अधिकारियों ने इस खनन पट्टे पर सहमति दिया है उन अधिकारियों ने इस विषय पर चिंतन ही नहीं किया।

# चेतना महाअभियान के तहत महिला कार्यकर्ता घर-घर चलाएं संपर्क अभियान: अनिल यादव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भारतीय जनता पार्टी ने चित्रकूट इण्टर कॉलिज में शुक्रवार को महिला मोर्चा द्वारा चेतना वोटर महाअभियान के तहत कैंप लगाया गया। नये वोटर चेतना अभियान के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सम्बन्धित फॉर्म भरवाए, महिला मतदाता जोड़े जा रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि यह आपकी वोट की ताकत है कि आज केन्द्र और प्रदेश में सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के आधार पर समावेशिता और एकता की नीति पर कार्य करने वाली भ्रष्टाचार मुक्त सरकार प्रधानमंत्री और प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कार्य कर रही हैं। आपके वोट का ही परिणाम है कि देश में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से पिछले 9 वर्षों में अतुलनीय कार्य हुए हैं। जिला प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि महिला मोर्चा द्वारा आज जो कैंप लगाया गया है, नए मतदाता जोड़ने के लिए ज्यादातर महिलाओं को वोटरों को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि चेतना महाअभियान में महिला कार्यकर्ता घर-घर संपर्क अभियान चलाएं। प्रत्येक घर की दहलीज और प्रत्येक गांव की चैपाल तक महिला कार्यकर्ता पहुंचे। नए मतदाताओं से संपर्क करके उन्हें पार्टी से जोड़ें। 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से दूसरी जगह निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या काटने का कार्य तथा दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करना है।
महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि महाअभियान में पार्टी के प्रत्येक महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि की सहभागिता सुनिश्चित होगी। वोटर चेतना महाअभियान से लोकसभा चुनाव में विजय आसान होगी। इस मौके पर दिनेश तिवारी, आलोक पांडेय, रणवीर सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी अर्पित जायसवाल, विनीत द्विवेदी, अखिलेश रैकवार, सुखेंद्र सिंह, हीरो मिश्रा, राखी चौबे, आराधना यादव आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने किया कोतवाली कर्वी का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शुक्रवार को कोतवाली कर्वी का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में भ्रमण कर निर्माणाधीन आवास, विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय एवं आवासीय परिसर का निरीक्षण कर कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक को साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्माणाधीन आवास की कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आवासीय परिसर एवं कोतवाली परिसर की सड़कों की मरम्मत करवाने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ गुलाब त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अजीत कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### धारा 144 लागू

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि हिन्दू पंचांग के अनुसार दिसम्बर 2023 से फरवरी 2024 के मध्य क्रिसमस डे, गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती आदि पर्व पड रहे हैं। इसके अतिरिक्त माह दिसम्बर, 2023 से फरवरी, 2024 के मध्य कक्षा नवीं से इण्टर मीडिएट तक षटमासिक, विश्वविद्यालयी सेमेस्टर तथा आईटीआई परीक्षाएं आयोजित होती है। माह फरवरी, 2024 में समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा-2023 आयोजित होना प्रस्तावित है। इन त्योहारों, परीक्षाओं के अवसर पर कतिपय असामाजिक एवं आपराधिक शरारती, आंतकवादी तत्वों द्वारा जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को दूषित करने की कुचेष्टा की जा सकती है। ऐसे में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत असामाजिक अराजक तत्वों एवं आंतकवादी गतिविधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाना नितान्त आवश्यक है। ऐसे में 1 दिसम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक की अवधि के लिए यदि इससे पहले वापस न ले लिया जाय, सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दिया गया है।

### विशेष अभियान आज से

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 में आलेख्य निर्वाचक नामावलियां 9 दिसम्बर तक प्रकाशित रहेंगी। आयोग के निर्देशानुसार दावे, अपत्तियां प्राप्त करने के लिए निर्धारित 6 विशेष अभियान तिथियों में से 2 व 3 दिसम्बर की विशेष अभियान तिथि अवशेष है। विशेष अभियान तिथियों में निर्वाचक नामावलियां समस्त सम्बन्धित मतदान केन्द्रों, बूथ लेबिल अधिकारियों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में जनसामान्य के निःशुल्क निरीक्षण तथा दावे, आपत्तियां प्राप्त करने के लिए उपलब्ध रहेंगी। विशेष अभियान तिथियों में समस्त बूथ लेबिल अधिकारी तथा पदाभिहित अधिकारी अपने से सम्बन्धित मतदान स्थलों पर उपस्थित रहेंगे।

## जिला करागार में क्षय रोग का हुआ परीक्षण 13 बन्दियों का लिया गया बलगम नमूना

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रिय क्षय रोगी खोजी अभियान के तहत् कारागार में भी टीबी रोगी खोजे जा रहे हैं। इस क्रम में कारागार के 1018 बंदियों की स्क्रीनिंग किया गया। जिनमें से 13 संभावित क्षय रोगियों के बलगम का नमूना भी लिया गया। सभी बंदियों को टीबी के लक्षण और बचाव के बारे में जागरूक किया गया।
एनटीईपी के जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रशांत नरायण ने बताया कि जिन लोगों को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आए, बलगम के साथ खून आए, रात के समय पसीना आना, लगातार वजन कम होना और भूख न लगने जैसे लक्षण दिखें तो उन्हें टीबी की जांच अवश्य करवानी चाहिए। इन लक्षणों को छुपाएं नहीं, क्योंकि इससे अन्य लोग भी संक्रमित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि केवल फेफड़ों की टीबी ही संक्रामक होती है और संक्रमित व्यक्ति के कपड़े, तौलिया या खाना साझा करने से यह नहीं फैलती है। यह छींकने या खाँसने से फैलती है। इसलिए टीबी मरीज को मास्क का उपयोग करना चाहिए और खुले में नही थूकना चाहिए। समय से टीबी रोगी के पहचान होने और इलाज शुरू हो जाने से तीन सप्ताह बाद संक्रमण की आशंका नहीं रहती है। अगर टीबी मरीज का इलाज न हो तो वह एक वर्ष में दस से पंद्रह स्वस्थ लोगों को भी संक्रमित कर सकता है। उन्होंने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत् टीबी मरजों को पोषण के लिए 500 रुपये की राशि इलाज चलने तक उनके बैंक खाते में भेजी जाती है। सभी सरकारी अस्पतालों पर टीबी जांच की सुविधा उपलब्ध है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशांत शहाबुद्दीन ने बताया कि जिला कारागार में पहले से ही तीन टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है। करागार स्थित अस्पताल से ही टीबी मरीजों को दवा खिलाई जाती है। इस बार के एसीएफ अभियान में जिले में अब तक 1211 सैंम्पल लिये जा चुके हैं और उनमें से 43 नये टीबी रोगी मिले है। सभी का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण कर इलाज शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक राकेश, मो. नसीम, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अजीत सिंह, मुकुल, सौरभ, प्रवीण सिंह मौजूद रहे।

## यातायात समापन कार्यक्रम में वाहन चालकों को किया हेलमेट वितरण



जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

खागा, फतेहपुर। यातायात माह के समापन पर सुल्तानपुर घोष चैराहे पर सूक्ष्म कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम मे बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पुलिस क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन राव एवं थानाध्यक्ष ने हेलमेट व फूल भेंट किया।
वही वाहन चालको को यातायात नियमो के प्रति जागरुक किया गया। यातायात समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी ब्रज मोहन राय ने कहा कि यातायात माह में जागरुकता अभियान चलाने का मतलब यह है कि, ज्यादा से ज्यादा लोगों को यातायात नियमों का पालन करें। जिससे दुर्घटनाये कम हो और सुरक्षित अपने बच्चो के पास पहुँच सके। नियमों का पालन करने वाले हादसों का शिकार कम ही होते हैं। साथ ही वह अन्य वाहन चालकों के लिए भी बड़ा संदेश देते हैं।
थानाध्यक्ष सुल्तानपुर घोष राजेन्द्र त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया एवं बताया कि, पहले के मुकाबले अब लोग नियमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। कार्यक्रम में संबोधन के बाद सीओ व थानाध्यक्ष ने बिना हेलमेट पहन कर वाहन चलाने वालों को हेलमेट गिफ्ट किया।
साथ ही हेलमेट पहन कर वाहन चलाने वालों को फूल देकर धन्यवाद किया और आवहन् किया कि अन्य वाहन चालको को भी जागरुक करके निमो को पालन करने के लिए प्रेरित करे। समापन कार्यक्रम में बडी सख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित रहे और लोगो को जागरुक किया।

## कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर हैं स्कूली बच्चे

जन एक्सप्रेस। बांदा



वैसे तो बच्चे देश का भविष्य होते हैं किन्तु सिर्फ बातों में। शुक्रवार को ब्लाक महुआ के सहेवा गांव से निकलने के दौरान देखा कि बच्चे कीचड़ से होकर विद्यालय जा रहें हैं। वहीं ग्रामीण बाबू मिश्रा से पूछने पर उन्होंने कहा कि ये तो हल्की बारिश का असर है अगर बारिश तेज हो गई तो यहां से महीनों निकलना मुश्किल हो जाता है वहीं पर उपस्थित समाजसेवी सुमित शुक्ला ने कहा कि कन्या पाठशाला भाग 1 को जाने वाली सड़क हल्की गहरी व कीचड़ युक्त रहती है जिम्मेदार लोग या अधिकारी इस ओर ध्यान ही नहीं दें रहें ना ही सड़क पर पड़े कीचड़ की सफाई होती हैं और नहीं सड़क का मरम्मतीकरण हों रहा है।
बारिश में लोग तो इस सड़क से निकलना ही बंद कर देते हैं किन्तु बच्चों की मजबूरी है अगर उन्हें पढ़ना है तो कीचड़ से होकर ही गुजरना पड़ेगा और यही हाल प्राथमिक विद्यालय का भी है।
समाजसेवी सुमित शुक्ला ने कहा कि अगर जल्द ही यहां पर सफाई नहीं होती तथा सड़क का मरम्मतीकरण नहीं होता तो सवर्ण आर्मी टीम के साथ मिलकर जिलाधिकारी को इस समस्या से अवगत करायेंगे।

# दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि से किया गया सम्मानित

**नटराज संगीत महाविद्यालय में मनाया गया 14वां दीक्षांत समारोह**

जन एक्सप्रेस। बांदा



नटराज संगीत महाविद्यालय में 14वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। जिसमें प्रभाकर गायन वादन नृत्य लोक विद्या के स्नातक पर स्नातक उपाधियों का वितरण किया गया। विद्या प्रत्येक कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले गौरवशाली छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि सचिव/ निर्देशक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति विभाग, लखनऊ तथा अध्यक्षता कर रहे डॉ0 चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित, विशिष्ट अतिथि डॉ0 भानु प्रताप सिंह, डॉ0 शिवप्रकाश सिंह, सबल सिंह पूर्व क्रीड़ा अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों को अंक पत्र, उपाधियों को प्रदान कर सम्मानित किया। गौरवशाली कला विद्यार्थियों में फाइन आर्ट चतुर्थ वर्ष में सौम्या व अलका विश्वकर्मा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। गायन प्रथम वर्ष में अनिकेत शुक्ला व महक सैनी ने, गायन द्वितीय वर्ष में सृष्टि शुक्ला गायन तृतीय वर्ष में अंशिका नामदेव, गायन चतुर्थ वर्ष में शैलजा खरे तथा गायन पंचम वर्ष में इशित्वा परी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर गौरव प्राप्त किया। इसी प्रकार तबला वादन में प्रथम वर्ष में प्रमोदित मिश्रा द्वितीय वर्ष में कृष्ण कुमार व रवि प्रकाश, तृतीय वर्ष में नितिन कुमार चतुर्थ वर्ष में मनीष कुमार तथा पंचम वर्ष तबला वादन में अंशराज मिश्रा व प्रकाश तिवारी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करके गौरव प्राप्त किया। कथक नृत्य की प्रथम वर्ष की छात्रा वेदांशी बाजपेई, द्वितीय वर्ष की छात्रा आराध्या सिंह मौर्य, तृतीय वर्ष की छात्रा शैलजा पटेल व सौम्या सिंह, चतुर्थ वर्ष की छात्रा आद्या तिवारी व काव्या पाटिल तथा पंचम वर्ष कथक की छात्रा अपूर्वा मोदी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर गौरव प्राप्त किया। इसी प्रकार स्नातक उपाधि प्रभाकर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तबला वादन के छात्र अनिकेत प्रताप नामदेव ने नटराज गौरव का सम्मान प्राप्त कर गौरवान्वित किया तथा शिवांशी गुप्ता ने प्रभाकर कथक नृत्य में व आशीष तिवारी ने गायन में प्रभाकर उत्तीर्ण कर गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र सक्सेना डॉक्टर मनोज कुमार, स्वदेश तिवारी पूर्व सैनिक, ठाकुरदास शर्मा, चंद्र प्रकाश, अनुपमा त्रिपाठी नृत्य विभाग, देवांशी गुप्ता परफॉर्मिंग आर्ट डांस, योगेश सिन्हा पर्यवेक्षक, पुष्पा, सुमन सहित सैकड़ों अविभावक रहे। संचालन दीनदयाल सोनी ने किया तथा आभार प्राचार्या अनुराधा सिंह तथा अतिथियों का अभिवादन संस्थान निदेशक डॉ0 धनंजय सिंह ने किया।

## घर के बाहर खेल रहे बालक को लोडर ने मारी टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** घर के बाहर खेल रहे बालक को तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे गम्भीर रूप से बालक घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत भाग निकला। मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान बालक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
कालिंजर थाना क्षेत्र के सढ़ा गांव निवासी अशोक (10) पुत्र मुन्नालाल गुरूवार की शाम को घर के बाहर खेल रहा था। तभी वहां से बालू भरे लोडर ने अशोक को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वहां से भाग निकला। घायल बालक को परिजनों ने मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया।

**उत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| निलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-AY-WRL-65-23-2 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| कार्य का नाम | Management and Operation of cloak Rooms |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.11.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2023 समय 13:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2023 समय 13:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3778/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कानपुर नगर एक्सप्रेस
www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ। शनिवार। 02 दिसंबर 2023



### मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 02 दिसम्बर, 2023 को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 22.6 (-1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.4 (+2.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 75 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

कोर्ट से मिली राहत तो प्रकट हुए आशू दिवाकर

# सपा मुखिया अखिलेश यादव के सिपह सालार राजा रामपाल यादव ने अपने साथियों संग की है बाबू सिंह की हत्या ?

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर/ विष्णू राठौर



कानपुर नगर। थाना चकेरी क्षेत्र में रहने वाले किसान बाबू सिंह की आत्महत्या मामले में आरोपी बनने के बाद लगातार 80 दिनों से पुलिस की गिरफ़्तारी से बचने के लिए भाग रहे आशू दिवाकर बीते दिन शुक्रवार को अचानक से कोर्ट से राहत मिलने के बाद प्रकट हुए और उनके द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान खबर नविशों के सामने बड़े ही गंभीर आरोप समाजवादी पार्टी के शीर्ष पदाधिकारी पर लगाते हुए यहां तक कह डाला गया कि बाबू सिंह यादव आत्महत्या नहीं कर सकते हैं बल्कि उनकी हत्या की गई है और हत्यारे और कोई नहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव के सिपहसालार राजा रामपाल समेत अन्य हैं। आशू दिवाकर के इस कथन ने शहर ही नहीं राजधानी तक में सनसनी फैला दी है। ज्ञातव्य हो कि बीते लगभग तीन माह पहले थाना चकेरी क्षेत्र में निवास करने वाले किसान बाबू सिंह यादव का शव रेलवे पटरी पर पड़ा पाया गया था, मृतक की जेब से जो सुसाइड नोट निकला था उसमें आत्महत्या का कारण भाजपा नेता आशू दिवाकर के साथ-साथ अन्य को दर्शाया गया था, थाना चकेरी में एफआईआर दर्ज होते ही कुछ आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया था लेकिन आशू दिवाकर फरार चल रहे थे, इस मामले को पूर्ण रूप से राजनीतिक रंग इसलिए दे दिया गया था क्योंकि आशू दिवाकर भाजपा से जुड़े बड़े नेता थे, आशू दिवाकर को अपनी मां की जान से भी हांथ धोना पड़ा कारण यह था की मां के बीमार होने के बाद भी आशू दिवाकर अपनी मां से मिलने नहीं आए और जब घर कुर्क होने की बारी आई तो उनकी मां यह सदमा बर्दाश्त ना कर सकी और उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए, 80 दिनों के बाद जब कोर्ट से आशू दिवाकर की गिरफ्तारी पर लटक रही तलवार से राहत मिली तो आशू दिवाकर ने पत्रकारों के समक्ष वार्ता करते हुए बताया कि किसान बाबू सिंह यादव ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उनकी हत्या समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं में शामिल पूर्व सांसद राजा रामपाल व नरेंद्र यादव समेत अभिमन्यु गुप्ता ने की है, उन्होंने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को चैलेंज करते हुए कहा है कि बड़े स्तर पर जांच करवा ली जाए अगर वह खुद आरोपी निकलते हैं तो वह अपनी सारी दौलत बाबू सिंह के परिजनों को दे देंगे अगर दोषी राजा रामपाल और उनके साथी निकलते हैं तो फिर अखिलेश यादव अपनी संपत्ति का एक तिहाई हिस्सा ही बाबू सिंह यादव के परिजनों को दे दें। इस मामले में राजा रामपाल समेत अन्य लोगों का बयान लेने का प्रयास किया गया लेकिन बयान लेना संभव नहीं हो पाया अगर यह सभी जिन पर आरोप लगा है अपना पक्ष जन एक्सप्रेस को देंगे तो जन एक्सप्रेस उसे भी प्रकाशित करेगा।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटा, सवारी घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सवारी से भरा तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर शुक्रवार को पलट गया, इस दौरान हादसे में बैठी सवारी घायल हो गई मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराया और 112 नंबर डायल कर पुलिस को दी, सूचना मौके पर पहुंचीं पुलिस ने ऑटो कब्जे में लिया है वहीं पुलिस ऑटो की नंबर प्लेट के आधार परऑटो चालक की तलाश कर रही है। सचेंडी निवासी आकांक्षा कुशवाहा ने बताया कि शुक्रवार को डेढ़ साल बच्चे का इलाज कराने के लिए अपने परिवार सहित भौति बाईपास से ऑटो किया सभी लोग कल्याणपुर के लिए निकले इस दौरान ऑटो चालक तेज रफ्तार से ऑटो चला रहा था घटना होने के भय से सवारी ने कहा कि ऑटो धीरे चलाओ अनसुनी कर वह पुनः तेज रफ्तार कर चलने लगा लोधेश्वर मंदिर के आगे कुछ दूरी पर पहुंचने पर सवारी से भरा ऑटो पलट गया घायल सवारियों को देख ऑटो चालक मौके से फरार हो गया वहीं राहगीरों ने घटना को देख घायलों को उठाया जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने प्राथमिक उपचार कराने के बाद 112 नंबर डायल किया घटना की जानकारी मिलने पर पनकी रोड चौकी प्रभारी सत्येंद्र रावत सत्येंद्र ने घटना स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली और ऑटो को कब्जे में लिया इस दौरान घायल आकांक्षा के पति अमित कुशवाहा ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ पनकी रोड चौकी में दिया शिकायती पत्र पनकी रोड चौकी प्रभारी सत्येंद्र रावत ने बताया कि ऑटो चालक की तलाश की जा रही है।

## महापौर ने गुमटी बाजार का निरीक्षण कर इंजीनियर और ठेकेदारों को जमकर लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । भरत पाण्डे



**क्या बोलीं महापौर प्रमिला पाण्डेय**

गुमटी बाजार शहर का बहुत पुराना बाजार है, ठेकेदारों के मुताबिक डाट नाला सही होने में अभी लगभग एक महीने का वक्त लगेगा, जिसको मेरे द्वारा 10 दिन में समस्या निवारण करने के निर्देश दिए गए हैं, जनता की समस्या को लेकर हर 15 दिनों में मेरे द्वारा बैठक की जाती है, शहर के सभी खुले मैनहोल के ढक्कन लगाने के दिशा निर्देश भी बैठक में दिए गए हैं।

शहर के प्राचीन गुमटी बाजार में बीते दिनों धंसा डॉट नाला अब तक सही नहीं हो सका है, जिसको लेकर जहां एक तरफ पूरे बाजार का व्यापार ठप्प है, वहीं व्यापारी कई बार नगर निगम के चक्कर काटकर जल्द कार्यवाही की मांग कर चुके हैं, इससे व्यापारियों का नुकसान हो रहा है और यातायात भी प्रभावित हो रहा है इसी को लेकर व्यापारियों में भी रोष बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते महापौर प्रमिला पाण्डेय की ओर से गुमटी बाजार का निरीक्षण किया गया, जहां पर पहुंचकर उन्होंने इंजीनियर और ठेकेदारों को जमकर फटकार लगाइ है, फिलहाल महापौर द्वारा अधिकारियों को 10 दिन में समस्या निवारण के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के बाद महापौर प्रमिला पाण्डेय बेनाझाबर स्थित जलकल मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करने पहुंची और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पीपीएन डिग्री कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रोटरी क्लब कानपुर नॉर्थ, एचडीएफसी बैंक एवं पीपीएन कॉलेज द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन पीपीएन डिग्री कॉलेज में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व रोटरी मंडल अध्यक्ष रो.दिनेश चंद्र शुक्ला एवं प्रधानाचार्य पीपीएन कॉलेज प्रो.अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा एड्स के विषय में ली जाने वाली सावधानियो के बारे में जानकारी दी गई। एनएस एस के संचालक ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने व एनएसएस के वेरिएंट्स ने लाल रिबन लगाकर लोगों को एड्स के खतरे एवं सावधानियां के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब कानपुर नॉर्थ के अध्यक्ष रो.अनुज तिवारी, महामंत्री रो.मयंक गुप्ता, प्रेसिडेंट इलेक्ट रो.निशांत बडेरा, रो.डॉ.नीतिका तिवारी, आदि मौजूद रहे।

## भाजपा पार्षद ने पुलिस कमिश्नर से की थाना फजलगंज क्षेत्र में अवैध तरीके से गाड़ियां रोजाना काटने की शिकायत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में एक भाजपा पार्षद ने नगर के थाना फजलगंज क्षेत्र स्थित गड़रियन समेत अन्य क्षेत्रों में अवैध रूप से गाड़ी काटने वालों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है बीते दिन वार्ड 20 से भाजपा के पार्षद नीरज कुमार रक्सेल अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पुलिस कमिश्नर डॉक्टर आर के स्वर्णकार से मिलने पहुंचे इस दौरान भाजपा पार्षद ने एक ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन पत्र में स्पष्ट रूप से पार्षद के द्वारा बताया गया है कि थाना फजलगंज क्षेत्र स्थित वार्ड 20 के गड़रियन पुरवा क्षेत्र स्थित,स्लाटर चौराहा, गोल्ड स्पॉट रोड, केसा के ठीक सामने गली में, सरेश बाग,रेलवे लाइन पापुलर धर्मकांटा आदि क्षेत्रों में बड़े स्तर पर प्रात 4 बजे से लेकर प्रातः 9 बजे तक प्रतिदिन आधा सैकड़ा से अधिक छोटी बड़ी गाड़ियां चोरी चोरी चुपके चुपके काटी जाती हैं, अधिकतर जितनी भी गाड़ियां कटती हैं इन गाड़ियों के संबंध में इनके पास कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होते हैं, यह भी अवगत कराना है कि यह लोग बड़े-बड़े वाहन जिन पर फाइनेंस होता है वह भी काटते हैं अभी हाल ही में दूसरे जनपदों की पुलिस ने अवैध रूप से कटान करने वाले कबाड़ियों को गिरफ्तार किया था और उन्हें जेल भी भेजा था, क्षेत्रीय जनता ने भी मौखिक रूप से शिकायत दर्ज कराई है, कुछ संभ्रांत व्यापारियों ने भी कार्यालय में आकर गोपनीय रूप से मुझे अवगत कराया है, संपूर्ण मामला सुनने के बाद पुलिस कमिश्नर ने फजलगंज पुलिस को तत्काल ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। ज्ञापन देने वालों में भाजपा पार्षद नीरज कुमार रक्सेल के साथ-साथ भाजपा नेता अजीत श्रीवास्तव, अधिवक्ता राकेश सिद्धार्थ आदि दर्जनों लोग शामिल रहे।

## एड्स बीमारी के प्रति जागरूकता जरूरी :डॉ.रश्मि सिंह



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा शुक्रवार 1 दिसंबर को वर्ल्ड एड्स डे के रूप में मनाया गया। एड्स समाज में एक भयानक समस्या का स्थान ले चुकी है। एडस एक ऐसी बीमारी है जिसका पहला एवं महत्वपूर्ण निदान जानकारी है जिसको लेकर आज के दिन विभिन्न संस्थाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम मे सबसे पहले छात्राओं द्वारा सभी शिक्षकों को रेड रिबन लगाया गया। संगोष्ठी में डॉ.रश्मि सिंह ने सभी छात्राओं को इस बिमारी के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अर्चना सिंह ने भारत में इस रोग से प्रभावित रोगियों की संख्या एवं स्थिति से अवगत कराया। वही कार्यक्रम अधिकारी इकाई 3 डॉ.रश्मि सिंह ने बताया कि एड्स बीमारी के प्रति जागरूकता एवं उसकी पहचान अवश्य होनी चाहिए तभी उसको सही करना संभव है। कार्यक्रम के दौरान गृह विज्ञान की एनएसएस की छात्रायें एवं शिक्षिकाएँ डॉ.रीमा, डॉ.सुमायल, पूजा निगम, सर्वेश पाण्डेय, बबीता आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय और पुलिस दोनों को गुमराह कर रहा है आशू दिवाकर : जे.सी.पी.

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर के चकेरी थाना क्षेत्र में बीते लगभग तीन माह पहले हुए किसान बाबू सिंह आत्महत्या मामले में मुख्य आरोपी आशू दिवाकर ने ये दावा किया है कि घटनाक्रम में शुरू से आशू दिवाकर पुलिस के सम्पर्क में था और अभी तक पुलिस के सम्पर्क में ही है। यह आरोप शुक्रवार को मृतक की बेटी रूबी यादव ने लगाया था। हालांकि इस मामले में जेसीपी आनन्द प्रकाश तिवारी का कहना है कि आशू दिवाकर न्यायालय और पुलिस दोनों को ही गुमराह कर रहा है। मृतक किसान बाबू सिंह के परिजन शुक्रवार को जेसीपी से मिलकर मुख्य आरोपी की पुलिस के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने की मांग की हैं और इस मामले में अबतक पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट जाहिर की है। इस संबंध में जेसीपी आनन्द प्रकाश तिवारी का कहना है कि आरोपी आशू दिवाकर पुलिस और न्यायालय को गुमराह कर रहा है। इससे पूर्व में आरोपी आशू दिवाकर ने कुछ पुलिस अधिकारी के संपर्क में होने की बात कह अस्पताल में भर्ती होने की झूठी बात कही है। आरोपी सजा से बचने के लिए भरपूर कोशिश कर रहा है लेकिन पुलिस कहीं से भी उसके बचने की कोई गुंजाइश नहीं रखेगी।

## विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के बीच हुआ एमओयू



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के बीच शुक्रवार को एक एमओयू हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक सहयोग के सामान्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, और आवश्यक ज्ञान व कौशल प्रदान करने के लिए अकादमिक सहयोग रहा। यह एमओयू पाठ्यक्रम विकास, अनुसंधान पहल, संकाय विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त सेमिनार और सम्मेलन आयोजित करने सहित विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा। जिससे दोनो संस्थान कंपनी सचिवीय प्रथाओं के क्षेत्र में कुशल और सक्षम पेशेवरों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम बनेगे। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि यह एमओयू शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हमारी संयुक्त प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिससे छात्रों और उद्योग को बड़े पैमाने पर लाभ होगा।

## विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक का किया गया मंचन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को एमबीबीएस पैरा 2 के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता एवं नाटक का मंचन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य एड्स से बचने के उपायो की उपयोगिता के लिए जागरूक करना और एड्स से संबंधित जो भ्रांतियां समाज में फैली हुई है उनसे बचने के सुझाव देना रहा। इस प्रतियोगिता में विभागाध्यक्ष द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एस के वर्मन सहित सभी संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सामाजिक संगठनों ने गरीबों को बांटे गर्म कपड़े

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

खुशी फाउंडेशन, हमारा कानपुर सामाजिक संस्था, अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन जिला कानपुर और रोटेरैक्ट क्लब कानपुर स्टार के साथ संयुक्त रूप से नए व पुराने कपड़ों का वितरण 1दिसंबर शुक्रवार रेमंड शॉप, गोपाल टॉकीज के पास पी रोड में किया गया, विदित है कि सर्दियां शुरू हो गई हैं और कई जरूरतमंद लोग ऐसे हैं जिनके पास ज्यादा कपड़े पहनने के लिए कपड़े नहीं होते हैं इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर इन चारों संस्थाओं ने आपस में मिलकर सहयोग किया और जरूरतमंदों तक जरूरत के समान को पहुंचाया कपड़ों के अलावा बैग, पर्स, चिप्स के पैकेट, टिफिन बॉक्स, चादर, कंबल,कोट भी वितरित किए गए इसमें अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के जिला अध्यक्ष और खुशी फाउंडेशन के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी दीपक अग्रवाल हमारा कानपुर के अध्यक्ष और अखिल भारतीय के महामंत्री वरिष्ठ समाजसेवी राजीव अग्रवाल महिला जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महा संगठन, अध्यक्ष आकृति फाउंडेशन विनीता अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी जिमी भाटिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन जिला कानपुर अनूप गुप्ता, विनीत अग्रवाल, सीमा गुप्ता, प्रीती महेश्वरी, राकेश महाजन, रचना महाजन, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल जैन,संजीव पांडे, रमेश चंद्र ,ओम प्रकाश, मनोज सक्सेना, नवीन बाला आनंद, मकसूद खान का पूरा सहयोग रहा

## पुलिस लाइन में मान प्रणाम परेड का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के पुलिस कमिश्नर आर.के.स्वर्णकर द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन में मान प्रमाण परेड का आयोजन किया गया, जिसका उददेश्य यूपी पुलिस के कर्मचारियों और उनकी सुविधाओं को किसी प्रकार की कोई कमी न हो, था। इस दौरान उन सभी सुविधाओं का भी कमिशन द्वारा निरीक्षण किया गया जो पुसिल कर्मचारियों को लिए मुहैया की गयी। शुक्रवार की सुबह पुलिस आयुक्त ने पुलिस लाइन पहुंचकर मान प्रमाण परेड में शिरकत करते हुए मान प्रणाम ग्रहण किया तथा वहा विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होने गार्ड रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और उससे सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए डायल 112, मैस तथा पुलिस बैरिक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय तथा पुलिसउपायुक्त दक्षिण के साथ ही अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चार और पांच दिसम्बर को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आने वाले सप्ताह के पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण चार और पांच दिसम्बर को तेज हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। बीते दिन शुक्रवार को 3.8 मिली मीटर वर्षा हुई है यह मौसम विभाग का पूर्वानुमान है उक्त ताजा अपडेट शुक्रवार की शाम चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय के द्वारा दी गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार दिन में अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सापेक्षिक आर्द्रता की बात की जाए तो अधिकतम 96 प्रतिशत और न्यूनतम 70 फीसदी सापेक्षिक आर्द्रता रही। हवा की औसत गति 3.7 किलोमीटर प्रति घंटा रही और हवा की दिशा दक्षिण पूर्व रही और कानपुर मण्डल के आस–पास 3.8 मिली मीटर वर्ष का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिक के द्वारा बताया कि बंगाल की दक्षिण-पूर्व खाड़ी के ऊपर स्पष्ट रूप से चिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र पिछले 12 घंटों के दौरान पश्चिम उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया और एक अवसाद में केंद्रित हो गया। यह आज 1 दिसंबर को 0530 बजे द्वस्ज्ञ पर दक्षिण-पूर्व और निकटवर्ती दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में 9.1 उत्तर अक्षांश और 86.4 डिग्री पूर्व देशांतर पर केंद्रित है। पुडुचेरी से लगभग 790 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व, चेन्नई से 800 किमी दक्षिण पूर्व, बापटला से 990 किमी दक्षिण पूर्व और मछलीपट्टनम से 970 किमी दक्षिणपूर्व। यह पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ना जारी रख सकता है और 2 दिसंबर तक एक गहरे दबाव में तब्दील हो सकता है और 3 दिसंबर को बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। इसके बाद यह उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा और 4 दिसंबर की शाम के आसपास चक्रवाती तूफान के रूप में चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तट को पार कर सकता है। उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक चक्रवाती परिसंचरण बंगाल की दक्षिण-पश्चिमी खाड़ी और निकटवर्ती दक्षिण श्रीलंका के ऊपर समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। महाराष्ट्र तट के पास पूर्वोत्तर अरब सागर पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना है।

## रेवना कोतवाल लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के घाटमपुर सर्कल क्षेत्र के रेवना थाने का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें पुलिस की वर्दी और कुर्सी दोनों को अपमानित होना पड़ा। जी हां पूरा मामला रेवना थाने का है, जहां पर थाना प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी को महिला डेस्क पर तौलिया और बनियान में कुर्सी पर बैठना भारी पड़ गया, फोटो सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर जब वायरल हुआ तो उन्हें कानपुर के पुलिस आयुक्त द्वारा लाइन हाजिर कर दिया गया है। जहां इस वायरल मामले की जम कर आलोचना भी हुई है वही कानपुर कैमिशनर के इस एक्शन पर लोगो ने उनकी तारीफ़ भी की है।

# विश्व एड्स दिवस पर झंडी दिखाकर कर रैली को किया रवाना

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसम्बर को स्वशासी राज्य मेडिकल कालेज सुल्तानपुर के गेट से अभिषेक सिन्हा अपर जिला जज सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर, डा.ओम प्रकाश चैधरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डा. सलिल श्रीवास्तव प्राचार्य मेडिकल कालेज द्वारा हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया गया। रैली में सीएमएस डा. एसके गोयल कार्यक्रम अधिकारी एड्स जिला क्षय रोगी अधिकारी डा.आरके कन्नौजिया के नेतृत्व में रैली मेडिकल कालेज गेट से होते हुए केनरा बैंक मोड़ से चैक, शाहगंज चैराहा, डाकखाना चैराहा होते हुए निकली। रैली में मुख्य रूप से रामराजी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर शाहगंज की क्षात्राएं प्राचार्य रेखा सिंह के सहयोग से अध्यापकगण नमिता अग्रहरि एवं नरेंद्र कुमार चैहान की



देखरेख में एड्स का ज्ञान बचाये जान, हम सबने ठाना है, एड्स को दूर भगाना है, अपने रिश्ते के प्रति रहिये ईमानदार, नही तो बनेंगे एड्स के भागीदार, एड्स से लड़ने के उपाय अपनाओ, इस बीमारी को दूर भगाओ, एड्स पीड़ितों का रखो मान आदि नारों के साथ विश्व एड्स दिवस पर चला जागरूकता अभियान, आओ मिलकर कसम खाएं -एड्स को दूर भगाये, एड्स दिवस पर है, ये नारा -एड्स मुक्त हो राष्ट्र हमारा, टीबी हारेगा -देश जीतेगा, दो सप्ताह से खांसी, बुखार, भूख कम लगना वजन घटने का लक्षण आये -नजदीक के अस्पताल में मुफ्त बलगम जाँच कराएं इत्यादि नारों के साथ रैली का समापन तिकोनिया पार्क में किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के कार्यालय पर इस अवसर पर एचआईवी एड्स को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आइसीटीसी में एआरटी प्रभारी डा.अफसार अहमद द्वारा एक जागरूकता कैम्प भी लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएमएस महिला डा.आरके यादव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.लालजी, डा.आमिर, डीपीएम संतोष एवं टीबी क्लिनिक के पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, पीपीएम फहीमअहमद, डीपीसी विवेक मिश्रा, डीपीटीसी पंकज तिवारी, लैब पर्यवेक्षक के.के. तिवारी, सिबिनाट एलटी रणवीर यादव, विनय पाण्डेय, जुबेर अहमद, प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही, हर्षित सिंह एवं समस्त स्टाफ पीपीटीसी की दीपशिखा मिश्रा, एसटीआई की काउंसलर सीमा श्रीवास्तव, सत्यनारायण सिंह, अवनीश सिंह, बलराम पाल, अस्मिता तिवारी, प्रभात सिंह, पायल, प्रनीत, सपना, अर्चना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालेंटियर सतीश पांडेय, योगेश यादव, सुनील राठौर 'सोनू' फ़िरदौस बानो आदि लोगों ने रैली में प्रतिभाग करने के साथ सहयोग किया।

# रेल ट्रैक पर युवती की मिली लाश दुर्घटना और आत्महत्या में उलझी गुत्थी

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

अयोध्या-प्रयागराज रेल ट्रैक पर युवती की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। कूरेभार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल किया और शव की पहचान कराने में जुटी है। मामला प्रेम प्रसंग में धोखा खाने से आहत होकर आत्महत्या का सामने आ रहा है। हालांकि हर पहलू पर पुलिस जांच कर रही है। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या-प्रयागराज रेल मार्ग पर फूलपुर गांव की है। जहां शुक्रवार को अज्ञात युवती की लाश रेल ट्रैक पर पाई गई। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौत हुई है ऐसा कहा जा रहा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर कूरेभार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू किया। अब तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। घटना को लेकर संशय बरकार है कि ये आत्महत्या है फिर दुर्घटना पुलिस इस पहलू पर जांच कर रही है। वही स्थानीय लोगों की माने तो घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर पुलिस को एक फटी हुई डायरी पेड़ के नीचे से मिली है। जिस पर किसी शुभम नाम के लड़के का नाम लिखा है। धोखा शब्द का भी उल्लेख डायरी पर है।

यही नहीं फोन नंबर भी उस पर लिखा था जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

# कार और बस की टक्कर में पिता-पुत्री की दर्दनाक मौत, कई घायल

**जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर**

रोडवेज बस और कार में जोरदार टक्कर से कार सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। कार को कटर और जेसीबी की मदद से काटकर घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा गया है। कार में एक ही परिवार केलोग सवार थे सुलतानपुर से प्रतापगढ़ आ रही कार व कुण्डा से प्रतापगढ़ की ओर जा रही रोडवेज बस में जेठवारा के सराय आनादेव में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। हादसे में पिता पुत्री की मौत हो गई। कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे।

हादसे के बाद जेठवारा पुलिस और स्थानीय लोग पहुंचे। कटर और जेसीबी बुलाकर कार काटकर घायलों को बाहर निकाला गया। जिसमें मरने वाले पिता पुत्री बताये जा रहे। कार सवार घायलों आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज के राजा प्रताप



बहादुर अस्पताल भेजा गया। डीएम संजीव रंजन और एसपी सतपाल अंतिल, सीएमओ डा. जी. एम. अस्पताल में हाल जानने पहुंचे। मृतक सुलतानपुर के गभड़िया के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### छात्रा से छेड़छाड़ में आरोपी को 5 साल और सह आरोपी को 3 साल की सजा

सुल्तानपुर। कादीपुर में पांच वर्ष पूर्व स्कूल जाते छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले मुख्य आरोपी को कोर्ट ने दोषी मानते हुए 5 वर्ष और सह आरोपी को 3 वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर 22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता को दी जाएगी।

सरकारी वकील रमेशचंद्र सिंह ने बताया कि कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की छात्रा अपनी चचेरी बहन के साथ 20 अगस्त 2018 को स्कूल जा रही थी। रास्ते में गांव के जितेंद्र व मेराज ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की थी। गुहार पर छात्रा का भाई बचाव के लिए पहुंचा तो आरोपियों ने मारपीट कर उसे चोट पहुंचाई थी। सरकारी वकील रमेशचंद्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद करीब एक माह तक पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा था। एसपी के आदेश पर 21 सितंबर 2018 को केस दर्ज हुआ था। छात्रा की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी छात्रा से रंजिश रखने लगे। 3 नवंबर 2019 को आरोपी जितेंद्र ने दो अन्य आरोपियों के साथ कोचिंग से लौटते समय छात्रा के साथ दोबारा छेड़छाड़ की थी। छात्रा ने आरोपियों के खिलाफ फिर केस दर्ज कराया था।सरकारी वकील रमेशचंद्र सिंह ने 9 गवाहों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी जितेंद्र को दोषी माना और पांच वर्ष की सजा व 17 हजार रुपये जुर्माना और आरोपी मेराज को 3 वर्ष की सजा व 5 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

### विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक द्वारा विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन व प्रभारी सचिव शिल्पी रानी के मार्गदर्शन में आज जिला चिकित्सालय, रायबरेली में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली द्वारा विशेष जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 महेन्द्र मौर्या के द्वारा बताया गया कि पूरा विश्वं आज 1 दिसंबर को एड्स दिवस के रुप में मना रहा है। एड्स ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस (भ्ट) के संक्रमण के कारण होने वाला महामारी का रोग है। जागरुकता शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा बताया गया कि एड्स रोग से पीड़ितों के साथ भेदभाव किया जाना गलत है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति भी गौरवमयी जीवन जीने के अधिकारी है। उक्त जागरुकता शिविर में एड्स बीमारी के बचाव के तरीकों को विस्तार से समझाया गया तथा यह भी बताया गया कि एड्स बीमारी के पीड़ितों को अपनी बीमारी छुपाना नहीं चाहिए तथा उचित इलाज के साथ एड्स पीड़ित भी सामान्य जीवन जी सकते हैं।

# मेरा युवा भारत पोर्टल पर 595 युवाओं का हुआ पंजीकरण

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जनपद में प्रत्येक दिन बारह ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है।विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। जिससे समस्त संचालित जनहित की योजनाओं का संतृप्तिकरण हो सके। साथ ही योजनाओं से वंचित हुए लाभार्थियों को लाभ मिल सके और प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प यात्रा की परिकल्पना को साकार किया जा सके। जहां-जहां भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है,वहां वहां नेहरू युवा केंद्र अमेठी की उपनिदेशक एवं केंद्र से जुड़े हुए राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संघ द्वारा युवा भारत पोर्टल पर ऑनलाइन लॉगिनकरके 15 से 29 वर्ष के युवाओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।तथा पोर्टल के महत्व के बारे में जानकारी दे रहे हैं।अब तक कुल साठ ग्राम पंचायतों में युवाओं को



माई युवा भारत पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए 595 युवाओं का पंजीकरण कराया जा चुका है।

उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र अमेठी डॉ. आराधना राज स्वयं भी युवाओं को माई भारत पोर्टल पर जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

जनपद के सभी पंद्रह से उनतीस वर्ष के युवा mybharat.gov.in पर लॉगिन करके रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मेरा युवा भारत संगठन की स्थापना युवा विकास के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में काम करने तथा सरकार और युवाओं के बीच सेतु के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्र निर्माण में अपार युवा ऊर्जा का सदुपयोग करना है।

## अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर 508 जरूरतमंदों तक पहुंचाई नि:शुल्क थाली

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने परोपकार किया। 508 जरूरतमदों को निःशुल्क भोजन की थाली उपलब्ध कराया है। संस्था द्वारा स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय/महिला अस्पताल तथा सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन परिसर में स्वादिष्ट गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क भोजन मरीजो तीमारदारों यात्रियों जरूरतमन्दों को लगातार वितरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि अरहर की दाल आलू, सोयाबीन की



सब्जी, रोटी, चावल 508 निःशुल्क भोजत की थाली जरूरतमन्दों को परोसा गया। जिला चिकित्सालय में 305 और रेलवे स्टेशन परिसर में 203 कुल 508 लाभार्थियों ने निःशुल्क भोजन का लाभ प्राप्त किया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में जिला चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डीबी सिंह ने भोजन की थाली देकर शुभारंभ किया। उन्होंने भोजन से वंचित लोगो के लिये मुफ़्त भोजत उपलब्ध कराने पर सगठन द्वारा किया जा रहा पुनीत कार्य अनुकरणीय और प्रशंसनीय है। उधर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के सहायक मंडल मंत्री/सह शांखा मंत्री एव राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज दूबे ने मुफ़्त खाना की थाल देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ का कार्य जिले में ही नही अपितु मंडल में सराहनीय कार्य है।

## नौ को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत: एडीजे

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर को लगेगी। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज अभिषेक सिन्हा कहा कि समस्त पीएलवी के साथ बैठक की गई है।राष्ट्रीय लोक अदालत नौ दिसंबर को आयोजित है। इस सम्बंध में विचाराधीन प्रकरणों एवं प्री-लिटीगेशन प्रकरणों के संबंध में चर्चा कर नौ दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराने में सहयोग देने की बात की गई है तथा उसके प्रचार प्रसार के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

# छ: माह बाद आईं बेटियां तो लौट आई खुशियां

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

परिजन के साथ बंगाल गई दो बेटियों को छोड़ माँ फरार हो गई, पिता उन्हें लेकर घर चला तो रेलवे स्टेशन पर जेब कट गई, परेशान हाल परिवार को देख जीआरपी ने जाँच की तो कोई पहचान पत्र नहीं मिला पुलिस वालों ने बच्चियों को बालिका गृह भेज पिता को पहचान सिद्ध करने को छोड़ दिया। कागजो की खाना पूर्ति में छ माह लग़ गये तब तक दोनों बच्चियां निरापराध बाल गृह में निरुद्ध रही. पुष्टि होने पर शुक्रवार को प्रोबशन अधिकारी व बाल कल्याण समिति के सदस्यों की मौजूदगी में बच्चियों को परिजन को सौंपा गया तो खुशियाँ लौट आई।

ये कहानी कुछ फिल्मी जरूर पर सच्ची है। लम्भुआ थाने के भदइयाँ निवासी हिमांशु छ महीने पहिले पत्नी व बेटियां श्रेया और आराध्या के साथ कोलकाता गये थे. उसका कहना है कि पत्नी वहां गुम हो गई। वे वापसी के लिए हावड़ा रेलवे स्टेशन आये थे वही उनकी जेब कट गई. हो हल्ला मचा तो रेलवे पुलिस आ वे मदद की बजाय इन्कारी करने लगे उसकी बातों की पुष्टि के लिए पहचान पत्र माँगा. लेकिन जेब कतरे रूपये मोबाइल के साथ बैग में रखा कागजात भी लें गये थे. कोई प्रमाण न होने पर पुलिस वालों ने बच्चा बेचने वाला मान लिया और बच्चियों को बालिका गृह भेजकर प्रमाण लाने के लिए घर भेज दिया. वे प्रधान सेक्रेटरी के प्रमाण पत्र लेकर गये लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं हुआ. इसी बीच प्रकरण बाल कल्याण समिति को पहुंचा तो उन्होने समाज सेविका अर्चना पाल से सामाजिक जाँच कराई। प्रोबशन अधिकारी के माध्यम से पुष्टि कराई गई तब बच्चियों के आने की आस जगी।

शुक्रवार को बंगाल चाइल्ड लाइन की टीम बच्चियों को लेकर यहाँ पहुंची तो प्रोबशन अधिकारी बीपी वर्मा, बाल कल्याण समिति की सदस्य मजिस्ट्रेट सरिता यादव, ममता मिश्र व शिवमूर्ति पांडे की मौजदगी में लिखा पढ़ी कर पिता व बुआ के संरक्षण में दिया गया। छ माह बाद की इस मुलाकत में श्रेया आराध्या तो खुश ही थे परिजन भी सबका धन्यवाद देते रहें।

# भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2023 का समापन

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का शानदार समापन हुआ। विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार कुमार राना के साथ विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा, सह-प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा, न्यू स्टैण्डर्ड की विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्य इन्द्र विक्रम सिंह, कामाक्षा सिंह, शिवलखन प्रजापति,उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, सी0एस0 दास मिश्र का सम्मान बैज, कैप एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत के माध्यम से किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में शानदार सफल




प्रदर्शन कर अपना स्थान सुनिश्चित करने वाले बच्चों को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट महानुभावों द्वारा सम्मानित किया गया, खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राधाकृष्णन हाउस 76 अंकों के साथ 'रनर' एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सुभाष हाउस 79 अंकों के साथ 'विनर' रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के साथ प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियों एवं स्पोर्ट्स शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और स्पोर्टस शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे छात्रों को विद्यालय स्तर के अतिरिक्त प्रदेश, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने विद्यार्थियों से क्रिकेट के अतिरिक्त तीरन्दाजी, शतरंज, बाक्सिंग, बेसबाल आदि खेलों में प्रतिभाग करने की अपील की। कार्यक्रम में 'बंदेया रे बंदेया राहों पर चल बंदेया'-गीत पर किया गया सामूहिक नृत्य व पिरामिड कला आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा। संगीत, नृत्य, मंच सज्जा व परिधान से लेकर कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, राम देव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि का सराहनीय योगदान रहा वहीं उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, पूजा सिंह, पिंकी जायसवाल, अजय सिंह, अभिषेक भारद्वाज व आरजू यादव के कुशल संचालन ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल स्वस्थ जीवन का आधार है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बिना आदर्श जीवन की परिकल्पना भी संभव नहीं है।

हम सभी को स्वस्थ रहते हुए निरंतर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए, खेलों के दौरान विभिन्न रंगों के ड्रेस में चारों हाउस के बच्चों की उपस्थिति स्टेडियम का अहसास करा रही थी, स्कूल स्तर पर जो भी प्रतियोगिताएं होती है, उनका मात्र उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा का निखार करना है।

उन्होंने खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सभी छात्रों को बधाई दी और अपनी प्रतिभा के अनुसार खेलों में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपेक्षा करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना और इसी जोश के साथ आगामी परीक्षाओं में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम हेतु प्रेरित किया। प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की भूरि-भूरि सराहना की। अंत में सभी विशिष्ट आगंतुकों के द्वारा क्रीड़ाध्वज का अवरोहण एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सहित कई शिक्षक नेता दिनभर रहे नजरबंद

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष समेत कई शिक्षक नेता पुलिस अभिरक्षा में दिनभर रहे नजर बंद। लखनऊ विधानसभा घेराव में नहीं पहुंच सके रायबरेली के शिक्षक। उल्लेखनीय है कि 1 दिसंबर 2023 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चन्देल गुट के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर पुरानी पेंशन की बहाली एवं एनपीएस में हुए घोटाले को लेकर तथा तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण एवं 9 नवंबर 2023 के सेवा समाप्ति के आदेश के खिलाफ शिक्षकों को विधानसभा का घेराव करना था। जनपद रायबरेली से कई शिक्षक नेताओं को 1 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करने लखनऊ जाना जाना था। इसकी भनक पुलिस



प्रशासन को लग गई, जिससे जिले की पुलिस हरकत में आ गई। जिले की पुलिस सुबह से ही शिक्षक नेताओं की तलाश करती रही। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर लेने से शिक्षक नेताओं की योजना धरी की धरी रह गई। इसके बावजूद भी कुछ शिक्षक नेता पुलिस को चकमा देकर लखनऊ पहुंचने में कामयाब रहे।

इस प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार की दमनकारी नीतियों से शिक्षकों में काफी आक्रोश है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी लगाना सरकार की निरंकुशता का परिचायक है, जबकि शिक्षक कानून के दायरे में रहकर ही अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करने के लिए लखनऊ जा रहे थे। प्रदेश सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने कहा है कि इस तरह शिक्षकों को लखनऊ जाने से रोके जाने से यह स्पष्ट होता है कि सरकार शिक्षकों की लामबंदी से घबरा गई है। उसे खतरे की घंटी महसूस होने लगी है। अब इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से अपील की है कि ये धैर्य और संयम की घड़ी है। उन्हें धैर्य और और संयम का परिचय देना है।

## एड्स से सावधानी ही बचाव है: जिला क्षय रोग अधिकारी

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली में शुक्रवार को जागरुकता संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह ने कहा कि ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) एक वायरस है। एड्स एचआईवी की एक अवस्था है। यह संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध स्थापित करने, असुरक्षित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई आदि से फैलता है। इस वायरस से बचने के लिए समुचित जानकारी होना आवश्यक है। सावधानी ही बचाव है। यह वायरस शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देता है। वायरस के संपर्क में आने से व्यक्ति के शरीर में बहुत सारे लक्षण दिखाई देने लगते हैं तो इससे बचकर रहें।



जिला कार्यक्रम समन्वयक अभय मिश्रा ने बताया कि एड्स की जांच इलाज की सुविधा स्वास्थ्य विभाग के पास है। एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति को स्वस्थ जीवन जीने के लिए इन दवाओं का सेवन करना अति आवश्यक है और दवाओं को बीच में छोड़े नहीं।

# नर्सरी के बॉल एंड कप रेस से हुई दूसरे दिन के खेलकूद की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

के0डी0 मालवीय विद्या मंदिर में 8वाँ बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव स्मृति खेलकूद सप्ताह के दूसरे दिन विद्यालय संस्थापक बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव जी को पुष्पांजलि से शुरू किया गया। आज के कार्यक्रम का आरंभ श्री शुभम श्रीवास्तव एडवोकेट द्वारा किया गया। दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमे सर्वप्रथम नर्सरी कक्षा के बॉल एंड कप रेस जिसमे आइरा पठान प्रथम, मो0 जैन द्वितीय और रमशा मिर्जा तृतीय स्थान पर रहे, नर्सरी कक्षा में म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम अरजान, द्वितीय इमाद एवं तृतीय स्थान प्रिन्सि रहे। एल0के0जी0 के ब्लॉक इन फ्लावर रेस में प्रथम स्थान पर खालिद, द्वितीय पर अब्दुल रहमान एवं तृतीय स्थान पर मायरा रहे। एल0के0जी0 में म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथममायरा, द्वितीय आइरा एवं तृतीय पर भूमि रही। यू0के0जी0 मे बालक पार्टनर रेस में अली और अफसान प्रथम, सात्विक और अब्बास द्वितीय पर तथा तृतीय पर विनायक और शौर्य की जोड़ी रही। यू0के0जी0 मे बालिका पार्टनर रेस में आयत और श्रेया प्रथम, द्वितीय पर



अलीना और अदिति सिंह तथा तृतीय पर प्राणिका और पीहू की जोड़ी रही। इसी क्रम में यू0के0जी0 मे बालक बैलेंस द बॉल रेस में नवीश और अनमोल प्रथम, आशीष और सरफराज द्वितीय पर तथा तृतीय पर आयुष और विनायक की जोड़ी रही।यू0के0जी0 मे बालिका बैलेंस द बाल रेस में प्रथम मानवी श्रेया, द्वितीय अनाया पीहू, तृतीय पर अदिति श्रेया रही। कक्षा 1 की रिले रेस बालक में क्रमशः सद्न, अयान केसरी प्रथम, अभिनव, सुफियान अबूतल्हा द्वितीय, हसन कृष्णा अरमान तृतीय पर रहे। कक्षा 1 की रिले रेस बालिका में क्रमशः तृषा, समरा, अलवीरा प्रथम, अभिनव, साइमा, आर्या, अविका द्वितीय, अस्मिता, अक्षिता शुरफातृतीय पर रहे। कक्षा 2 की ग्लास पिरामिड रेस बालक में प्रथम अल्फराज, गणेश पटवा द्वितीय और तृतीय आरव रहे। कक्षा 2 की ग्लास पिरामिड रेस बालिका में क्रमशः आलिया, आरुषि अक्सा प्रथम द्वितीय और तृतीय रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 27°C | 13°C |
| कानपुर | 22°C | 14°C |
| देहरादून | 23°C | 13°C |
| नई दिल्ली | 25°C | 13°C |

# 18 बस अड्डों को नहीं मिल रहे हैं निवेशक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश सरकार की बस अड्डों को विकसित करने की योजना खटाई में पड़ती दिख रही है। अमौसी, चारबाग सहित प्रदेश के 18 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर डेवलप करने के लिए निवेशक नहीं मिल रहे हैं। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोडशो का प्लान बनाया पर प्रमुख सचिव परिवहन निगम ने प्लान खारिज कर उम्मीदों पर पानी फेर दिया। दरअसल, प्रदेश में 23 बस अड्डों को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की योजना बनाई गई। इसमें से पांच बस अड्डों का एलॉटमेंट हो गया है, जिसमें विभूतिखण्ड बस अड्डे सहित कौशाम्बी बस टर्मिनल गाजियाबाद, सिविल लाइन्स बस टर्मिनल प्रयागराज, गाजियाबाद ओल्ड बस टर्मिनल और आगरा फोर्ट बस टर्मिनल शामिल हैं। इन पर 701 करोड़ रुपये खर्च आएगा। लेकिन अभी भी 18 पीपीपी मॉडल बस स्टेशनों के लिए परिवहन निगम को निवेशक नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में परिवहन निगम के अधिकारियों ने पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशन निर्माण के लिए निवेशकों को लुभाने का प्लान बनाया। प्रस्ताव तैयार किया गया कि देश के विभिन्न राज्यों में रोड शो कर निवेशकों को आकर्षित किया जाएगा। पर, प्रमुख सचिव परिवहन ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। अब अफसरों को नए सिरे से निवेशक खोजने पड़ेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्लान के मुताबिक गुजरात, महाराष्ट्र कर्नाटक तमिलनाडु व अन्य राज्यों में रोड शो व बैठकों को कर निवेशकों को आकर्षित किया जाएगा।

### पैसेंजरों को मिलेंगी ये सुविधाएं

अफसरो ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर बस अड्डों के विकसित होने पर यात्रियों के लिए एसी लाउंज, मॉल, रेस्टोरेंट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यात्रियों के ठहरने के लिए सस्ते, किफायती रूम रहेंगे। साथ ही बस अड्डे से एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशनों तक आने-जाने की रैपिड व्यवस्था रहेगी।

### इन बस अड्डों को नहीं मिल रहे निवेशक

रोडवेज अफसरों ने बताया कि साहिबाबाद(गाजियाबाद), बुलंदशहर, ट्रांसपोर्टनगर व ईदगाह(आगरा), पुराना बस अड्डा मथुरा, वाराणसी कैंट, झकरकटी(कानपुर), जीरो रोड(प्रयागराज), मीरजापुर, अमौसी व चारबाग(लखनऊ), रायबरेली, सिविल लाइंस बरेली, मेरठ, गढ़मुक्तेश्वर, रसूलाबाद (अलीगढ़), अयोध्या और गोरखपुर में बस अड्डों को निवेशक नहीं मिल रहे हैं।

### अफसर बोले, रोड शो का प्लान खारिज

परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक व पीआरओ अजीत सिंह का कहना है कि विभिन्न राज्यों में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए जो रोड शो का प्लान तैयार किया गया था, फिलहाल उसे स्थगित कर दिया गया है। वहीं प्रधान प्रबंधक (आईटी) यजुवेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि प्रमुख सचिव (परिवहन) की ओर से प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी है। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दूसरी योजनाएं बनाई जा रही हैं।

# यूपी में 25 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं बिजली के दाम

## कंपनियों ने दिखाया 12 हजार करोड़ का घाटा, 3 करोड़ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा असर



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के 3 करोड़ उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का झटका लग सकता है। बिजली दरें 25त्न तक बढ़ सकती हैं। दरअसल, बिजली कंपनियों ने नियामक आयोग में बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। इसमें 11 से 12 हजार करोड़ रुपए का घाटा दिखाया गया है। नियामक आयोग को इस पर 3 महीने में फैसला लेना है।

### 13 प्रतिशत लाइन लॉस दिखाया

टैरिफ कानून के तहत गुरुवार को बिजली कंपनियों ने अपना एआरआर दाखिल किया। रीवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत 13.06त्न लाइन लॉस दिखाते हुए यह प्रस्ताव दाखिल किया गया है। कंपनियों ने 1,45,0000 मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता बताई थी। जिसकी कुल लागत 80,000 से 85,000 करोड़ रुपए के बीच है। साल 2023-24 में लगभग 92,547 करोड़ की वार्षिक राज्य आवश्यकता दाखिल की गई थी। जबकि आने वाले साल में करीब 1 लाख 1000 करोड़ रुपए की आवश्यकता बताई गई है।

### पहले 9,124 करोड़ रुपए का अंतर दिखाया गया

पिछले साल बिजली कंपनियों ने एआरआर में 9,124 करोड़ रुपए का अंतर दिखाया था। उस समय घाटे की भरपाई के लिए 15 से 20त्न तक बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार हुआ था। लेकिन इस साल आय और व्यय के बैलेंस करीब 11,000 से 12,000 करोड़ रुपए आ रहे हैं। ऐसे में बिजली दरों में 25 प्रतिशत का इजाफा करने की तैयारी है। हालांकि इसका विरोध भी उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने शुरू कर दिया है। उनका

### एआरआर स्वीकृति के 120 दिन के अंदर आएगा फैसला

बिजली दर बढ़ाने का फैसला 3 महीने के अंदर लेना है। इसमें कुल 120 दिन के अंदर सुनवाई करनी है। ऐसे में रेट बढ़ा तो मार्च 2024 से बिजली दर महंगी हो सकती है। बिजली कंपनियों द्वारा दाखिल किए गए एआरआर को स्वीकृति देने से पहले नियामक आयोग इसका परीक्षण करेगा। इस दौरान बिजली कंपनियों से जवाब-तलब किया जाएगा और आपत्तियों पर चर्चा होगी। अगर आयोग बिजली कंपनियों के दावे को सही पाता है, तो इसे स्वीकृति दी जाएगी।

### सरप्लस रकम से घाटा पूरा करने की मांग

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने इसका विरोध किया है। उनका कहना है कि चोर दरवाजे से बिजली दरों में इजाफे की साजिश रच रही है। उपभोक्ताओं के हित की लड़ाई कानूनी तौर पर लड़ी जाएगी। उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 33,122 करोड़ रुपए सरप्लस है। उपभोक्ता परिषद ने इस सरप्लस रकम के आधार पर बिजली दरों में कमी का प्रस्ताव दिया था। एक बार फिर हमारा पक्ष यही है कि जो अंतर परीक्षण के बाद पाया जाता है, उसे सरप्लस रकम के अंतर से पूरा किया जाए।

# यूपी में ट्रैफिक पुलिस से ज्यादा हैं सांड़ गौशालाओं में है दुर्दशा का आलम : अखिलेश



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विधानसभा में शुक्रवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष एव सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का नारा तो विकास का है, लेकिन काम विनाश वाला है। इनका असली नारा जो कहा, वो नहीं किया होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं अनुपूरक बजट अपनी जेब में पैसा पहुंचाने के लिए तो नहीं लाया गया है। अखिलेश ने कहा कि बजट का 65 फीसदी पैसा खर्च नहीं हुआ, तो अनुपूरक लाने की क्या आवश्यकता थी। दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए पैसा भी खर्च करना जरूरी है। इनका दोहरा चरित्र है। डींगें मारने में सबसे आगे हैं। बजट में स्मार्ट सिटी का जिक्र नहीं है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिए पैसा मांगा है। इसका मतलब प्रधानमंत्री से अधूरे काम का उद्घाटन करा दिया गया। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में यूपी 18वें स्थान पर है। अर्थव्यवस्था में अच्छा सुधार करने में 14वें और स्वास्थ्य सुधार में 19वें स्थान पर है। सरकार गरीबों का इलाज प्राइवेट अस्पतालों में कराना चाहती है। सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में दलाल खड़े हैं। इनकी नीयत सरकारी अस्पताल प्राइवेट सेक्टर को देने की है। विधायकों की सिफारिश के बाद भी बेड नहीं मिलता है। सरकार बड़े बैनर लगवा रही है, लेकिन इलाज नहीं दे पा रही। विधायक निधि से गरीबों के इलाज का फैसला सपा सरकार में हुआ था, आप इसे दोगुना कर दीजिए। आप सरकारी संस्थाओं को खत्म करना चाहते हैं। जो डॉक्टर नौकरी छोड़कर प्राइवेट अस्पताल में जा रहे हैं, वे सिर्फ पीजीआई के डॉक्टरों की तरह सुविधा चाहते हैं। आप गोरखपुर और वाराणसी से ही इसकी शुरुआत कर दीजिए।

### ऐतिहासिक लूट हो रही

अखिलेश ने कहा कि पीडब्ल्यूडी में ऐतिहासिक लूट हो रही है। मंत्री बनते ही बड़ा खेल हो गया था, हालांकि सरकार की नजर पड़ गयी। सरकार बताए कि गड्ढा मुक्ति पर 40 हजार करोड़ रुपये क्यों खर्च हुआ। लखनऊ और कानपुर मंडल की सड़कों की सबसे खराब हालत है। उनके एक्सप्रेसवे घाटे का सौदा क्यों है। आज भी सबसे अच्छी राइडिंग क्वालिटी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की हालत देखिए। करीब 6000 करोड़ की लागत वाले लिंक एक्सप्रेसवे से मुख्यमंत्री का जिला नहीं जुड़ पाया। अभी तक नेता सदन मुझे एमबीबीएस लग रहे थे, अगर इंजीनियर होते तो काम हो जाता। कोई भी शहर से जाम से बचा नहीं है। इस पर सपा सदस्य अवधेश प्रसाद बोले कि सांड ट्रैफिक रोक लेते हैं।

### नंदी की सेवा इतने कम पैसे में कैसे होगी

अखिलेश ने तंज कसा कि शहरों में ट्रैफिक पुलिस से ज्यादा सांड नजर आते हैं। गोशालाओं में दुर्दशा का आलम है। अनुपूरक में आपने 250 करोड़ रुपये दिए, इसे 5000 करोड़ कीजिए। हम भी इसका स्वागत करेंगे।नंदी की सेवा इतने कम पैसे से कैसे होगी। हरदोई में सांड दो मंजिल ऊपर चढ़ गया। अधिकारियों को रात भर सेवा करनी पड़ी। इस पर भाजपा सदस्य ने टिप्पणी करी कि वह समाजवादी था। अखिलेश ने कहा कि गोशालाओं के नाम पर भाजपा नेता और अधिकारी लूट कर रहे हैं। वहां मरने वाले पशुओं को जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफना दिया जाता है। अधिकारी समझ गए हैं कि सरकार कैसी है। आपके कंट्रोल में चीजें नहीं हैं।

### गोरखपुर में बना लीजिए मेट्रो

अखिलेश ने कहा कि सारी मेट्रो सपा की देन हैं। आप गोरखपुर में बना लीजिए, किसने रोका है। इकाना जैसा स्टेडियम गोरखपुर में क्यों नहीं है। लखनऊ में जहां तक हमने मेट्रो बनाई थी, वहीं पर अटकी है। दिल्ली के पैसों से दूसरे प्रदेशों में एक्सप्रेसवे बन रहे, आपको पैसा क्यों नहीं दिया। गन्ना किसानों को जो कीमत मिल रही, क्या उससे आय दोगुनी हो पाएगी। धान क्रय केंद्रों पर सीसीटीवी क्यों नहीं लगे। एक भी मंडी क्यों नहीं बनाई। नेता सदन आज मजदूरों से मिले थे, उनसे ही महंगाई के बारे में पूछ लेते। सरकार को बिना भेदभाव उनकी जान बचाने वालों का सम्मान करना चाहिए। हिंदू-मुस्लिम दोनों ने मिलकर 41 जानें बचाई हैं।

# मकान में घुसा ट्रक, गेट और दीवार क्षतिग्रस्त, ट्रक छोड़कर चालक फरार




जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में तालकटोरा के राजाजीपुरम इलाके में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर मकान में जा घुसा। हादसे में मकान का गेट और दीवार क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में किसी को चोट नहीं लगी। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग गया।

# कोहरे का असर : धुंध ने रोके ट्रेन के पहिए, स्पेशल ट्रेनें 24 घंटे तक हुई लेट, विमान सेवाएं भी प्रभावित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



कोहरे की चपेट में आने से शुक्रवार को भी ट्रेनों और विमानों का संचालन गड़बड़ाया रहा। लखनऊ से दिल्ली, मुंबई के अलावा अहमदाबाद की उड़ानें देरी की शिकार हुईं। वहीं स्पेशल ट्रेनें 24 घंटे तक देरी का शिकार रहीं, जिससे यात्रियों के पसीने छूट गए। कोहरा बढ़ने पर ट्रेनों की स्पीड कम हुई है, जिससे वे देरी से पहुंच रही हैं। शुक्रवार को 12598 मुंबई-गोरखपुर 14:45 घंटे, 13483 फरक्का एक्सप्रेस सवा पांच घंटे, 15653 अमरनाथ एक्सप्रेस पौने छह घंटे, 13258 जनसाधारण एक्सप्रेस साढ़े दस घंटे लेट रही। इसी तरह 13257 जनसाधारण एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, 12370 कुंभ एक्सप्रेस सवा दस घंटे, 13308 गंगा सतलुज किसान एक्सप्रेस छह घंटे, 04011 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली स्पेशल 23:45 घंटे, 04059 जयनगर-अमृतसर स्पेशल 15:30 घंटे, 04677 पटना-फिरोजपुर स्पेशल 11:30 घंटे, 01676 मुजफ्फरपुर-आनंदविहार फेस्टिवल स्पेशल पौने पांच घंटे, 04066 आनंदविहार पटना स्पेशल पौने छह घंटे देरी की शिकार हुई। ट्रेनों के लेट होने के चलते रेलवे स्टेशनों के लाउंज व वेटिंग एरिया फुल रहे। ट्रेनों में खानपान का संकट यात्रियों के लिए रहा और उन्हें अपने घर पहुंचने में तय से कहीं अधिक समय लगा, जिससे परेशानियां हुईं।

### 14 विमान कोहरे की चपेट में

अमौसी एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद आदि रूट के 14 विमान कोहरे की चपेट में आए। लखनऊ से दिल्ली शाम 7:16 बजे रवाना होने वाला इंडिगो का विमान सवा घंटे, विस्तारा का दोपहर 3:51 बजे टेकऑफ करने वाला विमान 35 मिनट देरी से रवाना हुआ। दिल्ली से लखनऊ आने वाली इंडिगो की शाम सात बजे की फ्लाइट डेढ़ घंटे, एयर एशिया की शाम पौने सात बजे की फ्लाइट आधे घंटे, विस्तारा की दोपहर 3:51 बजे की उड़ान 34 मिनट देरी का शिकार हुई। वहीं बृहस्पतिवार को भी लखनऊ से मुंबई रात 8:25 बजे जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट सवा घंटे, लखनऊ से अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की रात 8:25 बजे की फ्लाइट सवा घंटे, इंडिगो की रात 9:05 बजे की उड़ान 45 मिनट, इंडिगो की ही रात 11:58 बजे की फ्लाइट 58 मिनट लेट रवाना हुई थी। इंडिगो की रात सवा दस बजे की उड़ान 44 मिनट लेट पहुंची।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / टीआरडी / हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी-15-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के विद्युतीकरण खंड मे रेट्रो रिफलेक्टिव नंबर प्लेटो की आपूर्ति एवं निर्माण का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रू. 2,36,85,551.72 |
| 4. | बयाना राशि | रू. 2,68,400/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 26.12.2023 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की बेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहा वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक), कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kV AC OHE 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज / खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं० टीआरडी-15-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-23 दिनांक: 29.11.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | 3762/23

# महिन्द्रा स्वयंसेवा दिवस के उपलक्ष में फोरव्हीलर सर्विस टेक्निशियन कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के इटौंजा में महिन्द्रा स्वयंसेवा दिवस के उपलक्ष में इंटौजा,लखनऊ सेंटर पर महिंद्रा पावरोल और सेंटम फाउन्डेशन द्वारा ष्टस्क्र योजना के तहत चलाई जा रही ट्रेनिंग फोरव्हीलर सर्विस टेक्निशियन के अन्तर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों द्वारा महिन्द्रा पावरोल एवं सेटम फाउन्डेशन के अधिकारियों के सम्मुख ट्रेनिंग के दौरान सीखे गये कौशल का प्रदर्शन किया और फोरव्हीलर गाडियों के सम्पूर्ण पाट्र्स और उनके फीचर्स का लाइव प्रजेंटेशन दिया गया। वहीं अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को महिन्द्रा ऐंड महिन्द्रा कंपनी की स्थापना से लेकर आज तक के सफर का एक संक्षिप्त परिचय कराया गया तथा भविष्य में कंपनी की योजनाओं और उससे उत्पन्न रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




हर साल 1 दिसंबर को, एड्स दिवस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें इस बात पर जोर दिया जाता है कि एचआईवी एक प्रचलित मुद्दा बना हुआ है, जिस पर व्यक्तियों और सरकारों दोनों का ध्यान चाहिए। यह दुनिया भर के लोगों के लिए एचआईवी के खिलाफ चल रही लड़ाई में शामिल होने, वायरस से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने और एड्स से संबंधित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति का सम्मान करने का अवसर है। इस वर्ष, यह दिन ÷समुदायों को नेतृत्व करने दें÷ थीम के तहत मनाया जाता है। एचआईवी से प्रभावित समुदाय, जिनमें प्रमुख जनसंख्या नेटवर्क और युवा नेता शामिल हैं, एचआईवी प्रतिक्रिया के भीतर प्रगति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहे हैं और बने रहेंगे। दिन के महत्व को ध्यान में रखते हुए, आर्यकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने अपने लखनऊ परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में सभी विभागों के उपनिदेशकों, प्रमुखों, प्रोफेसरों, प्राध्यापकों के साथ-साथ स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया। जुलूस के दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने कहा कि कि इस बीमारी का बचाव ही एकमात्र इलाज है और लोगों को निवारक उपायों को जानना चाहिए। हमें इस बीमारी के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए और इसे जड़ से खत्म करना चाहिए। शिक्षा प्रमुख विभाग, प्रणव पांडे ने शिक्षा, प्रबंधन और पत्रकारिता के उप निदेशक, डॉ. अंकिता अग्रवाल, फार्मेसी के उप निदेशक, डॉ. आदित्य सिंह, फार्मेसी के प्रमुख, बी.के. सिंह के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। शिक्षा, फार्मेसी, प्रबंधन और पत्रकारिता के संकाय शिक्षक इस जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। बी.एड., डी.एल.एड., फार्मेसी, प्रबंधन और पत्रकारिता के छात्रों ने पोस्टर और निबंध लेखन के माध्यम से जागरूकता फैलाने में अपना योगदान दिखाया। बीजेएमसी के छात्रों ने उस दिन वीडियो प्रस्तुत किए और संदेश देने का प्रयास किया।

# बिहार से लाया गया इजहारुल, एटीएस लेगी रिमांड पर, अमृत गिल और रियाजुद्दीन को भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आतंकियों, आईएसआई जासूसों को फंडिंग करने वाले नेटवर्क के सदस्य इजहारुल को यूपी एटीएस की टीम बृहस्पतिवार को बिहार से लखनऊ लेकर आई है। उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। एटीएस इजहारुल के साथ अमृत गिल और रियाजुद्दीन को भी सात दिन की रिमांड पर देने का अनुरोध कर सकती है। बता दें कि बीती 26 नवंबर को एटीएस ने पंजाब के अमृत गिल और गाजियाबाद के रियाजुद्दीन को गिरफ्तार किया था। अदालत ने दोनों की छह दिन की रिमांड मंजूर की थी, जिसके बाद उनसे गहनता से पूछताछ की गयी। आज रिमांड अवधि पूरी होने पर दोनों को वापस जेल भेज दिया गया। एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल ने बताया कि इनके तीसरे साथी इजहारुल को भी बिहार की बेतिया जेल से बी-वारंट पर लाकर लखनऊ जेल में दाखिल कराया गया है। शुक्रवार को तीनों की रिमांड मंजूर होने पर उनका आमना-सामना कराया जाएगा। यह पता लगाया जाएगा कि इनको लाखों रुपये कौन भेज रहा था और उनके संपर्क में किन संगठनों के आतंकी और आईएसआई के जासूस थे। बता दें कि एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ लोगों को संदिग्ध स्रोतों से पैसा मिल रहा है, जिसका इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों और जासूसी में किया जा रहा है द्य पैसों के लालच में गोपनीय तथा संवेदनशील सूचनाएं आईएसआई को भेजी जा रही हैं। इस संबंध में एटीएस ने गाजियाबाद निवासी रियाजुद्दीन, बिहार निवासी इजहारुल और अज्ञात आईएसआई एजेंटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान रियाजुद्दीन के बैंक खातों में मार्च 2022 से अप्रैल 2022 के बीच लगभग 70 लाख रुपये आने की पुष्टि हुई थी, जिसे बाद में अलग-अलग बैंक खातों में भेजा गया था। इनमें आईएसआई को सेना की गोपनीय सूचनाएं भेजने वाला बठिंडा निवासी ऑटो चालक अमृत गिल भी शामिल था। अमृत गिल ने भारतीय सेना के टैंकों के मूवमेंट की सूचनाएं भेजी थी। जांच में सामने आया कि रियाजुद्दीन एवं इजहारुल की मुलाकात राजस्थान में हुई थी, जहां दोनों वेल्डिंग का काम करते थे।

# जलीय जन्तु रोगों पर अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में हुआ मंथन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्वाटिक एनिमल एपिडेमियोलॉजी आईएसएएई के तत्वावधान में जलीय जन्तु महामारी विज्ञान विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 29 नवंबर से 01 दिसंबर तक आईसीएआर नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज लखनऊ में आयोजित किया गया। सम्मेलन में 10 देशों के 25 अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों सहित लगभग 210 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।फिनफिश और शेलफिश रोगों की महामारी विज्ञान के विभिन्न पहलुओं, बीमारियों की निगरानी और रिपोर्टिंग, एक स्वास्थ्य और जलीय कृषि, जलीय कृषि में जैवसुरक्षा और जलीय जन्तु रोगों के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों पर विचार-विमर्श के लिए आठ तकनीकी सत्र और अलग-अलग पोस्टर सत्र आयोजित किए गए। पूर्ण सत्र में दस अलग-अलग देशों के संबन्धित विषय में विविध दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करने वाले दस पैनलिस्टों के साथ एक जीवंत चर्चा हुई। पैनल के विचार-विमर्श का केंद्र बिंदु जलीय जन्तु रोगों की आगे की प्रत्याशाओं और चुनौतियों पर विचार करने पर केंद्रित था।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### आत्मनिर्भर बनने के लिए उठाये गये कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया

**वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में सेवा क्षेत्र में रिकॉर्ड की गई वृद्धि दर ने जरूर निराश किया है। इस दौरान सेवा क्षेत्र ने 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज की गई वृद्धि दर 9.4 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। इस वर्ष द्वितीय तिमाही में हासिल की गई वृद्धि दर से आश्चर्य भी हुआ है क्योंकि विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों में वृद्धि दर लगातार दहाई के आंकड़े पर बनी हुई है, होटल लगातार अपनी स्थापित क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए दिखाई दे रहे हैं, रेलवे एवं हवाई जहाज का उपयोग भी लगातार उच्चतम स्तर पर बना हुआ है।**

*वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2023 के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के आंकड़े भारत सरकार द्वारा जारी कर दिए गए हैं। इस वर्ष द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विभिन्न वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाए गए अनुमानों से बहुत ऊपर रही है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों द्वारा दिए गए 6.8 प्रतिशत के अनुमान से बहुत अधिक अर्थात यह वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत की रही है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही में 6.2 प्रतिशत की रही थी। भारत में इस वर्ष द्वितीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में दर्ज की गई वृद्धि की तुलना में अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में तिमाही के दौरान वृद्धि दर बहुत कम रही है। फिलिपींस में 5.9 प्रतिशत, रूस में 5.5 प्रतिशत, वियतनाम में 5.33 प्रतिशत, अमेरिका में 5.2 प्रतिशत, चीन में 4.9 प्रतिशत, मलेशिया में 3.3 प्रतिशत, थाईलैंड में 1.5 प्रतिशत, ब्रिटेन में 0.6 प्रतिशत, यूरो क्षेत्र में 0.1 प्रतिशत, जर्मनी में रिणात्मक 0.4 प्रतिशत एवं जापान में रिणात्मक 2.1 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई है। इस प्रकार भारत पूरे विश्व में लगातार सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हर्ष का विषय तो यह है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में जुलाई-सितम्बर 2023 तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर में मुख्य योगदान उद्योग क्षेत्र का रहा है। भारत के उद्योग क्षेत्र ने इस दौरान 13.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है, जोकि हाल ही के समय में अपने आप में एक रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2022 के दौरान उद्योग क्षेत्र ने रिणात्मक 0.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी। उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत, विनिर्माण क्षेत्र ने 13.9 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान रिणात्मक 3.8 प्रतिशत थी। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र ने 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर, माइनिंग क्षेत्र ने 10 प्रतिशत, कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र ने 13.3 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर हासिल की है। इन समस्त क्षेत्रों में रिकार्ड वृद्धि दर से भारत में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित हुए हैं, जिसके चलते बेरोजगारी की दर में भी कमी दृष्टिगोचर हुई है। भारत में प्रत्येक वर्ष अक्टूबर-नवम्बर माह में दीपावली एवं अन्य कई महत्वपूर्ण त्यौहारों का मौसम रहता है। इन त्यौहारों के दौरान भारत के नागरिकों द्वारा विभिन्न उत्पादों की भारी मात्रा में खरीददारी की जाती है। ऐसा आभास है कि अकटोबर-नवम्बर में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए जुलाई-सितम्बर 2023 तिमाही में ऑटोमोबाइल, फ्रिज, टीवी, मोबाइल फोन, आदि जैसे विभिन्न उत्पादों का भारी मात्रा में उत्पादन विनिर्माण इकाईयों द्वारा किया गया है। जिसके चलते इस तिमाही में विनिर्माण इकाईयों ने भारी भरकम 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। भारत में कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र ने भी रफ्तार पकड़ ली है, जिसके चलते इस क्षेत्र में आकर्षक 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर ली गई है। अक्टूबर 2023 माह में भी कोर क्षेत्र के उद्योगों ने 12.1 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की है। इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव के चलते देश के कई क्षेत्रों में मानसून की बारिश ठीक तरह से नहीं हो पाई है। इसका विपरीत प्रभाव कृषि क्षेत्र पर स्पष्टत~ पड़ता हुआ दिखाई दिया है। कृषि क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में केवल 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी है, जोकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते पूरे विश्व में ही खाद्य उत्पादों की भारी कमी महसूस की जा रही है। भारत, इस स्थिति का लाभ उठा सकता है एवं पूरे विश्व को ही खाद्य पदार्थों की आपूर्ति कर सकता है। रबी मौसम की बुआई का कार्य प्रगति पर है।*

---

## एक्सप्रेस आलेख

**अब अगर बीजेपी आलाकमान के विकल्पों पर नजर डालें तो बेशक, इन राज्यों में शानदार जीत उन्हें नेतृत्व में पीढ़ीगत बदलाव के लिए सक्षम बनाएगी, लेकिन अगर पार्टी हार जाती है या त्रिशंकु सदन होता है तो क्या होगा? कर्नाटक की स्थिति अलग थी, दक्षिणी राज्य में भाजपा का मुख्य आधार बीएसवाई या लिंगायत वोट बैंक रहा है जिस पर उसका नियंत्रण है, यदि पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें तो कई भाजपा नेता जो सोचते थे कि वे पार्टी से बड़े हो गए हैं (जैसे कल्याण सिंह और उमा भारती) को मुंह की खानी पड़ी। येदियुरप्पा एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने बगावत के बाद विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार सुनिश्चित की थी।**

# वरिष्ठों का राजनैतिक भविष्य जनादेश पर निर्भर



इन्द्र दमन तिवारी

**भले ही उत्तरी राज्यों में बड़े जन नेता उभरे, लेकिन वे पार्टी से आगे नहीं बढ़ पाए, उमा भारती ने भले ही 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाई थी, लेकिन एक बार जब उन्हें सीएम पद छोड़ना पड़ा और उनकी जगह पर पहले बाबूलाल गौर और फिर चौहान को लाया गया तो लोगों ने पार्टी के फैसले को स्वीकार कर लिया।**

बहुमत प्राप्त करते या अटकते ही राजनैतिक दलों की विचारधारा एकदम से बदल जाती है, दल कोई भी हो पूर्व में घोषित मुख्यमंत्री का चेहरा भले ही चुनाव भर काम आए लेकिन जनादेश ही तय करेगा कि असल मुख्यमंत्री के रूप में शपथ कौन लेगा! यह देखते हुए कि ÷मोदी लहर÷ राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने के लिए जानी जाती है, क्या भाजपा आलाकमान 3 दिसंबर के नतीजों की परवाह किए बिना राजे, चौहान और सिंह को हाशिये पर धकेलने की अपनी योजना पर आगे बढ़ेगा? उत्तर है हां, यदि भाजपा ठोस जीत हासिल करती है तो। यदि परिणाम मिश्रित या प्रतिकूल हों तो यही जबाब न में बदल जाएगा क्योंकि मोदी और शाह 2024 से पहले जोखिम लेने से बच रहे हैं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में जब परिणाम घोषित होने को हैं तो अब बड़ा सवाल उठ रहा है कि इन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता वसुंधरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह का क्या होगा? क्योंकि भाजपा आलाकमान का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि, 'इन राज्यों में उन्हें नया नेतृत्व चाहिए और इन बड़े नेताओं का समय खत्म हो चुका है, चुनाव के दौरान पार्टी ने जो 'सामूहिक नेतृत्व' पर जोर डाला है, इसका अर्थ भी यही था।' किंतु क्या ये कद्दावर नेता ऐसा करने को तैयार हैं? क्या वे इस बात को मानने को तैयार होंगे कि उनके राजनैतिक वर्चस्व का समय समाप्त हो गया है और अब उन्हें रिटायरमेंट की तैयारी करनी चाहिए? हालांकि 64 वर्षीय चौहान इसके लिए बहुत छोटे हैं, 70 वर्षीय सिंधिया राजघराने की राजे को निर्देशित नहीं किया जा सकता, 71 वर्षीय सिंह इन संभावाओं के प्रति निर्विकार दिखतें हैं लेकिन उनका समभाव का प्रदर्शन भ्रामक हो सकता है। यदि भाजपा अपने राज्यों में शानदार जीत दर्ज करती है, तो उनके पास आलाकमान की इच्छा को मानने और उन्हें पुनः एक ÷नई÷ जिम्मेदारी की उम्मीद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। हालांकि, इसके दो अन्य परिदृश्य भी हैं। सबसे पहला, यदि भाजपा जीतती है, वो भी मामूली अंतर से या फिर खंडित जनादेश आता है, तो इन दिग्गजों के लिए यह सबसे अच्छा परिदृश्य बनेगा, भाजपा को सरकार बनाने और चलाने के लिए उनका सहारा लेना पड़ेगा। ऐसे हालात में स्थिर सरकार प्रदान करने के



**दक्षिणी राज्यों के विपरीत उत्तरी राज्यों में 'मोदी फैक्टर' सफ़लता पूर्वक काम करता आया हैं। इसके अलावा, भले ही उत्तरी राज्यों में बड़े जन नेता उभरे, किंतु वे पार्टी से आगे नहीं बढ़ पाए।**

लिए पार्टी के पास किसी भी राज्य में कोई दूसरा नेता नहीं है, यही कारण है कि राजे ने 200 में से कम से कम 60 सीटों पर अपने वफ़ादारों के लिए प्रचार किया, जबकि केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अभियान में शामिल करने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। इस सन्दर्भ में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के लिए भी यह सबसे अच्छी स्थिति है, 2008 में 200 सदस्यीय विधानसभा में 96 विधायकों के साथ उन्होंने एक स्थिर सरकार चलाई, यही एक कारण है कि कांग्रेस आलाकमान को 2018 में सचिन पायलट के दावों को नज़रअंदाज़ करना पड़ा और गहलोत पर वापस आना पड़ा। भाजपा के दिग्गजों के लिए दूसरा परिदृश्य है कि इन चुनावों में पार्टी की हार ऐसे नतीजे साबित करेंगे कि आलाकमान ने सामूहिक नेतृत्व के नारे को लेकर इन दिग्गजों को कमजोर कर बड़ी भूल की है, इसके बाद भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व उन्हें शांत करने और पुरस्कृत करने के लिए स्वयं ही आगे आएगा। याद करिए कर्नाटक में क्या हुआ? आलाकमान ने पहले बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर किया और फ़िर विधानसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगने तक उन्हें कमजोर करते रहे। विधानसभा चुनाव के नतीजों से चिंतित भाजपा आलाकमान ने उनके बेटे विजयेंद्र को पार्टी की राज्य इकाई का प्रमुख और उनके वफादार आर. अशोक को विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त कर बीएसवाई को खुश करने के कोशिश की है। कर्नाटक के घटनाक्रम को राजे, चौहान और सिंह ने काफी उत्सुकता से देखा होगा। अब अगर बीजेपी आलाकमान के विकल्पों पर नजर डालें तो बेशक, इन राज्यों में शानदार जीत उन्हें नेतृत्व में पीढ़ीगत बदलाव के लिए सक्षम बनाएगी, लेकिन अगर पार्टी हार जाती है या त्रिशंकु सदन होता है तो क्या होगा? कर्नाटक की स्थिति अलग थी, दक्षिणी राज्य में भाजपा का मुख्य आधार बीएसवाई या लिंगायत वोट बैंक रहा है जिस पर उसका नियंत्रण है, यदि पिछले रिकॉर्ड पर नजर डालें तो कई भाजपा नेता जो सोचते थे कि वे पार्टी से बड़े हो गए हैं (जैसे कल्याण सिंह और उमा भारती) को मुंह की खानी पड़ी। येदियुरप्पा एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने बगावत के बाद विधानसभा चुनाव में बीजेपी की हार सुनिश्चित की थी, यही कारण था कि पार्टी के पीएम उम्मीदवार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुरंत उन तक पहुंचे और उन्हें पार्टी में वापस लाए। जिस तरह से भाजपा ने 2018 के विधानसभा चुनावों में हारने के बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों में अपना वर्चस्व बनाए रखा, उससे पता चलता है कि दक्षिणी राज्यों के विपरीत, उत्तरी राज्यों में मोदी लहर अधिक कारगर है।

---

## एक्सप्रेस कविता

*प्रकृति के उपहार पृथ्वी,जल और वायु, संरक्षित करते हमारी आयु इस धरा ने दिया हमें सब कुछ, दिया शुद्ध, जल ,वायु। फूल, लताएं, पुष्प और कलियां महकती आपस में करती प्यारी प्यारी सी गल बहियां। हमें दिया स्वच्छंद निर्झरिणी, नदियों और सागर का उपहार, और हम कृतघ्न मानव करते धरती, जल,वायु का अपमान, निरंतर तिरस्कार। जिसने दिया हमें सब कुछ उसके लिए हम नहीं कर पाए कुछ, दिया जीवन का प्यारा अवसर विस्मृत करते हैं जिसे हम अक्सर। जिम्मेदारी है हमारी उसे मूल रूप से संरक्षित कर पुष्पित पल्लवित कर यथावत रखने की जिसे। पर हाय हम धरती के लिए अपनी मातृभूमि के लिए करते नहीं उसकी सेवा। जब तक जल,वायु, धरती की सेवा रहेगी जारी, कब तक मानव जिंदगी।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सच्चाई और अच्छाई के लिए चाहे पूरी दुनिया घूम लो, अगर आपके खुद के अंदर नहीं तो कहीं नहीं मिलेगी।*

---

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 17:14 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 18:54 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | ब्रह्म, 20:18 |
| सूर्योदयः | 06:57 |
| सूर्यास्तः | 17:23 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 09:33-10:52 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:31 |

## जन एक्सप्रेस

**है मचा बवाल !**

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुद्दे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहसाई ।।*
*रहें सब महफूज।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

---

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दी में खाएं भुने हुए आलू की चाट सेहत को मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे



**सर्दी** में कई तरह की सेहतमंद चीजें खाई जा सकती हैं। इस समय खाना ठीक से पचता है और शरीर भी स्वस्थ रहता है। दादी-नानी के जमाने से ही सर्दी में आलू को भुन कर खाया जाता है। पहले के समय में इसे अंगीठी पर भुनकर खाया जाता था। आज भी भुने हुए आलू खाना बहुत से लोगों को पसंद होता है। रेत में भुने आलू का स्वाद उबले आलू से काफी अलग होता है। इस तरह का आलू स्वादिष्ट होने के साथ पौष्टिक भी होता है। आलू में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे सोडियम, पोटेशियम, आयरन, फाइबर और विटामिन सी। भुना हुआ आलू खाने से यह ठीक से पचता है और शरीर को ताकत भी देता है। सर्दी में इस तरह आलू खाने से इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। भुना हुआ आलू खाने से देर तक भूख नहीं लगती हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**पाचन-तंत्र के लिए फायदेमंदः** रेत में भुने आलू खाने से पाचन-तंत्र हेल्दी रहता है। रेत में भुने आलू में फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो गैस, कब्ज और बदहजमी से राहत देती है। भुने हुए आलू खाने से पाचन शक्ति मजबूत होती है और आंत भी स्वस्थ रहती है। यह पेट की सूजन से भी राहत देता है।

**वजन कंट्रोल करने में मददगारः** अधिकतर लोगोंसे यह कहते सुना होगा कि आलू खाने से वजन बढ़ता है लेकिन अगर आप वजन को कंट्रोल में रखना चाहते हैं, तो डाइट में भुने आलू को अवश्य शामिल करें। भुने आलू में मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिस कारण जल्दी भूख नहीं लगती और वजन कम होता है।

**हार्ट के लिए फायदेमंदः** रेत में भुने आलू को खाने से हार्ट हेल्दी रहता है। यह शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करके हार्ट को हेल्दी रखता है। इसके सेवन से हार्च संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता हैं। भुने हुए आलू खाने में पोटेशियम, मिनरल व मैग्नीशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता बै, जो दिल को स्वस्थ रखता है।

**भरपूर एनर्जीः** भुने हुए आलू में कार्बोहाइड्रेट की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो शरीर को एनर्जी देने के साथ थकान को भी दूर करता है। अगर आप बाहर से ट्रैवल करके आए है, तो इसके सेवन से थकावट दूर होने के साथ शरीर में चुस्ती आती है। यह बच्चों को भी आसानी से दिया जा सकता है।

**मेटाबॉलिज्म बूस्ट करेंः** सर्दी में भुने हुए आलू खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और आंते भी हेल्दी रहती है। इसमें मौजूद विटामिन बी6 और फाइबर मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके सेवन से कई बीमारियों से भी बचाव होता हैं। भुने हुए आलू खाने से शरीर को कई तरह के फायदे मिलते हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन करें।

---

## एक्सप्रेस विशेष

# अर्थव्यवस्था का उज्जवल भविष्य



डी.पी. शुक्ल

**शुरुआती सुधार के संकेत दिख रहे है, आसमान मानसून के कारण कमजोर बनी हुई है जिससे फसल की पैदावार और कृषि आय में कमी हो सकती है। अक्टूबर में मुख्य मुद्रास्फीति अप्रैल 2020 के बाद से सबसे निचले स्तर पर 4.3 फ़ीसदी (सितंबर 4. 5 फ़ीसदी) पर आ गई थी।**

**भारत में घरेलू विकास मजबूत हो रहा है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर बाहरी झटकों का असर कम पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत में संरचनात्मक विकास की सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। वर्ष 2024 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.5 फीसदी पर रहने की संभावना है। भारत फिलहाल 36 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है। संभव है कि वर्ष 2030 या उससे पहले यह 70 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।**

**केंद्रीय** अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष ने कहा कि तेज आर्थिक गतिविधि मजबूत जीएसटी संग्रह का प्रमुख कारण है जहां तक मुद्रास्फीति का सवाल है तो अक्टूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की उम्मीद के अनुरूप घटकर 4.87 फ़ीसदी रहा। मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट जारी है। हालांकि भू राजनीतिक संघर्ष और कच्चे तेल के बढ़ते मूल्य के कारण मुद्रास्फ़ीत का जोखिम बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024 में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 5.3 फ़ीसदी रहने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक से अपेक्षा है कि वह मुद्रास्फीति पर अंकुश रखने और इसे चार फ़ीसदी के लक्ष्य तक लाने के लिए ब्याज दरों को स्थिर रखेगा और बाजार में तरलता पर शक्ति रखेगा। खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 6 .7 फ़ीसदी पर स्थित है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मजबूत घरेलू मांग के मद्दे नजर भारत के 2023 के विकास पूर्वानुमान को 6.7 फ़ीसदी पर बरकरार रखा है। प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के चलते निर्यात कमजोर रहने के बावजूद मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रोइकानामिक आउटलुक 2024-2025 में कहा कि घरेलू मांग में निरंतर वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। मूडीज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि भारत की वास्तविक जीडीपी 2023 में लगभग 6.7 प्रतिशत 2024 में 6.1त्न और 2025 में 6.3त्न की दर से बढ़ेगी। भारत की वास्तविक जीडीपी जून की तिमाही में साल दर साल 7.8त्न बढ़ी जो मार्च तिमाही में 6.1त्न थी। इसे घरेलू खपत और ठोस पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में 6त्न की वृद्धि से बल मिला। मूडीज ने कहा कि संकेतक बताते हैं कि जून तिमाही की मजबूती जुलाई सितंबर तिमाही में भी जारी रहने वाली है। मजबूत जीएसटी संग्रहण ऑटोमोबाइल की बढ़ती बिक्री उपभोक्ताओं की बढ़ती उम्मीदें और दहाई अंकों में क्रेडिट ग्रोथ के चलते मौजूदा त्यौहार मौसम में शहरी उपभोक्ता मांग लचीली बनी रहेगी। हालांकि ग्रामीण मांग जिसमें शुरुआती सुधार के संकेत दिख रहे है, आसमान मानसून के कारण कमजोर बनी हुई है जिससे फसल की पैदावार और कृषि आय में कमी हो सकती है। अक्टूबर में मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य पेय पदार्थ और ईंधन को छोड़कर सीपीआई) अप्रैल 2020 के बाद से सबसे निचले स्तर पर 4.3 फ़ीसदी (सितंबर 4. 5 फ़ीसदी) पर आ गई थी। वित्त वर्ष 2024 में मुख्य मुद्रास्फीति औसतन 4.5 फीसदी रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में इसके कुछ समय के लिए कम होकर चार फ़ीसदी से कम होने की संभावना है। मुख्य मुद्रास्फीति में या कमी रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति को कुछ राहत प्रदान करेगी। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 25 में मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक की चार फ़ीसदी के लक्ष्य तक कम हो जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी अक्टूबर के व्यापार आंकड़े के अनुसार अक्टूबर में निर्यात में 6त्न और आयात में 11फीसदी का इजाफा हुआ है। हालांकि व्यापार घाटा बढ़कर 26 अरब डालर हो गया है। शेयर बाजार में शानदार बढ़त देखने को मिल रही है। कुल मिलाकर, भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कई वैश्विक विश्लेषक अर्थव्यवस्था के लचीले बुनियादी सिद्धांतों और पिछले कुछ वर्षों में उठाए गए निर्णायक नीतिगत कदमों को लेकर भारत के प्रति आशावादी हैं । भारत में घरेलू विकास मजबूत हो रहा है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर बाहरी झटकों का असर कम पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत में संरचनात्मक विकास की सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। वर्ष 2024 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.5 फ़ीसदी पर रहने की संभावना है। भारत फिलहाल 36 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है। लेकिन बहुत संभव है कि वर्ष 2030 या उससे पहले यह 70 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय शताब्दी पहले ही शुरू हो चुकी है। आगामी दशकों में यह वैश्विक आर्थिक महाशक्तियों में अग्रणी स्थान हासिल कर सकता है।



# खीरी के लाल मंजीत ने सुनाई आपबीती, साथियों के साथ काटा मुश्किल वक्त, नहीं टूटने दी हिम्मत

* लखनऊ में सीएम योगी से मिलकर घर लौटे मंजीत, कलेक्ट्रेट में अफसरों ने किया स्वागत





जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

उत्तराखंड के ऋषिकेश से मंजीत, उनके पिता व अन्य श्रमिक निजी बस से शुक्रवार सुबह लखनऊ पहुंचे। वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों से मुलाकात की। लखनऊ से मंजीत व उनके पिता शाम को लखीमपुर खीरी पहुंचे, कलेक्ट्रेट सभागार में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग मंजीत और उनके पिता को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया और उन्हें मिठाई और उपहार भी प्रदान किए। इस दौरान मंजीत ने डीएम को 17 दिनों की टनल के अंदर से बाहर आने तक की कहानी सुनाई। कहा कि हमें लगा था कि यही मर जाएंगे। मगर सरकार के प्रयास से बाहर आ गए। बताते चलें उत्तरकाशी की निर्माणाधीन टनल में 17 दिन तक फंस रहे मंजीत की 80 दिन बाद घर वापस पहुंचे। शुक्रवार दोपहर को वह पिता चौधरी के साथ पहले लखीमपुर खीरी पहुंचे। यहां कलेक्ट्रेट में अधिकारियों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व ऋषिकेश से मंजीत, उनके पिता व अन्य श्रमिक निजी बस से लखनऊ पहुंचे थे। वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मंजीत के साहस की सराहना की। लखनऊ से मंजीत और पिता को लखीमपुर खीरी के लिए रवाना किया गया। भैरमपुर गांव निवासी मंजीत के स्वागत के लिए परिवार के लोग सुबह से तैयारियों में जुटे रहे। भाई के स्वागत में बहनों ने आंगन में रंगोली सजाई। मां ने अपने हाथों से बेटे के लिए खाना बनाया। गांव के लोगों ने घर के बाहर टेंट लगवाया। मंजीत की मां चौधराइन ने कहा कि वो बेटे को अपने हाथों से खाना खिलाएंगी। बता दें कि मंजीत समेत 41 श्रमिक निर्माणाधीन टनल में दिवाली वाले दिन फंस गए थे। श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए 17 दिन तक रेस्क्यू चला। 17वें सभी श्रमिकों को सुरंग से बाहर निकाला गया। इसके बाद उनका स्वास्थ्य परीक्षण हुआ, जिसमें सभी स्वस्थ पाए गए। इसके बाद वहां से रवाना किए गए थे।

# न्यू एनटीआई पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी




कस्बा के न्यू एनटीआई पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रबंधक शाहनवाज खां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आयोजित खेलों का शुभारंभ किया। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।न्यू एनटीआई पब्लिक स्कूल शुक्रवार को खेल सप्ताह का आयोजन हुआ।आयोजित खेल दौड़ में अन्नया ,पार्थ और शिवा , बैलून रेस में अदीबा , उर्वा, रिद्धि, तिरछी दौड़ में मन्नत ,सम्राट, अमरेंद्र, हाफ लेग रेस में बुशरा रिद्धि अन्नया, ऊंची कूद में बाबर ,हम्माद और संचित, कबड्डी में आवइश की टीम प्रथम, काव्यांश की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कूद में प्रभात ,अक्षत और आयरन, नैतिक,अनिकेत, युवराज, किशन, शेखर, आयुष, मोहित, तफसीर, आदिल, अमित यादव ,अमान खा और अर्श विजई रहे। दौड़ में किशन यादव अयान खा, विजेता रहे। ऊंची कूद में शिवम ,सौरभ सिंह, रस्साकशी में अरहम, शेखर, मोहित,अभिषेक, अर्श, कीरत, रोहित यादव ,मोहित यादव का ग्रुप विजेता बना।प्रबंधक ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई की।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मतदाता जागरूकता के लिए बाइक रैली रवाना, सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस/बहराइच। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस 02 व 03 दिसम्बर 2023 को जनमानस में अधिक से अधिक जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से तहसील सदर बहराइच में समाविष्ट विधानसभा क्षेत्र 286-बहराइच में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर बहराइच प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव सिसौदिया, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति ज्योति चौरसिया, तहसीलदार अभयराज पाण्डेय व अन्य के साथ मोटर साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। मोटर साइकिल रैली पानी टंकी, डिगिहा, छावनी, पीपल तिरहा, तिकोनीबाग पुलिस चौकी, किसान पीजी कालेज होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में आकर सम्पन्न हुई।



### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

जन एक्सप्रेस/बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह दिसम्बर के प्रथम शनिवार 02 दिसम्बर 2023 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

### महिला पीजी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर एकदिवसीय शिविर का आयोजन


जन एक्सप्रेस/बहराइच। विश्व एड्स दिवस पर शुक्रवार को महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर का निर्देशन कालेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रिया मुखर्ज़ी ने किया जबकि नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ अमृता मिश्रा किया। इस अवसर पर संगोष्ठी,पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया इसके पश्चात छात्राओं को एड्स के प्रति जागरूक करने हेतु एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया।एड्स के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा सिसई हैदर गाँव में जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सम्मानित प्रवक्तागण भी उपस्थित रहे।



### शरद ऋतु में गोवंशों के लिए किए जाएंगे माकूल बन्दोबस्त

सीडीओ ने देवरायपुर गौशाला का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/बहराइच। जिले में संचालित गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने विकास खण्ड महसी अन्तर्गत अस्थायी गौआश्रय स्थल देवरायपुर का औचक निरीक्षण किया तथा संरक्षित पशुओं को गुड़, चना व फल खिलाकर गौसेवा की। सीडीओ ने मौके पर मौजूद खण्ड विकास अधिकारी महसी हेमन्त यादव व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि शरद ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए संरक्षित गौवंशों के लिए टाट कोट तथा पशु बाड़ों में पर्दा की व्यवस्था की जाय ताकि पशुओं को शीत लहर से बचाव हो सके। निरीक्षण के दौरान सीडीओ को जानकारी दी गई कि वर्तमान में यहां पर 185 गौवंश संरक्षित है जिसमें 90 मादा व 95 नर गौवंश है। सीडीओ ने पशु बाड़ों तथा गोदाम का निरीक्षण कर एकत्र की गई पराली पर संतोष जताते हुए निर्देशित किया कि संरक्षित गोवंशों को शासन की मंशानुसार हरे चारे, भूसा तथा चिकित्सा के माकूल बन्दोबस्त किये जायें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आलोक व सचिव ग्राम पंचायत धर्मेंद्र, प्रवीण श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्त एवं खण्ड प्रेरक बृजेश बाजपेयी उपस्थित रहे।



# किसानों को रात में मिली कुछ राहत

* रात 9:00 बजे से सुबह 6:00 तक कर सकेंगे अंबेडकर रोड का प्रयोग
* नई व्यवस्था आज रात से लागू
* दिन में लागू रहेगी पुरानी व्यवस्था
* किसानों के साथ हुई बैठक में उप जिलाधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



किसानों को चीनी मिल में गन्ना सप्लाई करने के लिए थोड़ी राहत मिली है शुक्रवार को किसान नेताओं ने अफसर के साथ बैठक की। जिस पर सहमति बनी है। शुक्रवार को दोपहर तमाम किसान नेता कोतवाली पहुंचे जहां एसडीएम रत्नाकर मिश्र, कोतवाली इंद्रजीत सिंह, चीनी मिल के कारखाना प्रबंधक आरके मिश्र, यातायात प्रभारी हरमीत सिंह के साथ बैठक हुई। किसान नेताओं की मांग थी कि मेला मैदान अंबेडकर चौराहा रोड़ चीनी मिल को गन्ना ले जाने के लिए बनी है जिस पर किसान अपना गन्ना हमेशा चीनी मिल को ले जाते रहे हैं। इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं निकलने दिया जा रहा है। जिस पर सहमत बनी है। रात 9:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक किसान अपने गन्ना भरे वाहन अंबेडकर चौराहा मेला मैदान होकर निकल सकेंगे। दिन में काफी भीड़ रहती है दुर्घटना का खतरा है। अधिकारियों के समझाने पर किसान मान गए। इस मौके पर किसान नेता अंजनी दीक्षित, हरी सिंह, अमनदीप संधू, दिलबाग सिंह, बलवीर सिंह सतनाम सिंह, अनिल अवस्थी, मनोज वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा सहित तमाम किसान भी बैठक में शामिल रहे।

## कोतवाली पलिया क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग चार माह से गायब लड़कियों का नही लगा सुराग

जन एक्सप्रेस । रिजवान खान



पलिया कलां खीरी। कोतवाली पलिया क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग चार माह दो अलग अलग जगह से गायब लड़कियों का अभी कोई सुराग नही लग पा रहा है जिसके लिए पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद के निर्देश पीड़ित परजनों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस की कई टीम गुमसुदा लड़कियों को खोज बीन करने का निरन्तर प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार बताया जाता कि दिनांक 17 अगस्त 2023 को रेशमा उम्र 15वर्षीय पुत्री राम प्रसाद निवासी ग्राम पटिहन एवम दिनांक 12 सितंबर को राधा उम्र 18 वर्षीय पुत्री राजाराम निवासी सिघईया थाना पलिया से अचानक रहस्मई की तरह गायब हो गई थी परिजनों द्वारा सुचना मिलने पर पलिया कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर दोनो गुमसुदा लड़कियों की युद्ध स्तर पर निरन्तर तलास जारी है किंतु पुलिस को अभी तक कोई सफ़लता नही मिला है।

## मतदाता विशेष बूथ दिवस 02 व 03 दिसम्बर को

जन एक्सप्रेस । हरदोई

बदर अली इंटर कॉलेज, संडीला, में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे तान्या सिंह (उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 161 संडीला), सीमा निगार (खण्ड शिक्षा अधिकारी संडीला/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 161 संडीला) ने चुनाव और निर्वाचन से संबंधित जानकारी विद्यालय के छात्रों को दी फार्म 6 अधिक से अधिक बढ़वाएं व 18 से 19 वाले मतदाता विशेष बूथ दिवस 02 व 03 दिसम्बर 2023 को है सभी बीएलओ अपने गांव क्षेत्र के स्कूल में उपस्थित रहेंगे।

## मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने किया ब्लॉक व स्कूलों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा प्राथमिक विद्यालय कन्जड़पुरवा ब्लाक टड़ियावां, आंगनवाड़ी केन्द्र कंजड पुरवा एवं विकास खण्ड कार्यालय सुरसा तथा अस्थायी पशु आश्रय स्थल उमरापुर का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय कन्जड़पुरवा में पंजीकृत 136 बच्चों के सापेक्ष 70 बच्चे उपस्थित पाये गये। विद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने रिक्त भूमि पर किचेन गार्डेन बनाये जाने के निर्देश दिये। शौचालय का निरीक्षण करने पर गन्दे पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इंचार्ज प्रधानाध्यापक ममता तिवारी को सचेत करते हुए दैनिक साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये।आंगनवाड़ी केन्द्र कन्जड़पुरवा में पंजीकृत 40 बच्चों के सापेक्ष मात्र 08 बच्चे ही उपस्थित पाये गये साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्री उर्मिला देवी अनुपस्थित थीं। मौके पर बच्चों के शिक्षण कार्य हेतु केन्द्र को उपलब्ध करायी गयी सामग्री, वजन मशीन एवं लंबाई मापने का उपकरण पैक करके रखे गये थे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि आंगनवाड़ी केन्द्र का संचालन ठीक प्रकार से नहीं किया जाता और न ही उपकरणों एवं अध्ययन सामग्री का प्रयोग किया जाता है। केन्द्र पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक वालपेन्टिंग भी नहीं करायी गयी थी।

# गोला समिति का फर्जीवाड़ा, एक नाम से दो सट्टे हो रहे संचालित

जन एक्सप्रेस । रेहरिया खीरी

रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत किसान का गोला में स्थित किसान सहकारी समिति में समिति के कर्मचारियों की मिलीभगत से एक नाम से दो सट्टे संचालित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलवंत सिंह पुत्र शेर सिंह का मूल निवास सुभाष नगर हैं। जबकि इनके नाम से कुंभी चीनी मिल में चल रहें डबल सट्टे चल रहे है जिनका एक सट्टा राजगढ़ निवास से संचालित हो रहा हैं, और दूसरा सट्टा निवासी सुभाष नगर के नाम से संचालित हो रहा हैं।जवकि यह मूल निवासी सुभाष नगर के हैं जिनका बेसिक कोटा 2012 में 1197 क्वांटिटी थी लेकिन वही अब बढ़कर 2023 में 1934 बेसिक कोटा क्वांटिटी कर दी गई हैं। वहीं दूसरे किसान रनजोत सिंह पुत्र शेर सिंह एक सट्टा निवासी सुभाष नगर के नाम से संचालित हो रहा हैं। वहीं दूसरा सट्टा राजगढ़ गाव के नाम से संचालित हो रहा हैं। जबकि इनका मूल निवास सुभाष नगर है जिनका बेसिक कोटा 1706 क्वांटिटी वर्ष 2021 में था।

## अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया अभियान

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी



मोहम्मदी खीरी। जिला आबकारी अधिकारी के दिशा निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मोहम्मदी आबकारी निरीक्षक रूद्र कान्त मिश्रा मय टीम द्वारा शुक्रवार सुबह 4 बजे ग्राम बौधनियां मे दविस दी गयी। दविस के दौरान गन्ने के खेत मे तलासी ली गयी। तलासी के दौरान खेत मे दो चढी भट्टी बरामद कर मौके पर नष्ट की गयी। खेत मे जगह जगह 10 गड्ढो मे कुल लगभग 1500 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट की गयी। साथ ही तलासी के दौरान खेत मे छिपाकर रखी तीन जरीकेन बरामद की गयी,प्रत्येक जरीकेन मे लगभग 50 लीटर, कुल 150 लीटर अवैध कच्ची शराब मोके पर बरामद कर जब्त की गयी। कार्यवाही के दौरान आबकारी निरीक्षक रूद्र कान्त मिश्रा के साथ प्रधान आबकारी सिपाही अजय कुमार,आबकारी सिपाही सत्यैंद्र कुमार व बंशबहादुर मौजूद रहे।

## एक ट्रैक्टर में दो ट्रालियां जोड़कर गन्ना लाए तो नहीं होगी तौल

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। अब अगर कोई भी गन्ना किसान ट्रैक्टर में एक साथ दो ट्रालियां लेकर चीनी मिल गन्ना लेकर आएगा तो उसकी तौल नहीं की जाएगी। इसके लिए नोटिस चश्पा की गई है।जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, समिति सचिव और चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से संयुक्त रूप से यह नोटिस लगाई गई है कि जिला गन्ना अधिकारी के निर्देश के तहत कोई भी किसान एक ट्रैक्टर में एक साथ दो ट्रालियां जोड़ कर गन्ना लेकर आएगा तो उसका टोकन जारी नहीं होगा और तौल नहीं की जाएगी।

# संपूर्णानगर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

* मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बृज मौर्य क्षेत्र पंचायत सदस्य एवम पार्टी नगर अध्यक्ष राजन यादव ने किया समापन

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी



तहसील क्षेत्र के संपूर्णा नगर पब्लिक इंटर कालेज 49 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे खेल कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का अयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बृज मौर्य एवम विशिष्ठ अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा नगर अध्यक्ष कांग्रेस ई राजन यादव ने खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन संपूर्णा नगर पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गौड़ ने करते हुए बताया कि आयोजित कार्यक्रम में नौजवानों के लिए स्वास्थ्य एवम शक्ति वर्धक खेल कूद का आयोजन किया गया है। जिसमे कबड्डी , दौड़, खो खो फुटवाल,रस्साकसी आदि खेल शामिल हैं प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी को प्रश्सस पत्र एवम पुरस्कार देवर सम्मानित किया जाएगा।इस दौरान समाजवादी के पूर्व नगर अध्यक्ष नेशी मेहता, सोनू श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन




जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

कस्बा में सी एच सी परिसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अधीक्षक मयंक मिश्रा ने किया।गुरुवार को सी एच सी पर आयोजित शिविर में डॉक्टर अखिलेश शुक्ला साइकेट्रिक कंसल्टेंट, डॉ स्तुति कक्कड़ साइकोलॉजिस्ट, विवेक मित्तल, अतुल पांडे , डॉ मोहित वीर, निशांत शुक्ला, देवेंद्र पांडे की टीम ने शिविर में आए मानसिक रोगी 88 और एमसीडी के 104 रोगियों का परीक्षण किया और दवाइयां वितरित की। इस मौके पर समस्त स्टाफ कर्मचारी मौजूद रहे।

# केडीसी के छात्र-छात्राओं ने किया थारू गांवों का शैक्षिक भ्रमण

जन एक्सप्रेस । बहराइच



किसान पी .जी. कॉलेज स्वायत्तशासी संस्था के मध्यकालीन इतिहास विषय के पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने मिहींपुरवा तहसील के अंतर्गत आने वाले फकीरपुरी, बर्दिया और बिसुनापुर गांवों का शैक्षिक भ्रमण किया।इन गांवों में निवास करने वाली थारू जनजाति की सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन किया और मौके पर पहुंचकर उनकी स्थिति की जानकारी हासिल की। शैक्षिक भ्रमण का निर्देशन मध्यकालीन इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ.तबरेज अनीस ने किया। इस शैक्षिक भ्रमण में शामिल मध्यकालीन इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह ने बताया कि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एसपी सिंह की प्रेरणा से कॉलेज में थारू जनजाति की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किया जा रहे हैं। जिससे उनके सामाजिक,सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में कार्य किए जा सकें। इस शैक्षिक भ्रमण में महाविद्यालय के मध्यकालीन इतिहास विभाग के पांचवें सेमेस्टर के 150 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।वे भ्रमण के बाद अपनी रिपोर्ट विभाग के प्रभारी डॉ. तबरेज अनीस को सौंपेंगे।इस शैक्षिक भ्रमण को सफल बनाने में प्राचीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर शैलेंद्र प्रताप सिंह और मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह ने विशेष सहयोग किया।

# एड्स के खिलाफ पोस्टर प्रतियोगिता में नेहा ने बाजी मारी

* पायल तथा रोशनजहां द्वितीय, सौम्या,मानसी व निसार को मिला तीसरा स्थान
* विश्व एड्स दिवस पर केबीसी में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

जन एक्सप्रेस । बहराइच



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शुक्रवार को किसान पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एड्स के विरुद्ध जागरूकता के लिए व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में लगभग सौ छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में नेहा रौनियार प्रथम, पायल प्रियदर्शनी तथा रोशनजहां द्वितीय तथा सौम्या, मानसी मिश्रा व निसार खान तृतीय स्थान पर रहे। वनस्पति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आनंद श्रीवास्तव ने विश्व एड्स दिवस पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को एड्स जैसी घातक बीमारी से अपने आप एवं समाज के लोगों को जागरूक करते हुए बचाव करना है। व्याख्यान के बाद एड्स जागरूकता संबंधी पोस्टर का निरीक्षण करते हुए अतिथियों द्वारा प्रश्न एवं संवाद के माध्यम से छात्रों की शंकाओं का समाधान किया गया। उक्त अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के अलावा कार्यक्रम अधिकारी सी डी सिंह विसेन,अजय त्रिपाठी डॉ. धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ पी एल त्रिपाठी डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह डॉक्टर अनुपम प्रकाश डॉ दिनेश कुमार शुक्ला,अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर तथा एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय प्रताप सिंह ने किया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात माह नवंबर 2023 का किया गया समापन

जन एक्सप्रेस। महोबा



यातायात माह नवम्बर के समापन होने पर रिजर्व पुलिस लाइन, महोबा में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा यातायात माह नवंबर-2023 का समापन जनपदीय पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनपद के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यातायात माह नवम्बर के समापन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम को आंदोलनात्मक रूप देने का प्रयास किया गया साथ ही यातायात नियमों का पालन किये तथा कराये जाने की शपथ सभी के द्वारा ली गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए यातायात नियमो की जानकारी की आवश्यकता, जागरूकता कार्यक्रमों की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए जनपदीय पुलिस द्वारा किये गए जागरूकता कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की सराहना की गयी तथा जागरूकता कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में करने हेतु प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यातायात माह नवम्बर के दौरान वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रो में लोगो जागरूक करने के साथ-साथ मालवाहक वाहनों से सवारी ढोने वालो को जागरूक करते हुए प्रवर्तन की कार्यवाही की गई तथा लोगो से यातायात नियमो के पालन करने की अपील करते हुए अन्य लोगो को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करने वाले बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं को व यातायात माह-2023 को सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों तथा समाजसेवियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत करते हुये प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी तथा जनपद महोबा पुलिस द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिष्ठित व्यवसायियों, स्कूली बच्चों एवं स्कूल के प्रबन्धक गणों तथा पत्रकार बन्धुओं का सहृदय आभार व्यक्त किया गया।

# जाम के झाम से शहर वासी परेशान

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह



**महोबा।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह पंगू हो चुकी है। आए दिन शहर के मुख्य चैराहों व सड़कों में भारी जैम लगा रहता है। जैम के झाम से शहर वासियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि जैम में एम्बुलेंस घण्टों तक फसी रहती है और यातायात पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने खड़े रहते है।

गुरुवार के रोज बलखण्डेश्वर मंदिर के पास करीब आधा घण्टे तक भारी जैम लगा रहा जिसमें एम्बुलेंस भी फसी रही।

भीड़ को देख जनपदीय पुलिस ने कड़ी जद्दोजहद के बाद जैम को खुलवाया। ज्ञात हो यातायात पुलिस के गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते शहर के परमानन्द, आल्हा चैक, रोडवेज, ऊदल चैक, आदि जगहों पर आए दिन भारी जैम की स्थिति बनी रहती है जो कि आवश्यक कार्य से जा रहे लोगों को घण्टों भीड़ में खड़ा रहना पड़ता है। यातायात पुलिस की लापरवाही के चलते शहर के अंदर बड़े वाहन फर्राटे भरते नजर आते है जो जैम का मुख्य कारण है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। उरई



राज्यमंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम टिमरो व कुकरगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार किसानों एवं गावंवासियों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पंहुचा रही है। सभी लोग इन योजनाओं का लाभ उठाएं।विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य शासकीय योजनाओं को घर-घर तक पंहुचाना है। जनपद में कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होने कहा कि शासकीय योजनाओं से अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित किया जाए। उन्होने पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। नैनो यूरिया के स्प्रे के लिए ड्रोन का प्रदर्शन भी कराया गया। उन्होने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि देकर लाभान्वित किया। मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना एवं नैनो उर्वरक की विस्तृत जानकारी दी।विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद में एलईडी वैन के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सरकार की योजनाओं संबंधी जानकारी देते हुए आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा, परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम सहित अन्य गणमान्य एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

# बीते रोज हुई तेज बारिश से कृषकों की नवीन गल्ला मण्डी में रखी मूंगफली हुई जलमग्न

जन एक्सप्रेस। महोबा

बुंदेलखण्ड के महोबा की नवीन गल्ला मण्डी मे अव्यवस्थाओं के कारण लाखों रूपये कीमत की मूंगफली जलमग्न हो गई। नवीन गल्ला मण्डी सचिव की बडी लापरवाही के कारण किसानों की मेहनत की उपज बर्बाद हुई हैं। इसके लेकर किसानों मे खासी नाराजगी है। किसानों की फसल के लिए बने टीनसेड़ों मे व्यापारियों के अवैध कब्जे से खुले मे रखी कुंटलों मूंगफली बारिश के पानी मे बह गई। जिससे किसानों का खासा नुकसान हुआ है। अचानक हुई तेज बारिश से गल्ला मंडी के मूंगफली बेचने आए किसानों का माल जलमग्न होने से भारी नुकसान से किसान चिंतित है। महोबा मे बेमौसम अचानक तेज बारिश का कहर नवीन गल्ला मण्डी मे मूंगफली बेचने आए किसानों पर टूट पड़ा। इन दिनों महोबा गल्ला मंडी मे कई जिलों के किसान अपनी मूंगफली बेचने के लिए आते है। किसानो के लिए बने टीन सेड़ों मे व्यापारियों के अवैध कब्जे के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों को अपनी मूंगफली की उपज को बेचने के लिए खुले मे रखना पड़ता है। मंडी सचिव की लापरवाही का ही खामियाजा है कि अचानक हुई बारिश से खुले आसमान मे रखी हजारों कुंतल मूंगफली की उपज बर्बाद हो गई। मंडी की जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने के साथ ही किसानो के लिए उपज रखने के टीन सेड पर कब्जे के चलते मूंगफली की फसल बारिश मे जलमग्न हो गई। देर रात से कई घंटों तक लगातार हुई भीषण बारिश से मैदान मे बड़े बडे मूंगफली के ढेर पानी के साथ नालों मे बह गई है। जिससे किसानों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। किसान पानी मे तैर रही मूंगफली को मच्छरदानी और बोरियो मे एकत्र करने मे जुटा रहा। सैकड़ो किसानों और व्यापारियों की मूंगफली भीग गई है



जिससे मूंगफली का भाव तो कम मिल ही रहा है इसके साथ ही मूंगफली के सड़ने की सम्भावना बढ़ गई है। गल्ला मण्डी मे व्यापारी और किसान अपनी फसल को बचाने के लिए भरसक प्रयास करते दिखाई दिए लेकिन लगातार बिगड़ते मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मूंगफली बेंचने आए किसान बोले कोई व्यवस्था नही मंडी मे किसान किशोरीलाल, वृंद्रावन शिवहरे, अमर सिंह, आदि ने बताया कि मण्डी मे बड़े- बड़े टीनसेड चबूतरे बने हुए है जिनमें गल्ला व्यापारियों ने कब्जा कर रखा है वहॉ किसानो का माल ही नही पहुॅच पाता जिसकी बजह से बारिश मे अक्सर उनकी उपज भीग जाती है। सरकारी तंत्र किसानो के बारे मे जरा भी नही सोचता जिसकी बजह से उनकोई कई लाखो का नुकसान हो गया है लेकिन गल्ला मण्डी समिति ने बारिश से उनके माल को बचाने के लिए किसी प्रकार के कोई इंतजाम नही है।

दरअसल महोबा की नवीन गल्ला मण्डी मे व्यवस्थाओं की कमी के चलते अपनी उपज बेचने आ रहे किसानों को इस बारिश मे बड़ा नुकसान झेलना पड़ रहा है। तेज बारिश के चलते महोबा की नवीन गल्ला मण्डी मे जलभराव हो गया। बमुश्किल किसानो ने अपनी उपज को बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन तब तक 60 लाख रूपये कीमत तक की मूंगफली उपज बर्बाद होने का आंकलन किसान लगा रहे है। हद तो तब हुई जब हमने बारिश से तबाह परेशान किसानो की समस्या को लेकर मंडी सचिव सत्येन्द्र सिंह परिहार से मिलने उनके कार्यालय पहुॅचे तो कार्यालय मे अधिकारी से लेकर कर्मचारी सभी नदारत मिले। किसानों की समस्याओं से बेफिक्र सरकारी नुमाइंदों का कार्यालय से गायब रहना कई सवाल खड़े करता है। मंडी के सचिव अपने घर मे आराम करते मिले।

जब उनसे इन बावत सवाल किए तो उन्होने माना कि किसानों की मूंगफली बारिश के चलते बर्बाद हुई है। जिसकी क्षतिपूर्ति के लिए मूंगफली का रेट बढाया जायेगा। टीनसेड मे व्यापारियों के कब्जे को लेकर आदेश जारी करने की बात कही तो वही व्यापारियों के दबाव की बात भी बताते नजर आए है। बहरहाल भले ही मंडी सचिव किसानों की मूंगफली बर्बाद को लेकर क्षतिपूर्ति के उपाय बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हो लेकिन उनकी बातचीत से इतना तो साफ है कि मंडी के सचिव व्यापारियों के दबाव मे है। शायद यही वजह है कि किसानों का भला नही हो पा रहा।

## गैर जनपदों से आये निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों को मिली तैनाती

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गैर जनपदों से स्थानांतरित होकर आये निरीक्षकों व उप निरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने विभिन्न थानों में तैनाती दी है। इस बीच कोंच कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को हटाकर अपराध शाखा से सम्बद्ध कर दिया है। इसके अलावा निरीक्षक गैर जिले से आये निरीक्षक नयन सिंह को भी अपराध शाखा से सम्बद्ध कर दिया है। वही पुलिस लाइन से निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह को कोंच में अतिरिक्त निरीक्षक की पोस्टिंग दी गयी है। निरीक्षक नरेन्द्र कुमार को सदर कोतवाली में अतिरिक्त निरीक्षक अपराध की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उपनिरीक्षकों में उरकुदीन, राजेंद्र कुमार और देवेंद्र कुमार गौतम को सदर कोतवाली उरई,सुरेन्द्र पाल सिंह को थाना डकोर,ओमप्रकाश को कोटरा,बेचेलाल और सुरेश चंद्र को थाना जालौन,कन्हई सिंह को थाना कुठोद, ताड़केश्वर सिंह को थाना सिरसाकलार, दयाशंकर और इन्द्रमणी चौधरी को कालपी कोतवाली, हेमराज सिंह को कदौरा, रणविजय सिंह को थाना आटा, शीलेश कुमार को थाना चुर्खी, रामविलास यादव और बृजराज सिंह यादव को थाना कोंच, निदेश कुमार सिंह को थाना कैलिया, कौशलेन्द्र सिंह और पुत्तूलाल को थाना एट, उदय पाल सिंह को थाना नदीगाँव, नेतराम और संतोष सिंह को थाना माधौगढ़, समर सिंह को थाना गोहन, सुनील कुमार थाना रामपुरा और नरेन्द्र कुमार को थाना रेंढर में तैनाती मिली है।

# मुकदमा वापस न लेने पर बसपाइयों ने घर में घुसकर पीटा, दी धमकी

## पीड़ित ने कोतवाली पहुॅचकर बसपाइयो के विरूद्ध कराया मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। महोबा

जमीन के विवाद का मुकद्मा वापस न लेने पर बसपा से निकाय चुनाव मे महोबा नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ने भाई सहित अन्य साथियों के साथ मिलकर घर मे घुसकर पूर्व बसपा नेता के साथ मारपीट करते हुए जानमाल की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं मे मुकद्मा दर्ज करते हुए मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मुख्यालय के सुभाष नगर निवासी अशोक कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि 14 नवम्बर को जब वह घर मे था तभी राजू गुप्ता, मुहम्मद रियाज और मुहम्मद समद आए और मकान के बगल वाले प्लाट का मुकद्मा वापस लेने की बात कहने लगे। पीड़ित का कहना है कि राजू गुप्ता ने कहा कि वह प्लाट उसने खरीद लिया है, इसलिए कोर्ट से मुकद्मा वापस ले लो। आरोप लगाया कि मना करने पर गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध किया तो जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोगों ने मौके पर पहुॅचकर बीच बचाव किया। पीड़ित कहना है कि डायल 112 पर भी सूचना दी गई।

पीड़ित अशोक कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित राजू गुप्ता, मुहम्मद रियाज राइन, मुहम्मद समद सहित एक अज्ञात के खिलाफ एससीएससी एक्ट सहित मारपीट कर जानमाल की धमकी देने का मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

## अचेत अवस्था में मिले युवक की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम जोरा खेरा में गांव के बाहर ट्यूबेल पर अचेत अवस्था में मिले युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। देर शाम तक परिजनों द्वारा मामले में कोई कारवाई नहीं की गई है। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम जोराखेरा निवासी मान सिंह 42 वर्ष चार दिन पहले गांव के बाहर ट्यूबेल पर गया हुआ था। सुबह पास के खेतों में पहुंचे ग्रामीणों ने उसे ट्यूबवेल के पास अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। मामले की खबर मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और वह मौके पर पहुंच गए। जहां पर परिजनों ने उसे खून से लथपथ हालत में पड़ा पाया और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे झांसी रेफर कर दिया। जहां पर हालत में सुधार न होने पर उसे झांसी से ग्वालियर ले जाया गया।

जहां पर गुरुवार देर रात इलाज के दौरान उसकी की मौत हो गई।मौत की खबर सुनकर परिजनों में मातम छा गया। फिलहाल परिजनों ने अभी तक कोई कानूनी कार्यवाही नही कराई है।

# बनकटा पुलिस पर आरोप ही आरोप

जन एक्सप्रेस। बनकटा/देवरिया

आजकल बनकटा थाने में तैनात पुलिस कर्मियों पर आरोप पर आरोप लगते जा रहे है जिसको लेकर जहां पुलिस की छवि धूमिल हो रही है वहीं लोगों को पुलिस से न्याय का भरोसा उठता जा रहा है।इन सब के बावजूद ये पुलिस कर्मी आलाधिकारियों तक अपनी पहुंच का डंका बजाते हुए लोगों को धमकाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है।अभी इसी सप्ताह के भीतर क्षेत्र के एक गांव में मेड़ को लेकर दो पक्षो के बीच हुए विबाद में पुलिस ने पीड़ित पक्ष को जहां गम्भीर धारा में चालान कर दिया वहीं दूसरे पक्ष पर गैर जमानती धारा दर्ज करने के बाद भी आरोपियों को धारा 151 में चालान कर अपनी कार्यवाही पूर्ण कर ली।दूसरी घटना अभी हाल की है जिसमें पुलिस ने एक पक्षीय कारवाई की जिससे आहत होकर गिरफ्तार व्यक्ति की पत्नी को हार्ट अटैक आ गया और उसकी मौत हो गयी।तीसरी घटना विगत 1 सितम्बर की है जिसमे थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की का रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में कटा शव मिला था जिसके हाथ पैर में रस्सी बंधी मिली थी। मृतक के परिजनों पर पुलिस के पूछताछ का ऐसा जोर रहा कि पीड़िता को मुख्यमंत्री तक का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होना पड़ा। इन तीनों घटनाओं में थाना क्षेत्र में तैनात अलग अलग क्षेत्रों में तैनात उपनिरीक्षको की भूमिका रही है।अभी ताजी घटना एक  दुसरे हल्के में तैनात एक उपनिरीक्षक की है जिसपर आरोप है कि उसने ठेले व खोमचे वालों पर अनाधिकृत रूप से धौंस दिखाकर कलम के सिपाहियों पर ही उनकी कलम की धार कुंद करने के लिए ग़लत तरीके से शराब की तस्करी कराने के लिए नाम रखवाने की कोशिश की जा रही थी।ये क्षेत्र के तीन अलग-अलग हल्कों में तैनात उपनिरीक्षक है जो निरंतर चर्चा में बने हुए हैं।अभी ताजी घटना एक  दुसरे हल्के में तैनात एक उपनिरीक्षक की है जिसपर आरोप है कि उसने ठेले व खोमचे वालों पर अनाधिकृत रूप से धौंस दिखाकर कलम के सिपाहियों पर ही उनकी कलम की धार कुंद करने के लिए ग़लत तरीके से शराब की तस्करी कराने के लिए नाम रखवाने की कोशिश की जा रही थी।ये क्षेत्र के तीन अलग-अलग हल्कों में तैनात उपनिरीक्षक है जो निरंतर चर्चा में बने हुए हैं।

## वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र की महत्वपूर्ण उमरी चौकी प्रभारी ने सूचना के आधार पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद कर चालान कर दिया। रामपुर थाना क्षेत्र की ऊमरी चौकी प्रभारी रामचंद्र अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में चोर, लुटेरे, वांछित व वारंटियों के अलावा नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों की तलाश में घर पकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा किसी अनजान वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक की भनक लगी। भनक लगते ही चौकी प्रभारी ने अपने हमराही सिपाहियों के साथ मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी, और काली माता मंदिर के पास घेरा बंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पूछे जाने पर उसने अपना नाम संदीप सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी ऊमरी बताया। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने एक तमंचा व कारतूस बरामद कर संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत किया और चालान कर दिया।

उत्तर रेलवे
निर्माण संगठन
सूचना
लखनऊ मण्डल से रूदौली से पटरंगा (रूदौली, रौजागाँव और पटरंगा) स्टेशनों के मध्य नव-निर्मित रेल लाइन पर रेलमशीन, रेल डीएमटी, रेल बैलास्ट आदि तेज गति की ट्रेनों का संचालन चालू है।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त खण्ड में रेलवे लाइनों से दूर रहें। ट्रैक को केवल लेवल क्रासिंग से पार किया जाना चाहिए। लेवल क्रासिंग के अलावा किसी भी अन्य स्थान से ट्रैक पार करना रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 147(1) के तहत दंडनीय अपराध है और रेलवे अधिनियम के तहत अभियोजना के लिए उत्तरदायी है।
द्वारा जारी
3769/2023
उत्तर रेलवे निर्माण संगठन, लखनऊ-226004
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राजघाट में हुआ अंतिम संस्कार, पति ने दी मुखाग्नि

**जन एक्सप्रेस/बनकटा-देवरिया।** पति की गिरफ्तारी से आहत होकर हार्ट अटैक की शिकार हुई बनकटा थाना क्षेत्र के बनकटा सिरसेत गांव निवासिनी स्व0 कमला देवी का अन्तिम संस्कार गोरखपुर स्थित राजघाट पर किया गया। पत्नी को मुखाग्नि देते समय पति मार्कण्डेय राय के आंसू का दरिया रुकने का नाम नहीं ले रहा था। उनको रोते बिलखते देख लोग भावूक होकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल करते हुए सुना गया कि पुलिस एकतरफा कार्रवाई नहीं की होती तो शायद आज कमला देवी का जान नहीं गयी होती। घटना से आहत मार्कण्डेय राय ने 1076 पर सूचना देकर अपनी शिकायत दी है। कमला देवी की मौत से पूरे परिवार को जहां गहरा सदमा लगा है वहीं पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़ा हो रहा है।

## कृषि यंत्र हेतु 14 तक किया जा सकता है आवेदन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** उप कृषि निदेशक ने बताया है कि कृषि यंत्र वितरण हेतु लाभार्थी चयन पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था को समाप्त करके प्राप्त बुकिंग में से ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन व्यवस्था प्रारम्भ किया गया है। कृषि यन्त्रीकरण समस्त योजनाओ में कृषियंत्र / कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग, हाईटेक हब फार कस्टम हायरिंग, थेसिंग फलोर, एवं स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने हेतु आवेदन की बुकिंग आज प्रारम्भ हो गयी है। इच्छुक लाभार्थी / कृषक द्वारा 14 दिसंबर के रात्री 12:00 बजे तक आवेदन बुकिंग की जा सकती है। इच्छुक लाभार्थी/कृषक विभागीय दर्शन पोर्टल www. agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकाले लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

## केशवदत्त तिवारी के निधन पर शोक सभा

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** शहर के यशोदा नगर मे संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी के आवास पर पूर्व प्रधान पं0 रामसेवक तिवारी की अध्यक्षता मे एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा मे आल्हा परिषद के अध्यक्ष शरद तिवारी दाऊ के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता केशवदत्त तिवारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

# रोगी के साथ बात करने, खाने-पीने से नहीं फैलता एचआईवी का संक्रमण: अपर जिला जज

जन एक्सप्रेस। महोबा

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश महोबा जे0पी0 यादव के आदेशानुसार 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्वाधान मे जिला उपकारागार, महोबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज, राकेश कुमार गौतम ने की। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम, महोबा के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी चीफ रामनरेश यादव, व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेन्द्र सिंह, डिप्टी जेलर लालाराम सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया।






आयोजित शिविर में उपकारागार में निरूद्ध बन्दियों को जागरूक करते हुये एड्स की उत्पत्ति एवं बचाव से सम्बन्धित आवश्यक तथा महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी। साथ ही उपस्थित बन्दियों कों उनके कानूनी अधिकारों के बारे मे बताया तथा गरीब एवं असहाय बन्दियों जिनकी कोई पैरवी नही कर रहा है और वे अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नियुक्त करने में असक्षम है उनके लिये विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल उपलब्ध कराया जाता है जिनके द्वारा बन्दियों की समस्त प्रकार की विधिक सहायता की जाती है। साथ ही 9 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी-सुलह समझौते के आधार पर आप अपने मुकदमे को निस्तारित करा सकते है। डिप्टी जेलर लालाराम द्वारा कार्यक्रम हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जेल में निरूद्ध बन्दियों को अपनी बात कहने का मौका मिलता है और उन्हे अधिक से अधिक विधिक सहायता उपलब्ध होती है। उपस्थित बन्दियों द्वारा कार्यक्रम में प्रदत्त की गयी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियों की अत्यन्त सराहना की गयी।

# 'अयोध्याः एक सुखद यात्रा' पुस्तक का राज्यपाल आनन्दीबेन के हाथों विमोचन

## * टूरिस्ट गाइड का कार्य करेगी अयोध्याः एक सुखद यात्राः कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में तीर्थ यात्रियों तथा पर्यटकों की यात्रा को सुरुचिपूर्ण तथा सुगम बनाने के लिए ''अयोध्याः एक सुखद यात्रा÷ नाम से टूरिस्ट गाइड पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के कर कमलों द्वारा बुधवार को अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में किया गया। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा रचित इस पुस्तक में अयोध्या की पौराणिक महत्ता के साथ यहाँ के मंदिरों, घाटों, कुण्डों, अखाड़ों, दर्शनीय स्थलों, उद्यानों, भोजन, निवास स्थानों, यातायात की सुविधाओं के साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को समाहित किया गया है। कुलपति के इस प्रयास की सराहना करते हुए राज्यपाल ने इस पुस्तक की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम सभी के आराध्य है। कुलपति प्रो0 प्रतिभा द्वारा विश्वविद्यालय के प्रशासनिक दायित्वों के निवर्हन के साथ लोगों को अयोध्या के पौराणिक स्थलों एवं महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से **'अयोध्याः एक सुखद यात्रा'** पुस्तक की जो रचना की है वह निश्चित ही एक टूरिस्ट गाइड का काम करेगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि बचपन से ही रामचरित मानस के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम का चरित्र हमारा आदर्श रहा। अयोध्या में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर सेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि पिता प्रेम भूषण गोयल जी ने प्रेरणा दी कि अयोध्या आने वाले यात्रियों की सहायता के लिए विस्तृत जानकारी को संक्षिप्त और सरल भाषा में तुम्हें लिखना चाहिए। लगभग छः महीनों तक यहाँ के भव्य मंदिरों, घाटों, कुण्डों, परिक्रमाओं, उद्यानों, ऐतिहासिक स्थलों एवं स्मारकों का भ्रमण किया जिसमें डॉ. देशराज उपाध्याय, जो इतिहास एवं पुरातत्व के ज्ञाता है। अयोध्या क्षेत्र के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक परिवेश से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने इस पुस्तक पूर्ण करने में सहायता की। कुलपति ने बताया कि श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या भारतीय संस्कृति, धर्म, दर्शन, कला, साहित्य तथा आध्यात्म का प्राचीनतम केन्द्र है। प्रत्येक भारतीय, जिसकी आत्मा राममय है, यहाँ की यात्रा करना प्रारम्भ से ही उसका स्वप्न रहा है। ऐसे यात्रियों की यात्रा को सुखद बनाने के लिये चिरकाल से एक ऐसी पुस्तक की कमी का अनुभव किया जा रहा था, जिसमें इस नगर के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हो सके। कोशल पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित पुस्तक ''अयोध्याः एक सुखद यात्रा÷ इस कमी को पूरा करती है। पर्यटन स्थलों सुरम्य उद्यानों, होटल, रेस्टोरेंट, व्यंजन, यातायात के साधनों तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी के लिये यह पुस्तक सागर को गागर में समेटे हुए है। यह सचित्र पुस्तक अयोध्या की चित्रमय एल्बम ही नहीं अपितु इसका गजेटियर अथवा लघु इनसाइक्लोपीडिया है।कुलपति ने राज्यपाल आनन्दी बेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए अयोध्या विषयक महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करने के लिए महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, महन्त श्रीरामदास , ब्रिगेडियर रंजीव के. सिंह, नगर आयुक्त विशाल सिंह एवं सुप्रसिद्ध लेखक डॉ0 यतीन्द्र मिश्र का हार्दिक धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने डॉ. सरिता सिंह, राजीव त्रिपाठी, गिरीश चन्द्र पन्त, सुरेन्द्र प्रसाद, अक्षत अग्रहरि, सुबोध ममगाई, आजाद सिंह, राजीव पाठक, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय को भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ जनता को मिल रहा हैः लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा 26 जनवरी तक चलेगी। यात्रा के दौरान सभी ब्लॉकों के दो स्थानों पर जनसंवाद के लिए स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण, जन औषधि केंद्र के प्रति जागरूकता, महिला बाल विकास, जैसे सभी विभागों के कैंप लगाए जाएंगे। कैंप में जिला स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। जनता को सरकारी योजनाओं के बारें में जागरुक किया जाएगा। यात्रा को व्यापक बनाने के लिए भाजपा ने भी अपने एक-एक पदाधिकारी सभी कैंपों में लगाया है।

शुक्रवार को सोहावल ब्लॉक के लहरापुर में यात्रा के तहत आयोजित कैंप में सांसद लल्लू सिंह ने लोगों से संपर्क और संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। जन औषधि केंद्र ने लोगों की दवाई का खर्च 70 से 80 प्रतिशत कम कर दिया। किसान सम्मान निधि ने आर्थिक संबलता प्रदान की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों का अपने घर का स्वप्न साकार हुआ है। अटल पेंशन योजना जन धन योजना घर-घर जल योजना उज्वला योजना का लाभ सीधे जनता को मिला है।

मसौधा दौलतपुर में राधेश्याम त्यागी, छतरवा में दिनेश वर्मा ब्लाक प्रमुख, सोहावल तहसील के तहसीनपुर में अशोक कसौधन, पूरा ब्लॉक के रसड़ा में बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, रुदौली के निशा में कमला शंकर पाण्डेय, मिल्कीपुर के धमथुआ में राघवेंद्र पाण्डेय, समैसा में कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, बीकापुर के भावपुर में अवधेश पाण्डेय बादल कैंप में मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया की यात्रा के दौरान सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए 8 रथो का संचालन किया जा रहा है। रथ के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रसार प्रसार किया जा रहा है। जिसमें 6 रथ निकल चुके है। कार्यक्रम के संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल बनाए गये है।

## मंडलायुक्त व आईजी ने निर्माणाधीन मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट का किया स्थलीय निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने आईजी प्रवीण कुमार के साथ मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत निर्माणाधीन मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यो का अवलोकन किया तथा ए0ए0आई0 के प्रोजेक्ट इंजीनियर इंचार्ज राजीव कुलश्रेष्ठ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिकारी द्वय द्वारा निर्माणाधीन एयरपोर्ट निरीक्षण के दौरान सभी सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर ए0ए0आई0 के वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता का सांसद लल्लू सिंह ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम डाभा सेमर मे भाजपा किसान मोर्चा अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित दो दिवसीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह , सांसद पुत्र विकास सिंह प्रदेश अध्यक्ष कब्बडी संघ एवं विशिष्ट अतिथि चंचल मिश्रा क्रीड़ा अधिकारी मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह का स्वागत महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा विशाल सिंह बाबा , जिला कीड़ा अधिकारी का स्वागत महानगर उपाध्यक्ष वरुण चौधरी ने बुके देकर किया इस मौके पर देवकाली मंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी , महानगर महामन्त्री शैलेन्द्र कोरी, करियप्पा मंडल अध्यक्ष भाई रवी सोनकर मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह उपाध्यक्ष पंकज कनौजिया महानगर उपाध्यक्ष दीपक पांडेय महानगर महामंत्री कपिल देव वर्मा तथा महानगर किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रहें।

# चीनी मिल की उदासीनता का दंश झेल रहे राहगीर

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में चीनी मिल लगने के पश्चात जनता खुश हो गई और सब अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत और क्षेत्र के विकास होने का इंतजार करने लगे। इंतजार बढ़ता रहा लेकिन चीनी मिल से लोगों को विकास तो नहीं मिल सका लेकिन आसपास के क्षेत्र में लोगों का जीना दुश्वार हो गया है चीनी मिल की सैकड़ो गाड़ियां आने से संपर्क मार्ग टूटती गई। दुकानदार और सड़क से गुजरने वाले राहगीर दोनों शिकायत करते करते थक गए। सड़क के खराब होने से दूकानदारी इतनी प्रभावित हुई की दुकान का किराया चुका पाना भी भारी होने लगा। थकी हारी जनता के मन में आक्रोश पनप रहा है। यह जनपद मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर मिझौडा बाजार से चीनी मिल के गेट नंबर छः से होकर गुजराती सड़क का मामला है। जिस पर चीनी मिल से गन्ना आपूर्ति कर वापस ट्रैक्टर ट्राली गुजरती रहती है। एक किलोमीटर की दूरी तक इस सम्पर्क मार्ग पर धूल उड़ने से राहगीर परेशान हैं। लोगों की यात्रा में धूल बाधक बन रही है। उड़ती धूल राहगीर की आंखों में पड़ जा रही है। धूल के कारण लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं।राहगीरों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब बड़े वाहन गुजरते हैं। बड़े वाहनों के पीछे चल रहे लोगों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है। इससे सामने से आने वाले लोग भी स्पष्ट नहीं दिखाई पड़ते। सबसे ज्यादा दिक्कत दोपहिया, वाहन साइकिल व पैदल चल रहे लोगों के लिए हो रही है। इससे राहगीरों के साथ-साथ आसपास रह रहे लोगों को भी परेशानी हो रही है। सड़क किनारे बसे लोगों के घर धूल से पट जा रहे हैं। दुकानदार भी परेशान हैं। दुकानों की सफाई दिन में कई बार करनी पड़ रही है। जिम्मेदार इससे अनजान हैं। यह संपर्क मार्ग कई गांवों को जोड़ता है। जिसमें सबना हारीपुर,पीठापुर सरैया समेत कई गाँव के राहगीरों का आवागमन रहता है। वही दूसरी तरफ चीनी मिल प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रही है। अधिकतर यह सड़क चीनी मिल से निकलने वाले खाली ट्रैक्टर और सीडा व राखी की ढुलाई करने से क्षतिग्रस्त हुआ है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मिल प्रशासन इस सड़क पर पानी का छिड़काव भी नहीं करवाता जिससे धूल का गुबार ना उठ सके। चीनी मिल के प्रति वहां की जनता में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।

# विश्व विद्यालय निर्माण के लिए कृषकों ने किये सहमति पर हस्ताक्षर

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के अनुरोध पर शुक्रवार को शासन ने मां पाटेश्वरी राज्य विश्व विद्यालय निर्माण के लिए जमीन खरीदने हेतु पूर्व में नामित अधिकारी को बदलते हुए नये अधिकारी ज्वाइंट सेक्रेटरी को नामित कर जनपद भेज दिया है। नामित अधिकारी ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम कुमार पाण्डेय शुक्रवार को जनपद पहुंच गये हैं। उन्होंने भूमि क्रय के लिए एसडीएम, तहसीलदार के साथ प्रस्तावित ग्राम कोयलरा का दौरा कर किसानों से बातचीत किया। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने 1 दिसंबर को बताया कि भूमि क्रय के लिए किसानों ने नामित अधिकारी संयुक्त सचिव की उपस्थिति में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। जल्द ही दर निर्धारण समिति का गठन कर समिति की बैठक आहूत की जाएगी। गौरतलब है कि विश्व विद्यालय निर्माण में आने वाली समस्त अड़चनें तेजी से दूर होती जा रही हैं। विश्व विद्यालय निर्माण के लिए अध्यादेश के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है, जो कि विधानसभा में पारित भी हो गई है। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह द्वारा लगातार शासन को इस सम्बन्ध में पत्राचार किया जा रहा था।

विगत सप्ताह जिलाधिकारी ने भूमि क्रय के लिए नामित अधिकारी को शीघ्र जनपद भेजने के लिए शासन से अनुरोध किया था। परन्तु पूर्व में नामित अधिकारी जनपद नहीं आ रहे थे। जिलाधिकारी के पत्र का संज्ञान लेते हुए शासन द्वारा संयुक्त सचिव को भूमि क्रय के लिए अधिकारी नामित कर तत्काल फील्ड में जाने के लिए निर्देशित किया गया, जिसके क्रम में ज्वाइंट सेक्रेटरी द्वारा जनपद पहुंचकर प्रस्तावित ग्राम कोयलरा में किसानों के साथ वृहद चर्चा कर अड़चनों को दूर किया गया और किसानों द्वारा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये गये।

बताते चलें कि विश्व विद्यालय निर्माण के लिए चिन्हित 20.3620 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र में किसानों से भूमि का क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

मुआवजे के लिए भूमि के साथ-साथ पेड़-पौधों एवं चिन्हित क्षेत्र में चार व्यक्तियों के मकान का भी मूल्यांकन कर बजट में शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि विश्व विद्यालय के निर्माण को लेकर आगे की रणनीति तय कर ली गई है और इसके लिए समस्त कार्यवाहियां लगभग पूर्ण हैं।

## कोटेदार की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

अकबरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत सीहमऊ मोलनापुर के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि के उचित दर विक्रेता कंचन देवी के देवर रामचेत द्वारा राशन वितरण के दो तीन दिन पहले अंगूठा लगवा लिया जाता है उसके बाद कार्ड धारकों को राशन नहीं देता है जब राशन लेने जाते हैं राशन खत्म हो गया कह कर वापस भेज दिया जाता है।

वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उचित दर विक्रेता कंचन देवी के नाम से दुकान है आवंटित जबकि जब से दुकान आवंटित हुआ हैकंचन देवी अन्य प्रांत दिल्ली में अपने पति के साथ रहती है और कंचन के देवर राम चेत द्वारा अवैध रूप से दुकान का संचालन किया जाता है और जिनकार्ड धारकों को राशन दीया जाता है 2 से 3 किलोग्राम घटतौली करके राशन दिया जाता है। वहीं इस बात को लेकर जब जिला पूर्ति अधिकारी से बात करने कि कोशिश कि गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एड्स दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीज कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यशाला में एनएसएस स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं सहित मौजूद सभी लोगों द्वारा एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के मौके पर जनपद मुख्यालय सहित पूरे जिले भर में जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एमएलके पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना एमएलके पीजी कॉलेज इकाई की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में एनएसएस स्वयंसेवक तथा स्वयंसेवकाओ सहित महाविद्यालय के सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद रहे।

एनएसएस के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला ने विद्यार्थियों को एड्स रोग के कारक, संक्रमण व इसके संबंध में प्रचलित भ्रांतियों की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि एड्स असाध्य रोग है, इससे बचाव ही उपचार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर पीके सिंह ने की। प्रो पीके सिंह ने अपने संबोधन में कहा की जानकारी का अभाव ही इस रोग को फैलाता है। संगोष्ठी में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों के अलावा अम्बुज भार्गव, स्वाति पांडेय, मनस्वी त्रिपाठी आदि दर्जनों एनएसएस कैडेटों ने भी एड्स दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सभी ने एक साथ इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रण भी लिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ रमेश शुक्ला, डॉ अनामिका सिंह, डॉ जितेंद्र भट्ट सहित अन्य शिक्षक डॉ सतगुरु प्रकाश, डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय, डॉ आकांक्षा त्रिपाठी, डॉ पंकज श्रीवास्तव व डॉ आनंद बाजपाई सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में असलहों का धंधा करने वाले तीन बदमाश दबोचे

**जन एक्सप्रेस/अंबेडकरनगर।** लग्जरी वाहन से अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त करने वाले तीन अंतरजनपदीय बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह बदमाश तमंचे बनाकर उन्हें कई जिलों में सप्लाई करते थे। बदमाशों के कब्जे से सात तमंचे और बड़ी मात्रा में कारतूस व असलहे बनाने के उपकरण भी बरामद हुए हैं।

पुलिस को झांसा देने के लिए बदमाशों ने थार जैसे लग्जरी वाहन का प्रयोग जिले में भी शुरू कर दिया है। ऐसे वाहन पुलिस की जांच के दायरे में कम रहते हैं। इसलिए इसका फायदा उठाने की कोशिश अवैध असलहों का कारोबार करने वाले बदमाश कर रहे थे। इसी बीच अकबरपुर पुलिस टीम को बृहस्पतिवार सुबह सूचना मिली कि सुड़ारी घाट पर अवैध असलहा का कारोबार करने वाले कुछ लोग मौजूद हैं। पुलिस व स्वॉट टीम ने तत्काल मौके पर छापा मारा तो वहां एक लग्जरी वाहन के साथ तीन लोग मौजूद मिले। पुलिसकर्मियों ने पकड़ने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर फायर कर दिया।

# छात्र-छात्राओं को दी गई अग्निशमन यंत्रों द्वारा आग बुझाने की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को अग्निशमन यंत्रों द्वारा आग बुझाने के तरीकों की जानकारी दी गई।जानकारी के अनुसार 01 दिसंबर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''अग्निशमन यंत्र'' के प्रदर्शन को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन यंत्र को प्रभु दयाल सैनी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सीओ 2 एवं एबीसी यंत्रों का उपयोग करने के बारे में सिखाया कि कैसे उसका लॉक तोड़ना, पिन निकालना एवं कितनी दूरी से उससे आग पर काबू पाया जा सकता है । सर्वप्रथम सीओ 2 अग्निशमन यंत्र के उपयोग के अन्तर्गत शार्ट सर्किट तथा अन्य स्थिति में आग लगने पर उपयोग किया जाता है, जिसका भी कैसे लॉक तोड़ा जाये एवं पिन निकाला जाय इन सभी का प्रदर्शन करके दिखाया एवं बताया साथ ही गैंस सिलेंडर में आग लगने पर गैस सिलेंडर को भीगे हुए टाट एवं कंबल के द्वारा आग पर कैसे नियंत्रण पाया जा सकता है जानकारी दी। तत्पश्चात् एबीसी अग्निशमन यंत्र द्वारा अन्यत्र कहीं आग को काबू करने की बारे में बताते हुए कहा कि आग पर काबू पाने के लिए लगभग 1 मीटर की दूरी से यंत्रों को उपयोग करना चाहिए।

तत्पश्चात् विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बताया कि विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, अनियंत्रित आग जीवन और माल के लिए एक बड़ा संकट बन सकती है, और अग्निशमक इस खतरे से बचाव करते है। विभिन्न परिस्थितियों में आग पर काबू पाकर उसे बंद करने के लिए बहुत सी तकनीकें सीखनी पड़ती हैं और उन कठिन परिस्थितियों में जाकर उन्हें झेलने के लिए शारीरिक-क्षमता भी जरूरी है।

अग्निशमन के लिए विशेष सामान और यंत्रों का प्रयोग भी होता है। इनमें पानी, आग-निरोधक रसायन, भिन्न प्रकार के अग्नि-कवच, अग्निशमकों की आग निरोधक पोशाकें, जल गिराने वाले विमान, अग्निशमकों के विशेष वाहन, वगैरह शामिल है। अलग-अलग तरह की आगो के लिए अग्निशमक भिन्न चाजें प्रयोग करते है, मसलन बिजल से लगी आग के लिए पानी का प्रयोग नहीं किया जाता है। अंत में ''अग्निशमन यंत्र'' के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने सीनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं को अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करवाया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/बसखारी (अंबेडकरनगर)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में रोना पीटना मच गया। आलापुर थाना क्षेत्र के इंदईपुर निवासी अवनीश (20) बाइक से गुरुवार को अकबरपुर की तरफ जा रहा था। मसड़ा बाजार के आगे भगाही पंचायत घर के पास वह पहुंचा तथा तभी अज्ञात वाहन ने अवनीश की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर लगने से अवनीश बाइक समेत गिर गया। मौके पर ही उसकी हो गई। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने अनुसार उसने हेलमेट नहीं लगा रखा था। उसके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची बसखारी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खाद्य विभाग ने लोगो को खाद्य पदार्थों में मिलावट चेक करने के बताए उपाय

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



खादय एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आम जनमानस को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने व संभावित मिलावट के प्रति जागरूक करने के लिए श्वस्क्कु ङ्कह द्वारा जनपद के विभिन्न दुकानों/ स्थानो पर खाद्य पदार्थ की जांच की गई।

इसके साथ ही खाद्य पदार्थ में होने वाले मिलावट की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बरगदही बाजार उतरौला, गांधीनगर, फक्कड़ दास चौराहा उतरौला, जेवनार, कोड़री, नथुनिया मोड़, देवीपाटन मंदिर के सामने प्रतिष्ठान/ दुकान व आम जनमानस को जागरुक करते हुए खाद्य पदार्थों में होने वाले मिलावट को जांचने के आसान तरीके बताए गए। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर द्वितीय में मध्यान भोजन योजना अंतर्गत बच्चों को परोसे जा रहे रोटी, तैयार सब्जी युक्त दाल तथा उत्तर प्राथमिक विद्यालय ग्राम कमौवा शेरपुर से तैयार दाल तथा आंगनबाड़ी केंद्र पर रखे दलिया, मूंग दाल से बने खिचड़ी का जांच हेतु नमूना भेजा गया। इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों को भी जागरूक किया गया की अखबारी कागज व प्रिंटर पेपर पर खाद्य पदार्थों को खाने व परोसने से कैंसर जैसी होने वाली घातक बीमारी रोका जा सकता है इसलिए सभी बच्चों को अकबारी कागज व प्रिंटेड कागज पर खाद्य पदार्थों को ना खाने की सलाह दी गयी।

इस दौरान मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश कुमार बर्मा श्री राम मौर्य व विभागीय स्टाफ मौजूद रहें।

# पूरनपुर ब्लॉक की सभी सीएचसी-पीएचसी में लगा हेल्थ एटीएम

- जिला अस्पताल में भी मिलेगी हेल्थ एटीएम से जांच की सुविधा
- जनपद में चार से बढ़कर 18 हुई हेल्थ एटीएम की संख्या

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य कदम ने एक कदम आगे बढ़ाया है। जनपद में रोगियों की जांच के लिए हेल्थ एटीएम की संख्या बढ़ा दी गई है। पूर्व में संचालित चार हेल्थ एटीएम का दायरा बढ़ाते हुए जनपद में हेल्थ एटीएम की संख्या 18 कर दी गई है। साथ ही आकांक्षित विकास खंड पूरनपुर को पूर्ण रूप से हेल्थ एटीएम से संतृप्त किया गया। पूरनपुर ब्लाक की समस्त सीएचसी-पीएचसी पर हेल्थ एटीएम इंस्टाल कराए गए हैं, जिससे रोगियों को शरीर की विभिन्न जांचों की सुविधा मिल सकेगी।



> "जनपद में हेल्थ एटीएम की सुविधा का विस्तार किया गया है। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप समस्त स्वास्थ्य इकाईयों को हेल्थ एटीएम से संतृप्त किया जा रहा है। जनपद में अब 18 हेल्थ एटीएम लगाए गए हैं। पूरनपुर ब्लाक में महिला अस्पताल, सीएचसी पूरनपुर, माधोटांडा, भरतपुर हजारा, कुरैया कलां, पीएचसी शिवनगर, जमुनिया, जादोपुर गहलुइया, जटपुरा, गभिया सहराई में हेल्थ एटीएम की सुविधा मुहैया कराई गई है। इसके अलावा जिला अस्पताल व अन्य समस्त छह ब्लाकों की सीएचसी पर हेल्थ एटीएम स्थापित करा दिए गए हैं।
> - डॉ. आलोक कुमार, सीएमओ

पहले चरण में विधायक निधि से चार हेल्थ एटीएम खरीदकर सीएचसी बरखेड़ा, बीसलपुर, पूरनपुर व पीएचसी ललौरीखेड़ा में संचालित कराए गए थे। इसके बाद एक हेल्थ एटीएम रेडक्रॉस सोसायटी फंड से क्रय किया गया। अब 10 हेल्थ एटीएम यूपी मेडिकल ड्रग कारपोरेशन व तीन एटीएम वेयर हाउस से उपलब्ध कराए गए हैं जिन्हें समस्त सीएचसी, जिला अस्पताल व पूरनपुर की समस्त पीएचसी पर लगवाया गया है।

### मरीजों को मिलेगी राहत, 10 मिनट में रिपोर्ट

हेल्थ एटीएम से दस मिनट में पूरे शरीर का चेकअप हो जाएगा। हेल्थ एटीएम में आधुनिक तकनीक वाली मशीनों के जरिए लोग बॉडी मास इंडेक्स, ब्लड प्रेशर, मेटाबॉलिक ऐज, बॉडी फैट, हाईड्रेशन, पल्स रेट, हाइट, मसल मास, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा, वजन सहित कुल 59 पैरामीटर की जांच करा सकेंगे। बॉडी स्क्रीनिंग के लिए कुल 16 तरह की जांच तत्काल हो सकेंगी। इतना ही नहीं, हेल्थ एटीएम के माध्यम से रैपिड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, गर्भावस्था, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी, ग्लूकोज, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफाइल आदि जैसी जांचें भी बड़ी ही सरलता से लोगों को उपलब्ध हो पाएंगी।हेल्थ एटीएम के जरिए जांच कराकर सामान्य लोगों को जहां डायबिटीज, हाइपरटेंशन सहित अन्य बीमारियों का उपचार मिल सकेगा, वहीं यहां से मिलने वाले डाटा के जरिए भविष्य में बीमारियों के नियंत्रण की पुख्ता रणनीति बनाई जा सकेगी। जनपद व प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा सकेगा।

# ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध के मूड में शिक्षक, प्रक्रिया में बदलाव की मांग

- परिषदीय स्कूलों में वितरित करने को पूरनपुर बीआरसी पर पहुंचे 503 टैबलेट
- कई जनपदों में टैबलेट पर आनलाइन हाजिरी का परिषदीय स्कूल के शिक्षक कर रहे विरोध

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। परिषदीय स्कूलों में टाइम एंड मोशन स्टडी के आधार पर शैक्षिक कार्यों के लिए समय अवधि एवं मान्य कार्यों के साथ-साथ विद्यालय स्तर पर प्रयोग की जाने वाली 12 पंजीकरणों को डिजिटाइजेशन के शासन से निर्देश हैं। इसको लेकर सभी विद्यालयों को टैबलेट भी प्रदान किए जा रहे हैं। पूरनपुर बीआरसी पर भी 503 टैबलेट पहुंच गए हैं जिनका वितरण किया जाना है। हालांकि यहां के शिक्षक भी विरोध के मूड में हैं। पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र में 255 प्राथमिक, 73 उच्च प्राथमिक और 69 कंपोजिट विद्यालय हैं। अभी तक विद्यालयों में शिक्षक कई कार्य और शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज हो रही थी। शासन के निर्देश पर इस प्रक्रिया में बदलाव किया जा रहा है। नई प्रक्रिया के तहत प्रेरणा पोर्टल पर स्कूल की उपस्थिति पंजिका प्रवेश पंजिका कक्षा बार छात्र उपस्थिति पंजिका एमडीएम पंजिका समेकित निशुल्क सामग्री वितरण पंजिका स्टॉक पंजिका का अपलोड कर ऑनलाइन ही पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। साथ ही शिक्षकों के दोनों समय की हाजिरी भी आनलाइन दर्ज की जाएगी। इसके लिए सभी स्कूलों में टैबलेट वितरित किए जाएंगे। पूरनपुर बीआरसी पर स्कूलों में बांटने के लिए 503 टेबलेट पहुंच गए हैं। कुछ दिनों में ही यह टैबलेट स्कूलों में भी भेजे जाएंगे। शासन की मंशा है कि ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने से शिक्षकों के

> "अन्य जनपदों में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षक विरोध कर रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार ही इस प्रक्रिया पर प्रतिक्रिया दी जाएगी। उनका कहना है कि टैबलेट मिलना और स्कूल से संबंधित 12 रजिस्टर आनलाइन किए जाना सही है लेकिन उपस्थिति दर्ज होना शिक्षकों को रास नहीं आ रहा है। ऑनलाइन उपस्थिति प्रक्रिया में कुछ बदलाव होना चाहिए।
> -सूर्य प्रकाश गंगवार
> अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

> "बीआरसी क्षेत्र में संचालित परिषदीय स्कूलों के लिए 503 टैबलेट पहुंच गए हैं। इनको शीघ्र ही स्कूलों में भिजवाया जाएगा। शिक्षक विरोध के मूड में हैं इस प्रकार की जानकारी संज्ञान में नहीं आई है। शासन का निर्देश है इसका पालन शिक्षकों को करना होगा।
> विजय वीरेंद्र सिंह, बीईओ, पूरनपुर

स्कूल से गायब रहने और देरी से पहुंचने की लापरवाही पर रोक लग सकेगी। फिलहाल शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया से सहमत नही है। अन्य जनपदों के साथ ही पूरनपुर में भी शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर विरोध शुरू करने का पूरा मन बना लिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक और युवती की मौत, प्रेम प्रसंग की चर्चा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में अलग-अलग गांव निवासी युवक और युवती की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह तड़के दोनों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई। क्षेत्र में प्रेम प्रसंग की चर्चा होती रही।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव निवासी युवक और युवती ने गुरुवार देर रात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। अचानक युवक की हालत बिगड़ने पर स्वजन उपचार के लिए पूरनपुर के एक निजी अस्पताल में ले गए।उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाद में युवती की भी हालत बिगड़ गई।स्वजन उपचार के लिए युवती को पूरनपुर के निजी अस्पताल में लेकर आए। हालत गंभीर होने पर पीलीभीत के बाद बरेली ले गए। बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। स्वजन रात्रि में ही शव को घर ले आए। बताया जा रहा है कि युवक युवती के गांव में रिश्तेदारी है। युवक का आए दिन गांव में आना-जाना लगा रहता था। दोनों चोरी चुपके मिलते थे। शुक्रवार सुबह तड़के अलग-अलग गांव में दोनों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक सिंह ने बताया कि युवक और युवती की मृत्यु की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई।

# गोमती महोत्सव कवि सम्मेलन में आयोजकों ने वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार अधिवक्ता अरुण भारद्वाज को डाकट्रेड की मानद उपाधि से अलंकृत किया

जन एक्सप्रेस । राजकुमार

- अरुण भारद्वाज को मानद उपाधि सम्मान से नवाजे जाने पर जनपद के साहित्यकारों वकीलों पत्रकारों में खुशी की लहर

पीलीभीत। बांसुरी नगरी टाइगर रिजर्व तराई के जनपद पीलीभीत की तहसील कालीनगर के माधौटांडा स्थित आदिगंगा मां गोमती उद्गम तीर्थ स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर मां गोमती शरद कालीन महोत्सव 2023 का आयोजन कलीनगर के उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्ष्यकर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक शर्मा के नेतृत्व में पवित्र गोमती उद्गम स्थल पुनरुद्धार एवं बाबा दुर्गा नाथ सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन समारोह पांच दिवसीय गोमती महोत्सव के समापन दिवस पर बीती रात आयोजित किया गया इस कवि सम्मेलन समारोह आयोजन समिति एवं कवि सम्मेलन के अध्यक्ष रामावतार शर्मा तथा कवि सम्मेलन के कुशल संचालक वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार सतीश मिश्रा अचूक द्वारा जनपद की ललित कलाओं के लिए समर्पित साहित्यिक एवं समाजसेवी संस्था शब्दांकुर के अध्यक्ष युवा पत्रकार परिषद एवं श्री ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष तथा रघुवीर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष प्रख्यात कवि एवं शायर अधिवक्ता पत्रकार अरुण भारद्वाज मस्त को कवि सम्मेलन मंच पर सर्वसम्मति से कवि सम्मेलन संचालक सुकवि पत्रकार सतीश मिश्रा अचूक द्वारा डाकट्रेड की मानद उपाधि से अरुण भारद्वाज एडवोकेट को सम्मानित किया गया जिसका पूरे मंच के साहित्यकारों कवियों शायर शायरा ने तथा आयोजन समिति के पदाधिकारी सुधी श्रोताओं ने करतल ध्वनि से समर्थन करते हुए अरुण भारद्वाज को मानद उपाधि से नवाजे जाने पर बधाइयां दी मंच से घोषणा की गई इसके पश्चात अब अरुण भारद्वाज एडवोकेट अपने नाम के साथ डॉक्टर का प्रयोग कर सकेंगे सतीश मिश्रा अचूक ने मानद उपाधि प्रदान करते हुए कहा की मां सरस्वती की प्रेरणा से हिंदी उर्दू साहित्य के क्षेत्र में एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना अनुपम योगदान करने के लिए हिंदी सेवा करने के लिए हिंदी सेभी अरुण भारद्वाज को मानद उपाधि से विभूषित करते हुए हम सबको अपार हर्ष हो रहा है वास्तव में अरुण भारद्वाज एडवोकेट पत्रकार सुकवि सम्मान के लिए पात्र है श्री भारद्वाज को डाकट्रेड की मानद उपाधि प्रदान किए जाने पर मंचासीन कवि शायरों देवोत्थान साहित्य परिषद के अध्यक्ष रामावतार शर्मा गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के पूर्व विधायक प्रतिनिधि वरिष्ठ कवि नोटरी अधिवक्ता,अविनाश चंद्र मिश्र ,अमिताभ मिश्रा ,देव शर्मा विचित्र, प्रियांशु त्रिपाठी, कुलदीप कल्प , उमेश त्रिगुणायत, विद्वान शिक्षिका कवयित्री डॉक्टर निराजना शर्मा ,प्रख्यात शायरा सुल्तान जहां प्रख्यात शायर संजय पांडे गौहर, स्वाभिमान सिंह सहित आशुतोष दीक्षित पत्रकार नवीन अग्रवाल राइस मिलर अशोक खंडेलवाल ने हर्ष व्यक्त किया इसी के साथ पीलीभीत नगर के साहित्यकारों अधिवक्ताओं पत्रकारों मुकेश कुमार मनोज आकाश राजकुमार संयुक्त बार के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा महासचिव आनंद मिश्रा सिविल वार अध्यक्ष विवेक पांडे सचिव मोहन गिरी सेंट्रल बार अध्यक्ष कुलविंदर सिंह महासचिव पत्रकार विवेक अवस्थी महोत्सव आयोजन कलीनगर उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता रहे।

# इक़रा पब्लिक स्कूल में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



स्थानीय इक़रा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज पीलीभीत में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह दो वर्गों में कराई गयी जूनियर वर्ग कक्षा 6 से कक्षा 8 तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के छात्र - छात्राओं ने अपने-अपने मॉडल का प्रदर्शन किया जूनियर वर्ग में 15 मॉडल प्रस्तुत किए गए तथा सीनियर वर्ग में भी 14 मॉडल प्रस्तुत किए गए जिसमें लगभग 29 छात्र छात्राओं ने प्रतिभा किया। जूनियर वर्ग में अलफिशा कक्षा 6 ने प्रथम स्थान, नूरऐश कक्षा 8 ने दित्तीय स्थान, इक़रा फातिमा कक्षा 6 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में अनमता कक्षा 10 ने प्रथम स्थान, सदिया कक्षा 9 ने द्वितीय स्थान तथा सिदरा कक्षा 10 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन राम इंटर कॉलेज के पूर्व वरिष्ठ विज्ञान प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे तथा निर्णायक मंडल में कु. रूबी शरीफ, नाजिर हुसैन तथा श्रीमती रजनी सक्सेना रहीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि जो छात्र-छात्राएं विशेष ज्ञान रखते हैं वह विज्ञान को समझते हैं वे देश के एक बड़े वैज्ञानिक के रूप में जाने जाएंगे। बच्चों को मेहनत करना अति आवश्यक है और विज्ञान को समझना होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि चंद्रपाल ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक इक़बाल हसन खान, वसीमुद्दीन खान, श्रीमती मधु सक्सेना, श्रीमती रजनी सक्सेना, अफ़सार अहमद, मोताल हसन खान, मुमताज अहमद सिद्दीकी, श्रीमती गुलफिशा बेगम, ए.के. खान आदि लोग उपस्थित थे। अंत में अतिथियों का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य अख़लाक़ हसन खान ने किया तथा संचालन नाजिर हुसैन एवं कु. रुबी शरीफ ने संयुक्त रुप से किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नाली और ट्यूबवेल तोड़ने के विरोध पर मनबढ़ों ने चाचा-भतीजे को पीटा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के लवायन गांव में गत बुधवार को बांस बल्ली बांध लगभग एक विस्वा भूमि जबरन कब्जा कर लिए जाने के मामले में अभी कोई पुलिसिया कार्रवाई ही नहीं हो पाई थी कि शुक्रवार को मनबढ़ो ने पीड़ित किसान की नाली और ट्यूबवेल का कमरा भी ढहा दिया। विरोध करने पर चाचा और भतीजे को लात घूंसो से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की नामजद तहरीर के बाद भी पुलिस मौके पर जाना भी गंवारा नहीं समझा। लगता है कि पुलिस किसी अनहोनी घटना का इंतजार कर रही है। गांव निवासी मानवेन्द्र उपाध्याय का आरोप था कि गत बुधवार की सुबह पड़ोसी गांव अहीर खेतार के एक मनबढ़ परिवार की उसकी चक के बगल चक है। दोनों के बीच से सिंचाई के लिए नाली गई है। आरोप है कि नाली पार करके उसकी एक बिस्वा भूमि मनबढ़ो ने जबरन कब्जा कर लिया। जिसकी तहरीर थाने पर दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार की सुबह यही मनबढ़ लोग ट्यूबवेल का कमरा और नाली तोड़ने लगे।जिसका विरोध करने पर उसके छोटे भाई रामकृष्ण उपाध्याय और भतीजा अभय को मारपीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि बावजूद इसके पुलिस मामले को सजगता से नहीं ले रही है। वह किसी अनहोनी घटना का इंतजार कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी।

### विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया सीएम के नाम ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मछलीशहर। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिले के शिक्षक संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लाक के कई शिक्षक मौजूद रहे। शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मछलीशहर ब्लाक अध्यक्ष रवींद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां खंड शिक्षा अधिकारी बसंत शुक्ला को मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन को सौंपा। श्री सिंह ने बताया की प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की वेतन विसंगति, ई.एल.की सुविधा, शिक्षकों से अन्य कार्य ना लेने, प्रोन्नति वेतनमान, कैशलेश चिकित्सा सुविधा, आनलाइन हाजरी, सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण समेत कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से सभी समस्याओं का निदान कराने की मांग की। इस मौके पर महामंत्री सरजू प्रसाद, बसंत लाल, आशुतोष कुमार, चंद्रकांत पांडेय, रवींद्र कुमार यादव, विजय प्रकाश, कमलेश उपाध्याय, मो. इलियास, वंदना गुप्ता, सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।




### जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कार वितरण कर यातायात माह का किया समापन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, व पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2023 जागरुकता माह का समापन, पुलिस लाइन जौनपुर में बहुउद्देशीय हाल में दीप प्रज्जलवन व पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। यातायात माह का समापन पुलिस लाइन जौनपुर के बहुउद्देशीय हाल में मुख्य अतिथि श्रीमती मनोरमा मौर्य नगरपालिका अध्यक्ष जौनपुर ज्ञानप्रकाश सिंह समाजसेवीशिद नेश सिंह (अध्यक्ष बस एसोसिएसन विवेक श्रीवास्तव साल्वेशन हास्पिटल), डॉ0 अलोक यादव एम0डी0 दुर्गा सिटी हास्पिटल डॉ0 सुरेश विश्वकर्मा उजाला हास्पिटल सुरज सेठ सिद्धविनायक यथार्थ मेडिकल पंकज शुक्ला शुक्ला ट्रान्सपोर्ट कम्पनी सलमान शेख नाट्य कलाकार, हेलमेट लघु फिल्म डायरेक्टर, प्रदीप ताईक्वान्डो -सिविल डिफेन्स की मौजूदगी में कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा, जौनपुर, पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामिण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात देवेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला, के द्वारा दीप प्रज्जलवन किया गया।



# डीआईजी ने शाहगंज क्षेत्राधिकारी के उत्कृष्ट कार्य हेतु दिया प्रशस्ति पत्र

- जन एक्सप्रेस क्षेत्राधिकारी की कार्यप्रणाली को पहले ही अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित कर चुका है





**बगैर वर्दी साइकिल से थाने पहुंचे योगी के पुलिस अधिकारी अधीनस्थों में मचा हड़कंप बना चर्चा का विषय**

- आम आदमी बनकर आम लोगों से पुलिस की कार्यप्रणाली को जाना और समझा
- शाहगंज सर्किल पुलिस एक माह में पांच बड़े अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित

जौनपुर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध अपराधियों पर अंकुश लगाने के क्रम में शाहगंज तहसील में तैनात पुलिस उपाधीक्षक शुभम तोदी शाहगंज सर्किल के शाहगंज खेतासराय सरपतहा ,खुटहन के थानों समेत बाजार स्थित नुक्कड़ चौराहों पर स्थित चाय की दुकान पर बगैर सरकारी गाड़ी बगैर वर्दी के एक आम इंसान की तरह अचानक थाने पर पहुंचकर अपने साथ कार्य कर रहे पुलिस कर्मियों की जमीनी हकीकत जानने का प्रयास शुरु किया तो सर्किल के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वहीं नहीं श्री तोदी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न नुक्कड़ चौराहों पर भी रुक कर आम जनमानस बुजुर्ग नौजवानों से बगैर अपना परिचय बताए पुलिस कर्मियों पुलिस के व्यवहार के बारे में भी लोगों से जान रहे हैं और स्थानीय अपराधियों चोरों ठगों के बारे में भी जानकारी लिया जिसका फायदा पुलिस महकमे को मिला और सर्किल में एक सप्ताह के भीतर 5 इनामी बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस उपाधीक्षक शुभम तोदी के इस कार्रवाई को जनता खूब सराह रही है। वहीं अपराधियों में दहशत फैल गयी है बगैर किसी सरकारी तामझाम के इस तरह निकलने से विभाग के अधिकारी कर्मचारी के कार्यशैली में सुधार होता है और आम जनमानस से महकमे के प्रति फीडबैक मिलने के साथ स्थानीय दबंगों अपराधियों के द्वारा संचालित अपराध रोकने में सहायता मिलती है।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज पुलिस उपाधीक्षक शुभम तोदी को डीआईजी ने प्रशस्ति-पत्र दें सम्मानित किया छह माह में दर्जन भर से ज्यादा अपराधियो को मुठभेड़ में पकड़ने, कार्यालय के कायाकल्प कर रंगरुप बदलने, महज पांच घण्टे में खेतासराय के दोहरे हत्याकांड का अनावरण करने हेतु सम्मानित किया गया। घटनाओं के त्वरित अनावरण, जनता से बेहतरीन सम्वाद स्थापित कर जनसामान्य में अप्रतिम छवि रखने वाले सीओ शुभम तोदी को शुक्रवार को वाराणसी रेंज कार्यालय में डीआईजी रेंज वाराणसी अखिलेश चौरसिया द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि साईकिल से सादे वर्दी में गोपनीय रूप से घूम कर पुलिस के प्रति आम जनमानस की भावना जानने समेत पुलिस विभाग के थाना प्रभारी से लेकर सिपाही तक कि खबर रखने वाले सीओ की कार्यप्रणाली से अपराधियों में भंय व्याप्त हो गया और अपराधियों में पुलिस का भंय इस क़दर बढ़ा कि क्षेत्र छोड दिया है नहीं तो जेल में हैं।

# एड्स के बारे में जागरूकता जरूरी: प्रो. वंदना सिंह

- जांच शिविर में 152 मरीजों की गई जांच

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय, व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग एवं उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स रोकथाम दिवस के अवसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जो एक व्यक्ति के शरीर के रोगाणुओं के कारण होती है। यह बीमारी एक व्यक्ति के शरीर के रोगाणुओं के कारण उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देती है जिससे उसे अन्य रोगों से लड़ने की क्षमता नहीं रहती है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें इस बीमारी के खिलाफ लड़ना चाहिए और इसे रोकने के लिए सक्रिय रहना चाहिए। इस जांच शिविर में 152 मरीजों की जांच की गई और 100 अधिक लोगों को एड्स के बारे में जागरूक किया गया। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवकुमार ने लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। कहा हमें इस बीमारी के खिलाफ जंग जारी रखनी चाहिए ताकि हम इसे जल्द से जल्द खत्म कर सकें। साथ ही सभी पंजीकरण कराने वाले मरीजों की चेकअप कर दवा दी गई। शिविर में डॉ. ए.ए. जाफरी, डॉ. निशांत, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अंकित सिंह यादव, डॉ. उमेश सरोज, डॉ. सी.बी.एस. पटेल, डॉ. विनोद वर्मा, डॉ. हमजा अंसारी, डॉ पूनम सिंह यादव, डॉ. अजीत कुमार यादव आदि चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक बी.एन. सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. बी.डी शर्मा, डॉ सुनील कुमार, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, राजेर्द्प्रसाद सिंह, राजेश सिंह. राजनारायण सिंह, स्वतंत्र कुमार, जगदम्बा मिश्र आदि उपस्थित थे।

# इंटरनेट और मोबाइल उपभोक्ता हैं साइबर अपराधियों के निशाने पर: डॉ. दिग्विजय

- विश्वविद्यालय में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के साइबर क्लब द्वारा प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया भौतिकी संस्थान आर्यभट्ट सभागार में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है साइबर अपराधी नित नए तरीके अपना रहे है. इंटरनेट और मोबाइल का प्रयोग करने वाले सभी उपभोक्ता साइबर अपराधियों के निशाने पर रहते है. ऐसे में जागरूकता ही हमें बचा सकती है. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार साइबर अपराध से लोगों को सुरक्षित रखने विभिन्न स्तरों पर काम कर रही है. उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला हेल्प लाइन के माध्यम से भी साइबर सुरक्षा प्रदान करने का काम किया है. इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे है. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग सावधानी से करें. अपरिचितों से दोस्ती खतरे में डाल सकती है. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से हमारी जानकारी साइबर अपराधी जुटाते है और पूरी रणनीति के साथ अपने जाल में फसा लेते है. उन्होंने कहा कि बच्चों के मोबाइल फोन के प्रयोग की निगरानी करें. गेम के नाम भी बड़ी धोखाधड़ी की जा रही है. बैंकिंग और पेमेंट के एप्प पर अलग से पासवर्ड रखें. इसके साथ ही गूगल प्ले स्टोर पर कई ऐसे एप्लीकेशन है जिससे बच्चों के मोबाइल पर निगरानी रखी जा सकती है. उन्होंने हैकिंग, फिशिंग, फर्जी विज्ञापन, ऑनलाइन खरीदारी फ्राड, फ़ोन कॉल करके फ्राड आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी मानसिक और आर्थिक शोषण के साथ- साथ ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण भी कर रहे है. इनसे डरने की नहीं बल्कि लड़ने की जरुरत है. इस अवसर पर प्रो. बी बी तिवारी, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो वंदना राय, प्रो. ए. के. श्रीवास्तव, प्रो. संदीप सिंह, प्रो. बी. डी. शर्मा, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, डॉ मनोज मिश्र, डॉ रसिकेश, डॉ सुनील कुमार, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ अन्नू त्यागी समेत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मारपीट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



मांखी थाना क्षेत्र में चार दिन पहले दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में बीच बचाव के लिए पहुंचा अधेड़ गभींर रुप से घायल हो गया था। घायल को जिला अस्पताल से हैलट अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि परिजन उसे लखनऊ के निजी अस्पताल ले गए। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गयी। देर रात परिजन शव लेकर थाने पहुंचे। जिस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। माखी थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव निवासी सरवन पुत्र शिव बालक साथी दीपू के साथ सोमवार को परियर घाट से गंगा स्नान करके लौट रहा था। गांव निवासी मंगल की शटरिंग रास्ते में लगी थी और मजदूरों की साइकिलें खडी थी। निकलने के लिए सरवन साइकिल हटाने लगा इसी बात को लेकर मंगल परिजनों के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। बेटे को बचाने आया पिता शिव बालक के साथ भी मारपीट की जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हैटल अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन हैलट के बजाय लखनऊ के अस्पताल में इलाज करा रहे थे। बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक के परिजन शव लेकर माखी थाना पहुंच गए और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुमभ, शिवा, मीरा, राधिका के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर शिवा राधिका को गिरफ्तार कर लिया। इस सम्बंध में एसओ वीर बहादुर ने बताया कि मारपीट में घायल अधेड़ की मौत में चार लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना से मृतक के दो बेटे सरवन, अरपन, बेटी नीता, सुनीता, रीना व पत्नी शिव रानी आहत है।

## लोडर की टक्कर से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**गुरुवार हुए हादसे के बाद परिजन लखनऊ में करा रहे थे उपचार**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

असोहा थाना क्षेत्र के कांथा सोहरामऊ मार्ग पर घर से निकले मजदूर को लोडर ने टक्कर मार दी। घायल की उपचार के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने लोडर को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। असोहा थाना क्षेत्र के कांथा गांव के निवासी सर्वेश (42) पुत्र राम नरेश सिंह मजदूरी करने के लिए गुरुवार सुबह पैदल सोहरामऊ जा रहा था। तभी भल्लाफार्म -कांथा मार्ग से निकलने वाले कांथा सोहरामऊ मार्ग के मोड़ के पास सामने से आ रहे लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में सर्वेश सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उधर, चालक लोडर छोड़कर मौके से भाग निकला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को लखनऊ के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत नाजुक देख उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज से शुक्रवार सुबह ऑपरेशन के लिए लोहिया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सर्वेश की मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई है। हादसे के बाद पुलिस ने लोडर को कब्जे में लेकर थाना पर खड़ा कराया है। सर्वेश की मौत से पिता रामनरेश व भाई अखिलेश व राजकुंवर रो रोकर बेहाल हैं। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## शिवराजपुर में एनएचआई 34 पर डीसीएम डिवाइडर तोड़ पुल से नीचे गिरी, चालक की मौत



**एनएचआई अधिकारियों की घोर लापरवाही, पुल के पास नही लगाया एंगल और रेडियम रिफ्लेक्टर**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर अंतर्गत कस्बे से पहले भोर सुबह दुबियाना गांव के पास एनएचआई 34 पर कानपुर से कन्नौज जा रही डीसीएम चालक अंधे मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित हो गई और वह जब तक संभाल पाता तब तक डिवाइडर तोड़ते हुए पुल के नीचे जा गिरी वहीं पर दोनों पुलों के बीच में अगर मजबूत दीवार बनी होती तो उससे टकराकर डीसीएम हाईवे पर ही रुक जाती है और चालक की जान बच सकती थी ऐसे दर्जनों जगह हैं हाईवे पर जहां पर मोड की वजह से घटना होती बचती है डीसीएम अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरी जिससे डीसीएम चकनाचूर हो गई उसी के नीचे दबकर ड्राइवर की भी मौके पर ही मौत हो गई लोगों का कहना है की अंडर पास के ऊपर टीन शेड नही डाला गया है न ही रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए है जिसके कारण हादसे बढ़ते चले जा रहे है। शुक्रवार सुबह कानपुर की तरफ से कन्नौज की तरफ प्लास्टिक का सामान लादकर जा रही डीसीएम शिवराजपुर के एक दुग्ध कंपनी के पास ओवर ब्रिज समीप पहुंची थी तभी डीसीएम चालक रंजीत कुमार पुत्र सीताराम निवासी ग्राम अलमऊ जगन्नाथपुर थाना गोपीगंज जनपद संत रविदासनगर की मौत हो गई। कार्यवाहक थानाध्यक्ष शिवकरण ने बताया सूचना पर पहुंचकर हाइड्रा से मलवे को हटाकर ड्राइवर के शव को बाहर निकाला और प्रपत्रों के हिसाब से मलिक को सूचना दें और शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।

## जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की बिछिया इकाई ने किया धरना प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बिछिया/उन्नाव

ब्लॉक संसाधन केंद्र में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की बिछिया इकाई ने धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री व बीईओ बिछिया के द्वारा ज्ञापन प्रेषित किया है, जिसमें बताया गया है कि बेसिक शिक्षा में प्रयोग के नाम पर प्रदेश में लाखों शिक्षकों को प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। शिक्षकों को बेसिक शिक्षा परिषद नियमावली के विरुद्ध जाकर मनमाने आदेश व भय दिखा कर थोपने की कोशिश की जा रही है। परिषद के सदस्यों के अधिकारों को छीन लिया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद पिछले लगभग 5 वर्षों से अस्तित्व विहीन कर दिया गया है। वही विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में टैबलेट दिए गए उनमें सिम और डाटा उपलब्ध कराया गया परंतु महानिदेशक जबरदस्ती प्रदेश के बेसिक शिक्षा से अपनी आईडी से से निजी नाम से सिम वा डेटाबेस शिक्षकों के पैसे से खरीदने का दबाव बना रहे हैं। बेसिक शिक्षा सरकारी कार्य में अपना व्यक्तिगत वितरण देने हेतु बिल्कुल ही सहमत नहीं है। 10 नवंबर को पत्र जारी कर प्रदेश के सभी शिक्षकों को अपने निजी मोबाइल निजी सिम निजी नंबर निजी आईडी निजी डेटा से 8.45 से 9 बजे सुबह से ऑनलाइन देने के निर्देश दिए है।

## बाइक सवारों पर पलटा गेहूं बीज लदा ट्रक, दो की मौत







**सदर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर किशोरीखेडा के पास हुआ हादसा**

**आपस में साले बहनोई थे मृतक, मामा के घर लौट रहे थे वापस**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सदर कोतवाली क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर किशोरी खेड़ा के पास ओवरटेक करने के दौरान गेंहू बीज के बोरों से लदा ट्रक बाइक पर पलट गया। उसके नीचे दबकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने क्रेन के मदद से ट्रक से हटवा कर दोनों शवों को बाहर निकाला। शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा निवासी मोहित(22) पुत्र राकेश यादव अपने भाई के साले बृजेश(25) पुत्र रामनरेश यादव के साथ शहर के आवास विकास कालोनी निवासी मामा महेश के घर गुरुवार शाम आया था। शुक्रवार सुबह दोनों वापस बाइक से हरदोई जा रहे थे। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के किशोरीखेड़ा स्थित कृषि निदेशालय के निकट गेहूं बीच के बोरों से लदे ट्रक को ओवरटेक करते समय उससे टकरा गए। इसी बीच ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। दोनों बाइक सवार उसी के नीचे दब गए। जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर सदर कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। क्रेन की मदद से किसी तरह गेहूं के बोरों से लदे ट्रक को हटवाया जिसके बाद दोनों शवों को बाहर निकाला जा सका। शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर जानकारी दी और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर अन्य विधि करवाई शुरू कर दी है। मृतक बृजेश बोलरों चलाता था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत पर भाई ज्ञानेंद्र, विपिन, बहन कालिंदी के अलावा अन्य परिजन रो रोकर बेहाल हैं। मृतक मोहित तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बृजेश उसके बड़े भाई रोहित का साला था। उससे छोटा भाई सचिन, बहन पूजा समेत सभी परिजन बेहाल हैं। मोहित संडीला में एक शीतल पेय एजेंसी में काम करता था।


## चौबेपुर थाना क्षेत्र से दो को किया जिला बदर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पुलिस ने दो शातिर लोगों को थाना चौबेपुर क्षेत्र से तीन-तीन माह के लिए जिला बदर किया है, थाना चौबेपुर क्षेत्र से शैलेंद्र उर्फ मटोले वा जय सिंह यादव को जिलाबदर किया गया है, इन दोनों के विरुद्ध वर्ष 2021 में एससी एसटी का मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था हाल ही में बीट सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन्हें जिला बदर किया गया है अगर यह दोनों तीन माह के अंदर कभी भी जिले में दिखाई पड़ गए तो इनके खिलाफ फिर कार्रवाई हो सकती है।

## साढ़ में जंगली सुअरों का आतंक, किसान परेशान







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ क्षेत्र के नहर के किनारे जंगली सुअरों का आतंक चरम पर है जो जरा सा भी मौका पाते ही किसानों पर हमला बोल घायल कर देते है जिससे ग्रामीण शाम होने के बाद खेतो की ओर जाने से डरते है। शुक्रवार सुबह साढ़ क्षेत्र के महनीपुर निवासी बाबूराम 51 खेतो में खाद डालने गए थे जहा पीछे से पहुंचे सुअर ने यकायक हमला कर घायल कर दिया।किसान बाबूराम ने बताया की वह सुबह रामगंगा नहर के किनारे आलू के खेत में खाद डालने गए थे तभी पीछे से पहुंचे जंगली सुअर ने हमला बोलकर दाहिनी जांघ में गहरा घाव कर दिया शोरगुल सुन मौके पर किसानों के पहुंचने के पहले ही सुअर जंगल की ओर भाग गया।मौके पर पहुंचे परिजन अधेड़ को लेकर सीएचसी भीतरगांव पहुंचे जहा प्राथमिक उपचार कर अधेड़ को घर भेज दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नहर का किनारा होने के चलते जंगलों में जंगली सुअरो का आतंक व्याप्त है जो फसलों का नुकसान करने के साथ मौका मिलते ही किसानों पर भी हमला बोल देते है जिससे शाम होते ही किसान खेतो की ओर जाने से कतराते है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत पर जांच करने पहुंचे अधिकारी

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शंकरपुर गांव में रीबोर मामले को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर रीबोर के नाम पर रुपये निकालने का आरोप लगाया था। जिस पर तीन माह पहले जांच अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा, बिछिया ब्लॉक के जेई जांच करने पहुंचे। इस दौरान ग्राम प्रधान सर्वेश लोधी द्वारा कराये गये कार्यों की जमीनी हकीकत देखी। जहां टीम नया खेड़ा जूनियर और प्राइमरी स्कूल, कन्हवापुर मार्ग, गांव की गुड्डी, सुरेश के घर के पास लगे हैंडपंप की जांच की। जिसमें अधिकांश खराब मिले और कई पुराने हैंडपंप मिले। इस दौरान टीम ने प्रधान को फटकार लगाते हुये कहा कि कागजों में जिस स्थान पर हैंडपंप हैं, उन स्थानों पर हैंडपंप नहीं मिले। तीन माह बीत जाने के बाद भी ग्राम प्रधान पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिस पर शुक्रवार को एक बार दोबारा गांव के रफीक, हरीशंकर अवस्थी ने ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

### मेले में लगी घरेलू सामग्री खरीदने वालों की भीड़

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के दौरान रेलवे पुल के नीचे मेले का आयोजन हुआ था। जो एक सप्ताह तक बराबर चलेगा। कार्तिक पूर्णिमा के दिन मेले में भारी भीड़ रही। वहीं दूसरे दिन खिचड़ी मेला के बाद से लगातार मेले में भीड़ देखने को मिल रही है। शुक्रवार के दिन मेले में लगी घरेलू सामग्री खरीदने की दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिली। दोपहर के बाद नगर व आस पास क्षेत्रों से लोग मेले में पहुंचे। जहां सभी ने अपने पसंद की सामान खरीदी। इसके साथ ही सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों में महिलाओं की भीड़ रही। सुबह से शाम तक मेले में रेला से माहौल रहा, बच्चे मेले में छोटा झूला, बड़ा झूला, घोड़ा, हाथी झूले का आनंद लेते रहे। वहीं महिलाएं चाट व गोलगप्पा खाती नजर आई। महिलाओं को इस समय महिलाएं चकवा, बेलन, घर गृहस्थी की सामान खरीदारी करते हुये नजर आई। जिससे मेले में रौनक देखने को मिली।

### एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक लगा जाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे ट्रेनें निकलने के कारण क्रासिंग बंद रही। जिस कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। क्षतिग्रस्त मार्ग और संकरे मार्ग के चलते जाम और भीषण हो गया। जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम को देख पीआरडी के जवान दौड़े और किसी तरह आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

### डी0एस0एम पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए फन पार्टी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शुक्रवार को राजधानी मार्ग स्थित डी0एस0एम पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए फन पार्टी और भेलपूरी पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया जिसमें आराध्या, अनन्या, यथार्थ, हंसिका, वैभव आदि ने अपना हुनर दिखाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रीता सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनको ठंड से बचने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं बच्चों ने विद्यालय में खूब धमाल मचाया। इसके साथ ही भेलपूरी पार्टी का भी बच्चों ने लुत्फ उठाया। इस मौके पर प्रबंधक अवनीश शुक्ला के अलावा स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### आज होगा समाधान दिवस का आयोजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि 02 दिसम्बर 2023 को प्रात:10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील हसनगंज उन्नाव में होगा, जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

## उत्तरीपुरा के बक्खूपुरवा गांव में 9 से दिन लापता युवक का शव तालाब में उतराता मिला





**जेब में मिली एमएसटी से हुई शव की पहचान**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर थाना क्षेत्र उत्तरीपूरा चौकी अंतर्गत शुक्रवार सुबह तालाब में एक युवक का शव उतराता मिला था। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस द्वारा मृतक की जेब से मिली एमएसटी के द्वारा शव की पहचान कर ली गई। लोगों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जाहिर की।मौके पर पहुंची डाग स्क्वायड को कोई सफलता नहीं मिल सकी। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। बिल्हौर थाना क्षेत्र के मान निवादा गांव निवासी 32 वर्षीय अविवाहित युवक नवनीत दुबे उर्फ नीतू पुत्र श्यामा चरण द्विवेदी मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। वह मजदूरी के लिए प्रतिदिन की भांति बीते 23 नवंबर की सुबह भी कानपुर जाने के लिए निकला था लेकिन शाम को घर वापस नहीं लौटा। तलाश में जुटे चिंतित परिजनों ने 25 नवंबर को थाने पहुंचकर युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई थी और तब से पुलिस युवक की तलाश कर रही थी।

### एक सप्ताह बाद तालाब में मिला शव

उत्तरीपूरा रेलवे स्टेशन के निकट बक्खू पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह तालाब में युवक शव उतराता देखा गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया था और उसकी तलाशी ली थी लेकिन कुछ भी हांथ नहीं लग सका था। शव की पहचान करने के प्रयास में जुटी पुलिस की सूचना पर फारेंसिक टीम और डाग स्क्रायड भी मौके पर पहुंच गई। शव एक बार और ली गई तलाशी में युवक की जेब से मिली एमएसटी के आधार पर युवक की पहचान की गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मौके पर पहुंचकर इसकी पुष्टि की। डाग स्क्रायड को मौके पर कोई सफलता नहीं मिल सकी। वहीं फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए।

### परिजनों ने जाहिर की हत्या की आशंका

तालाब में मिले चार से पांच दिन पुराने युवक के शव को देख कर परिजनों व ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जाहिर की। किंतु परिजनों की तरफ से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। डीसीपी विजय ढुल के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। बिल्हौर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचकर गहन छानबीन की लेकिन अभी इसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज सतीश यादव टीम के साथ अपना काम शुरू कर दिया है जल्द खुलासा होगा।

## फूलन देवी, लालाराम जैसे डाकुओं को समर्पण के लिए मजबूर करने वाले पंडित केशव प्रसाद मिश्र का निधन

**राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा के कार्यालय में हुई शोकसभा**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



पुलिस विभाग में ऐसे गिने-चुने अफसर ही होंगे जो सेवाकाल के दौरान अपने कार्यों से पब्लिक के दिलों में जगह बना लें। ऐसे ही थे रिटायर्ड डीएसपी पंडित केशव प्रसाद मिश्र। श्री मिश्र का 27 नवंबर को वाराणसी के अस्पताल में निधन हो गया। यह खबर मिलते ही कानपुर भी जैसे शोक में डूब गया। उनके समय के लोग उनके कामों को याद कर-करके दुख जता रहे हैं। शुक्रवार को राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा के कार्यालय में हुई शोक सभा में महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक भूपेश अवस्थी, प्रेस क्लब कानपुर के अध्यक्ष सरस बाजपेयी, केशव प्रसाद के पुत्र अजीत मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा पंकज दीक्षित, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी संजीव मिश्रा, राष्ट्रीय सलाहकार रजनीश तिवारी, कोषाध्यक्ष नीरज दीक्षित, मन्नू दीक्षित, आकाश शर्मा, अनुराग पांडेय, अखिलेश शुक्ला, कानपुर विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, अमित, राजीव जैन आदि ने मिश्र से जुड़े संस्मरण सुनाकर उनकी यादें ताजा कीं। भूपेश अवस्थी ने बताया कि 1992 से लेकर 1999 तक कानपुर के विभिन्न थानों में बतौर सीओ तैनात रहे मिश्र जी की गिनती कर्मठ, ईमानदार और जुझारू पुलिस अफसरों में होती थी। विवादित स्थान पर बना जूही थाना उनके कार्यकाल में ही खाली कराया गया था। बेहमई नरसंहार के बाद फूलन देवी, लालाराम आदि पूर्व दस्युओं ने घेराबंदी के दौरान मिश्र जी के आगे ही हथियार डाले थे। मिश्र जी के पुत्र अजीत मिश्रा ने बाताया कि मगरासा कांड का खुलासा भी उन्होंने ही किया था।

### आज होगा आई एम ए प्रीमीयर लीग का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। इतिहास में पहली बार दिन/रात टेनिस बाल से होने वाली आईएमए कानपुर क्रिकेट प्रीमियम लीग के विषय पर एक पत्रकार वार्ता आईएमए हाल परेड में आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता को आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ कुनाल सहाय, उपाध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरोत्रा, क्रीडा सचिव डॉ पीयूष मिश्रा एवं डॉ संजय गुप्ता संयुक्त क्रीडा सचिव एवं ऑर्गनाइजिंग चेयरमेन ने संबोधित किया। आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ नंदिनी रस्तोगी ने आए हुए सभी पत्रकार बंधुओ का स्वागत किया और बताया कि आईएमए कानपुर द्वारा पहली बार आईएमए कानपुर क्रिकेट प्रीमियम लीग 2023 का आयोजन किया गया है। यह मैच दिन रात्रि के होगे इस प्रीमियर लीग का उद्घाटन 2 दिसंबर को सांय 6:30 बजे हमारे मुख्य अतिथि विशाख जी अय्यर, जिलाधिकारी, कानपुर नगर द्वारा किया जायेगा तथा प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन 3 दिसम्बर को हमारे मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल सीएमडी रिमझिम इस्पात के कर कमलों द्वारा किया जायेगा।आईएमए कानपुर के सचिव डॉ कुनाल सहाय ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईएमए के सदस्यों और परिवार जनों के हेतु आयोजित किया गया है। इस टूर्नामेंट में आईएमए कानपुर के सदस्य व उनके परिवार जन भाग लेगे। इन टीमों में पुरुष एवं महिला दोनो की ही भागीदारी होगी।

# इजराइल-हमास में सीजफायर के बाद फिर छिड़ी जंग, 32 की मौत

## इजराइली शहरों पर इस्लामिक जिहाद का हमला, 2 हाईवे बंद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इजराइल-हमास के बीच हफ्तेभर के सीजफायर के बाद फिर जंग शुरू हो गई है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक गाजा में आईडीएफ ने बमबारी शुरू कर दी है। वहीं इजराइल के होलित इलाके में रॉकेट अलर्ट जारी किया गया है। आईडीएफ ने हमास पर सीजफायर का उल्लंघन करने के आरोप लगाए हैं। कतरी मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक कई इजराइली शहरों पर सुबह इस्लामिक जिहाद के मिलिट्री विंग अल-कुद्स ने हमला कर दिया। इजराइल ने अटैक के चलते उत्तरी इजराइल में 2 हाईवे बंद कर दिए हैं। साथ ही बॉर्डर वाले इलाकों में खेती के काम पर भी रोक लगा दी गई है।





### हमास ने बच्चों के पैर मोटरसाइकिल के एग्जॉस्ट से जलाए

हमास की कैद से रिहा किए गए बच्चों ने दावा किया है कि आतंकियों ने उनकी पहचान करने के लिए उनके पैर जलाए। इसके लिए मोटरसाइकिल के एग्जॉस्ट का इस्तेमाल किया गया। सभी बच्चों को मोटरसाइकिल पर बैठाया और उनके पैर जलते हुए एग्जॉस्ट पर रखे गए। इजराइली मीडिया हाउस यरूशलम पोस्ट के मुताबिक 12 साल के यागिल और 16 साल के याकोव ने रिहाई के बाद ये बातें अपने परिवार वालों को बताई। उनके अंकल यानिव ने ये भी बताया की हमास ने ड्रग्स का इस्तेमाल कर उन्हें बार-बार एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री ने दोनों बच्चों की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की हैं। उन्होंने लिखा की हमास के लड़ाके राक्षस हैं उन्हें खत्म करना ही होगा।

### हमास ने 21 साल की मिया को आजाद किया

हमास ने सीजफायर के 7वें दिन 21 साल की मिया स्कीम को आजाद किया। मिया वही बंधक है जिसके इलाज का वीडियो हमास ने 17 अक्टूबर को जारी किया था। हमास ने वीडियो जारी करते हुए कहा था कि विदेशी नागरिक हमारे मेहमान हैं। सभी बंधकों का ध्यान रखा जा रहा है। हालात सुधरने पर हम इन्हें रिहा कर देंगे। मिया के पास फ्रांस और इजराइल दोनों देशों की नागरिक है।

### रातभर चली रेड में 23 फिलिस्तीनी गिरफ्तार

इजराइली सेना हमास के खात्मे के लिए वेस्ट बैंक में रेड कर रही है। यहां रातभर में 23 फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 10 हमास के आतंकी हैं। 7 अक्टूबर के बाद से अब तक वेस्ट बैंक में रह रहे 2100 से ज्यादा फिलिस्तीनियों के गिरफ्तार किया जा चुका है। सेना का कहना है कि इन लोगों के पास से हथियार बरामद हुए थे।

### सीजफायर के बीच 1,132 ट्रक मदद लेकर गाजा पहुंचे

24 नवंबर को शुरू हुए सीजफायर के बीच गाजा में 1.132 ट्रक मदद लेकर गाजा पहुंचे हैं। यह जानकारी फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने दी। पीआरसीएस के मुताबिक, सीजपायर के दौरान हर दिन जरूरत का सामान लिए 220 ट्रकों ने गाजा में एंट्री ली। जंग के पहले यहां 500 ट्रक मदद लेकर पहुंचते थे। वहीं, मदद पहुंचाने वाली कई एजेंसी का कहना है कि गाजा में हर दिन 200 से ज्यादा ट्रक मदद लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन ये मदद वहां रह रहे लोगों के लिए काफी नहीं है।

### सीजफायर के आखिरी दिन 8 इजराइली रिहा

इजराइली सेना ने गाजा के लोगों को खान यूनिस इलाके को खाली करने का आदेश भी दिया है। इसके लिए अरबी भाषा में लिखे पर्चे गिराए गए हैं। वहीं, हमास ने कहा है कि इजराइल ने सुबह राफा के पास बमबारी की। इसमें दर्जनों फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। बीबीसी के मुताबिक सीजफायर के 3 घंटे के भीतर 32 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इधर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास और बंधकों को नहीं छोड़ना चाहता था। इस वजह से सीजफायर को आगे नहीं बढ़ाया जा सका। हमास ने सभी महिलाओं को भी रिहा नहीं किया और इजराइल पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए। 7 अक्टूबर को शुरू हुई जंग में इजराइल के 1200 जबकि गाजा में 14 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। सीजफायर खत्म होने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल से रवाना हो गए। 7 दिन की सीजफायर में हमास ने 110 इजराइलियों को रिहा किया है। सीजफायर के आखिरी दिन 8 इजराइली बंधकों को आजाद किया गया। इनमें से 2 महिलाएं गुरुवार दोपहर में ही रिहा कर दी गई थीं। 6 बंधकों को शाम को रिहा किया गया। बदले में इजराइल ने 30 फिलिस्तीनियों को रिहा किया। इनमें 22 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं।

# बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

## स्कूलों को एक साथ ई-मेल भेजा, बच्चे निकाले गए, डिप्टी सीएम बोले, यह अफवाह थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

कर्नाटक में बेंगलुरु के 48 प्राइवेट स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी शुक्रवार 1 दिसंबर को ई-मेल के जरिए दी गई। सभी स्कूलों को एक साथ ई-मेल आया, जिसमें दावा किया गया कि स्कूलों के अंदर बम रखे गए हैं। स्कूल प्रशासन ने पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस ने स्कूलों से स्टूडेंट्स और स्टाफ को बाहर निकाला और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। मौके पर बम डिफ्यूजल स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और एंटी सैबोटाज टीम भी पहुंची। बम की सूचना पर पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों को लेने आ गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने ई-मेल को अफवाह बताया। उन्होंने कहा- घबराने की जरूरत नहीं है। हम 24 घंटे में आरोपियों को पकड़ लेंगे। पुलिस ने बताया कि सर्च ऑपरेशन लगभग खत्म हो चुका है। अब तक किसी भी स्कूल से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। इस मामले में एफआईआर दर्ज की जाएगी।



### डिप्टी सीएम बोले, 24 घंटे में पकड़े जाएंगे आरोपी

बम की सूचना पर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार एक स्कूल पहुंचे, जहां ई-मेल आया था। उन्होंने कहा- मैंने टीवी पर स्कूलों में बम की खबर देखी तो घबरा गया। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें कुछ मेरे घर के पास हैं। पुलिस ने मुझे ई-मेल दिखाया है। यह फर्जी है। कुछ शरारती तत्वों ने ऐसा किया होगा। साइबर क्राइम पुलिस सक्रिय है। हम उन्हें पकड़ लेंगे। चिंता की कोई बात नहीं है, लेकिन हमें सतर्क रहना चाहिए। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं पुलिस ने बताया कि 8 अप्रैल 2022 में बेंगलुरु के सात स्कूलों को इसी तरह बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, लेकिन यह सिर्फ अफवाह निकली।

### हम कोई जोखिम नहीं ले सकते: जी परमेश्वर

इससे पहले मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा कि फिलहाल हमें 15 स्कूलों के बारे में जानकारी मिली है, जहां धमकी भरे ई-मेल आए हैं। पिछले साल भी ऐसी धमकियां मिली थीं। हम कोई जोखिम नहीं ले सकते, हम स्कूलों की जांच कर रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं। स्कूलों में सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। हम धमकी भरे कॉल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। हम सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं।

### दिल्ली में इस साल 4 स्कूलों को धमकी मिली


दिल्ली में इस साल अब तक चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। 16 मई को दिल्ली के साकेत में एक स्कूल को बम की धमकी से जुड़ा एक ई-मेल मिला था। इससे पहले 12 मई को दिल्ली के सादिक नगर के इंडियन पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह भी स्कूल के ई-मेल पर आई थी। इसके बाद 25 अप्रैल को दिल्ली-मथुरा रोड पर स्थित डीपीएस स्कूल में ई-मेल के जरिए बम रखने की धमकी मिली थी। 12 अप्रैल को दिल्ली के सादिक नगर में द इंडियन स्कूल को भी एक धमकी भरा ई-मेल मिला। ये सभी धमकियां अफवाह साबित हुईं।

### पेरेंट्स घबराए

पुलिस ने कहा कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि यह एक फर्जी संदेश है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को घबराने की जरूरत नहीं है और पुलिस दल मौके पर तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि पिछले साल भी कुछ शरारती तत्वों ने बेंगलुरु के विद्यालयों में बम होने का दावा करते हुए इसी प्रकार के ईमेल भेजे थे, जो बाद में एक अफवाह साबित हुए।

### डीके शिवकुमार पहुंचे स्कूल

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने उन विद्यालयों में से एक स्कूल का दौरा किया जहां बम होने का दावा किया गया है। उन्होंने स्कूल और पुलिस से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा, टीवी पर समाचार देखकर मैं थोड़ा परेशान हो गया था, क्योंकि कुछ ऐसे विद्यालयों का जिक्र किया गया है जिन्हें मैं जानता हूं और जो मेरे घर के पास हैं, इसलिए मैं स्थिति का पता लगाने बाहर गया। पुलिस ने मुझे मेल दिखाया है। प्रथम दृष्टया यह फर्जी प्रतीत हो रहा है। मैंने पुलिस से बात की... लेकिन हमें सतर्क रहना चाहिए। माता-पिता चिंतित हैं, लेकिन चिंता करने की जरूरत नहीं है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।




## 730 दिन में पाकिस्तान-बांग्लादेश सीमा पर नहीं बचेगा कोई छिद्र, बॉर्डर होंगे सौ फीसदी सुरक्षित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पिछले 10 वर्षों में सीमाओं पर लगभग 560 किलोमीटर बाड़ लगाकर घुसपैठ और स्मगलिंग पर लगाम कसने का काम किया गया है। अगले दो साल में पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा को पूरी तरह से बाड़ लगाकर सुरक्षित कर लिया जाएगा। सीमा पर 1100 किलोमीटर क्षेत्र में फ्लड लाइट्स लगाई गई हैं। 542 नए बॉर्डर आउटपोस्ट और 510 ऑब्जरवेशन पोस्ट टावर बनाए गए हैं। पहली बार हरामी नाला क्षेत्र में ऑब्जरवेशन टावर बनाए गए हैं। 637 आउटपोस्ट पर बिजली और लगभग 500 स्थानों पर पानी कनेक्शन दिए गए हैं। इसके अलावा 472 जगह पर सोलर प्लांट लगाकर सीमा की सुरक्षा करने वाले जवानों की सहूलियत को सुनिश्चित किया गया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग में सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए यह बात कही है।

## नागार्जुन सागर बांध: आंध्र प्रदेश-तेलंगाना में रार, आंध्र पुलिस के खिलाफ तेलंगाना पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नागार्जुन सागर बांध पर कब्जे को लेकर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच तकरार बढ़ गई है। गुरुवार को आंध्र प्रदेश के 400 से अधिक पुलिस कर्मियों ने नागार्जुन सागर बांध को कब्जे में ले लिया। बांध के पानी को लेकर छिड़ी जंग में शुक्रवार को नया मोड़ तब आया जब तेलंगाना पुलिस ने आंध्र प्रदेश पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। तेलंगाना पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि तेलंगाना के नलगोंडा जिले में आंध्र प्रदेश पुलिस के खिलाफ नागार्जुन सागर बांध के आधे हिस्से पर नियंत्रण करने और इसके एक हिस्से पर बैरिकेडिंग करने, तेलंगाना पुलिस और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के प्रवेश करने पर रोक लगाने के बाद दो मामले दर्ज किए हैं। तेलंगाना पुलिस ने मुताबिक कि आंध्र पुलिस के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों को अनुचित रूप से रोकने के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। 30 नवंबर को सुबह मतदान शुरु होने से करीब 8-10 घंटे पहले आंध्र प्रदेश से पुलिस बलों की एक बड़ी टुकड़ी ने लगभग नलगोंडा जिले के नागार्जुन सागर बंध पर घुसपैठ की। यहां तक कि वहां मौजूद सुरक्षा में लगे तेलंगाना के विशेष सुरक्षा बल को एक तरफ धकेल दिया। इसके बाद आंध्र पुलिस ने बांध के आधे हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। वहीं तेलंगाना पुलिस ने कहा कि आंध्र प्रदेश के कृषि विभाग ने अवैध रूप से बांध से पानी निकालना शुरू कर दिया है। तेलंगाना के सिंचाई विभाग और विशेष सुरक्षा बल की तरफ से आंध्र प्रदेश की पुलिस, सिंचाई विभाग के खिलाफ दो केस दर्ज किए गए है। पूरे मामले पर तेलंगाना के अधिकारियों ने कहा कि नागार्जुन बांध कृष्णा नदी और तेलंगाना की जमीन पर बना है, जिस परह तेलंगाना का अधिकार है। आंध्र प्रदेश पुलिस ने बांध पर कब्जा कर लिया है।

# प्रधानमंत्री की मौजूदगी में लीडआईटी 2.0 लॉन्च

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया है। सीओपी28 वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट में ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम के दौरान पीएम मोदी ने ग्रीन क्रेडिट पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन, मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप जैसिंटो न्यूसी और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के साथ दुबई सीओपी28 के दौरान ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम का वेब पोर्टल- लीडआईटी 2.0 लॉन्च किया। सीओपी 28 वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, संयुक्त अरब अमीरात और भारत के संबंध काफी मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन जैसी परेशानी से निपटने के लिए काफी सक्रियता से काम करने की जरूरत है। उच्च स्तरीय कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, जिस तरह हम जीवन में अपने हेल्थ कार्ड को महत्व देते हैं, उसी तरह हमें पर्यावरण के संदर्भ में भी सोचना शुरू करना होगा। उन्होंने कहा, हमें देखना होगा कि पृथ्वी के स्वास्थ्य कार्ड में सकारात्मक बिंदु जोड़ने के लिए क्या किया जाना चाहिए? प्रधानमंत्री के अनुसार, मुझे लगता है कि ग्रीन क्रेडिट यही है। लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजशिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्बन उत्सर्जन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम एक साझा प्रतिबद्धता - ग्लोबल नेट जीरो से जुड़े हुए हैं। नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए, सरकार और उद्योग की साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने औद्योगिक नवाचार को भी जरूरी करार दिया। पीएम मोदी ने कहा, धरती के सुरक्षित भविष्य के लिए, लीडआईटी सरकारों और उद्योग के बीच इस साझेदारी का एक सफल उदाहरण है। उन्होंने कहा, लीडआईटी 2019 में शुरू हुआ था। अब हमारा साझा प्रयास कम कार्बन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का है। उन्होंने कहा कि उद्योग परिवर्तन को बढ़ावा के साथ-साथ इनोवेशन को भी गति देने का प्रयास किया जा रहा है। इसका मकसद ग्लोबल साउथ को जल्दी और आसानी से क्लाइमेट चेंज की परेशानी से निजात दिलाना है।



### भारत लीडआईटी में एक नया अध्याय जोड़ रहा

लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांज़िशन (लीडआईटी) सीओपी28 वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट के तहत हो रहे तमाम आयोजनों का एक हिस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, आज 18 देश और 20 कंपनियां इससे जुड़े हैं। उन्होंने भारत की अध्यक्षता में जी20 देशों के सम्मेलन के दौरान सर्कुलरिटी रणनीतियों के तहत वैश्विक सहयोग पर जोर दिए जाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, इससे आगे भारत लीड आईटी में एक नया अध्याय जोड़ रहा है। हम लीड आईटी 2.0 लॉन्च कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)